नई दिल्ली
गुरुवार, 7 अगस्त 2025
श्रावण मास शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी वर्ष : 29, अंक : 114
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 35
न्यून. 29

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

## स्वतंत्रता दिवस समारोह के अतिथियों के निमंत्रण कार्ड पर होगा 'ऑपरेशन सिंदूर का लोगो'

# लालकिले पर आजादी की 79वीं वर्षगांठ के जश्न में छाया रहेगा 'ऑपरेशन सिंदूर'

कविता जोशी ▶▶ नई दिल्ली

अलग खबर

अगले सप्ताह 15 अगस्त को लालकिले पर मनाई जाने वाली आजादी की 79वीं वर्षगांठ का जश्न बाकी के सालों की तुलना में काफी अलग होने वाला है। क्योंकि 2025 के शुरुआती महीनों में ही भारत ने दशकों से उसकी जमीन पर आतंकवाद का खूनी खेल खेलने वाले पाकिस्तान को सशस्त्र सेनाओं के ऑपरेशन सिंदूर नामक विशेष अभियान के जरिए चारों खाने चित कर दिया है। जिसे देखते हुए सरकार ने यह निर्णय लिया है कि इस बार 15 अगस्त के स्वतंत्रता दिवस समारोह में देश के इस महत्वपूर्ण अभियान से जुड़े सैन्य पराक्रम की अमिट छाप पड़नी चाहिए। इसी के मद्देनजर जश्न-ए-आजादी के लालकिले पर प्रत्यक्ष रूप से गवाह बनने वाले ▶▶ शेष पेज 5 पर




### इन 30 श्रेणियों से होंगे विशेष अतिथि

*लाल किले पर समारोह का हिस्सा बनने के लिए 30 श्रेणियों में कुल 4 हजार 852 विशेष अतिथियों को आमंत्रित किया गया है। इनमें स्पेशल ओलंपिक-25 का भारत का दस्ता, खेला इंडिया पैरा गेम्स के स्वर्ण पदक विजेता, इंटरनेशनल स्पोर्ट्स इवेंट के विजेता, इंटरनेशनल योग दिवस के वॉलिंटियर और इंस्ट्रक्टर, मेडिसिनल प्लांट्स योजना के तहत बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले किसान, ओडीएफ प्लस विलेज के बेहतरीन सरपंच, केच द रेन अभियान के शानदार प्रदर्शन करने वाले सरपंच, पीएम युवा योजना के तहत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले युवा लेखक, स्वच्छता कैंपेन में अच्छा प्रदर्शन करने वाले 50 स्वच्छता वर्कर, आंगनबाड़ी कर्मी, हेल्पर, सुपरवाइजर, बाल कल्याण संस्थान और मिशन शक्ति के प्रोजेक्ट अधिकारी मुख्य रूप से शामिल हैं। इसके अलावा केंद्र के माई गॉव प्लेटफार्म द्वारा आयोजित किए गए विभिन्न अभियानों के करीब 900 विजेता भी स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल होंगे।*

## इसी महीने के अंत में 29 अगस्त को हो सकता है पीएम के इस दौरे का आगाज

# जापान से होते हुए चीन की यात्रा करेंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी!

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



दुनिया के कुछ भागों में जारी युद्ध और ट्रंप की टैरिफ की चुनौती के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसी अगस्त महीने में जापान और चीन जैसे दो महत्वपूर्ण देशों की एक साथ यात्रा कर सकते हैं। जिसका पहला पड़ाव जापान होगा। जहां पीएम अपने जापानी समकक्ष और प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा के साथ वार्षिक शिखर सम्मेलन से जुड़े संवाद में भागीदारी करेंगे। इसके बाद जापान के रास्ते से ही प्रधानमंत्री चीन जाएंगे। जहां पर वह तियानजिन शहर में आयोजित किए जा रहे शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के वार्षिक शिखर सम्मेलन में भारत का नेतृत्व कर सकते हैं। मामले से परिचित लोगों ने बुधवार को यह जानकारी दी है। ▶▶ शेष पेज 5 पर


### एलएसी विवाद के बाद पहली चीन यात्रा

*अगर प्रधानमंत्री जापान से होते हुए चीन का दौरा करते हैं तो यह उनकी 2020 में पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर भारत के ड्रैगन के साथ हुए सैन्य विवाद की समाप्ति के बाद की जाने वाली पहली यात्रा होगी। इस बार चीन की मेजबानी में एससीओ शिखर सम्मेलन संभवतः 31 अगस्त से 1 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा। वहीं, अभी पीएम की दोनों देशों की इस यात्रा को लेकर सरकार की तरफ से आधिकारिक रूप से कोई जानकारी नहीं दी गई है। लेकिन आगामी समय में इसकी घोषणा की जा सकती है।*

## रूस से तेल खरीद पर नाराजगी को लेकर लिए गए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फैसले के बीच रूस दौरे पर एनएसए डोभाल

# ट्रंप ने सच साबित कर दी अपनी चेतावनी भारत पर लगाया 25 फीसदी और टैरिफ

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



इसके साथ ही अब देश पर लागू होगा कुल 50 फीसदी अमेरिकी टैरिफ

यूक्रेन युद्ध के बीच रूस से की जा रही कच्चे तेल की खरीद के मामले पर गुस्से से तमतमाए अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर के जरिए भारत पर 25 फीसदी और टैरिफ लगाने की घोषणा की है। इसी के साथ अब अमेरिका द्वारा भारत पर लगाया गया कुल टैरिफ 50 फीसदी हो गया है। जिसमें से 25 फीसदी आज, गुरुवार (7 अगस्त) से लागू हो जाएगा और बाकी 25 फीसदी को अमेरिका की तरफ से आगामी करीब 21 दिनों में लागू किया जाएगा। यहां बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने बीते मंगलवार को ही रूस से तेल खरीद को लेकर भारत के प्रति अपने रुख में और अधिक सख्ती लाते हुए चेतावनी भरे लहजे में कहा था कि वो अगले 24 घंटे में उस पर (भारत) लगाए जाने वाले टैरिफ में भारी वृद्धि करेंगे। उनका 6 अगस्त का ये हस्ताक्षरित आदेश इसी चेतावनी के तथ्य की साफतौर पर पुष्टि करता हुआ नजर आ रहा है। ट्रंप ने पिछले महीने 30 जुलाई को भारत पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने की घोषणा की थी। जिसे शुरुआत में 1 अगस्त से क्रियान्वित किया जाना ▶▶ शेष पेज 5 पर

### कई बार की भारत को घेरने की कोशिश

*यह पहला मौका नहीं है जब अमेरिका के राष्ट्रपति ने रूस से चल रही भारत की तेल की खरीद को लेकर उसे कटघरे में खड़ा करने की कोशिश की है। पहले वो भारत और रूस की समय की हर कसौटी पर खरी उतरी प्राचीन परंपरागत दोस्ती पर बेहद नकारात्मक टिप्पणी करते हुए कह चुके हैं कि दोनों देशों के रिश्ते से उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता है। अगर भारत और रूस चाहें तो अपनी मृतप्रायः अर्थव्यवस्थाओं को लेकर एक साथ डूब सकते हैं। इसके अलावा उन्होंने भारत पर युक्रेन युद्ध में रूस द्वारा मारे जा रहे लोगों के प्रति संवेदनहीनता का आरोप लगाते हुए कहा कि वो रूस की युद्ध मशीनरी को बढ़ावा देने में तेल की खरीद से सहायता प्रदान कर रहा है। उनका ये भी कहना है कि भारत यूक्रेन युद्ध के बीच रूस से सस्ते दाम पर तेल खरीदकर उसके एक बड़े भाग को वैश्विक बाजारों में बेचकर मुनाफा भी कमाने में लगा हुआ है। जो किसी भी लिहाज से उचित नहीं है।*

**ट्रंप के 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ पर भारत की दो टूक**

### अमेरिकी राष्ट्रपति का निर्णय अनुचित और अविवेकपूर्ण है, भारत अपने राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा के लिए उठाएगा सभी जरूरी कदम

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर लगाए गए 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ के मामले पर बुधवार को भारत ने बेहद कड़े अंदाज में अपनी प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि बीते कुछ दिनों से संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएसए) भारत द्वारा रूस से की जा रही तेल की खरीद को लेकर उस पर निशाना साध रहा है। इस संबंध में उसका भारत पर 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगाने का निर्णय पूरी तरह से गलत, अनुचित और अविवेकपूर्ण है। भारत अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएगा। उन्होंने अमेरिका द्वारा चुने गए अतिरिक्त टैरिफ के फैसले को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कहा कि भारत ने जो कदम उठाए हैं। वैसे ही कदम कई दूसरे देश भी अपने राष्ट्रीय हित में उठा रहे हैं।

**बाजार कारकों पर निर्भर आयात :** रणधीर ने ये भी कहा कि मामले पर हम पहले ही अपनी स्थिति साफ कर चुके हैं। जिसमें ▶▶ शेष पेज 5 पर

## परीक्षा पे चर्चा 'गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड' में शामिल

# पीएम के कार्यक्रम को 21 करोड़ से अधिक लोगों ने टीवी पर देखा

3.53 करोड़ से ज्यादा छात्रों ने किया रजिस्ट्रेशन




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बहुचर्चित और छात्रों के बीच बेहद लोकप्रिय कार्यक्रम 'परीक्षा पे चर्चा' (पीपीसी) ने इतिहास रच दिया है। इस कार्यक्रम अब एक विश्व रिकॉर्ड बन चुका है। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने यह जानकारी दी कि परीक्षा पे चर्चा को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज कर लिया गया है। इस वर्ष के आयोजन में 3.53 करोड़ से ज्यादा छात्रों ने रजिस्ट्रेशन किया, और 21 करोड़ से अधिक लोगों ने इसे टेलीविजन पर देखा। प्रधान ने कहा कि यह व्यक्तिगत संतोष और गौरव की बात है कि मैंने यह प्रमाणपत्र अश्विनी वैष्णव और जितिन प्रसाद के साथ स्वीकार किया। 2018 में शुरू हुए इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को परीक्षा के तनाव से मुक्त करना, उन्हें आत्मविश्वास देना और शिक्षकों और अभिभावकों को यह समझाना है कि बच्चों को केवल अंक की दौड़ में मत झोंको, बल्कि उनके सपनों में सहभागी बनो।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

**खबर संक्षेप**


### अधेड़ पत्नी की हथौड़े से वार कर दी हत्या

**हरिभूमि न्यूज, नई दिल्ली।** दक्षिण जिले के नेब सराय इलाके में पति ने अपनी पत्नी की हथौड़े से वार कर हत्या कर दी। बुधवार शाम को यह मामला सामने आया। पुलिस ने शव को पंचनामे के बाद पोस्टमॉर्टम के लिये मोर्चरी भिजवाया है। आरोपी पति प्रमोद झा (60) वारदात के बाद से ही फरार है। पुलिस के अनुसार मृतक महिला का नाम किरण झा (55) है। वह मरीजों की देखभाल का काम करती थी और मूलरूप से बिहार की रहने वाली थी। शुरुआती तफ्तीश में पता चला कि आरोपी पति अपनी पत्नी को गांव ले जाना चाहता था लेकिन महिला गांव जाने को तैयार नहीं थी। महिला यहां अपनी बहू और पोती के साथ रह रही थी। बेटा दुर्गेश बिहार के दरभंगा में माइक्रो फाइनेंस कंपनी में काम करता है। बिहार जाने की बात को लेकर दोनों के बीच विवाद इस कदर बढ़ गया कि पति ने ▶▶ शेष पेज 5 पर

## रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं, 5.50 प्रतिशत पर स्थिर

# होम व कार लोन ईएमआई पर कोई असर नहीं विकास दर का अनुमान 6.5% पर बरकरार रखा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक आखिरकार बुधवार को अपनी तीन दिन तक चले विचार-विमर्श समाप्त होने के साथ, गवर्नर संजय मल्होत्रा ने सुबह 10 बजे प्रमुख ब्याज दर पर फैसला सुना दिया। मल्होत्रा ने चालू वित्त वर्ष की तीसरी द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा की और इसमें कोई परिवर्तन न करते हुए 5.50 प्रतिशत पर स्थिर रखा है। आरबीआई ने मौद्रिक नीति रुख को भी तटस्थ बनाए रखा है। इसका मतलब है कि केंद्रीय बैंक आर्थिक स्थिति के हिसाब से नीतिगत दर में समायोजन को लेकर लचीला बना रहेगा। रेपो वह ब्याज दर है, जिस पर वाणिज्यिक बैंक अपनी तात्कालिक जरूरतों को पूरा करने के लिए केंद्रीय बैंक से कर्ज लेते हैं। रेपो दर के यथावत रहने से घर, कार समेत अन्य खुदरा कर्ज पर ब्याज में बदलाव होने की संभावना नहीं है।

**महंगाई के अनुमानों को 3.7% से घटाकर 3.1% किया गया :** मल्होत्रा ने कहा कि वित्त वर्ष 2026 के लिए विकास दर का अनुमान 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा गया है। महंगाई पर बोलते हुए आरबीआई गवर्नर ने कहा कि ▶▶ शेष पेज 5 पर

# संसद में एसआईआर पर चर्चा नहीं तो सड़क पर निकलेंगे विपक्षी दल, 11 को निर्वाचन भवन तक मार्च की तैयारी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

इंडिया गठबंधन ने बिहार में मतदाता सूची की एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) प्रक्रिया के मुद्दे पर संसद में चर्चा की मांग दोहराते हुए 11 अगस्त को चुनाव आयोग तक मार्च निकालने का ऐलान किया है। विजय चौक पर पत्रकार वार्ता करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे समेत इंडिया गठबंधन के वरिष्ठ नेताओं ने चुनाव आयोग द्वारा चलाई जा रही इस प्रक्रिया को दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों, गरीबों, वंचितों, आदिवासियों, मनरेगा कर्मियों और प्रवासी मजदूरों के वोट काटे जाने की साजिश बताया। विपक्ष ने राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश के इस तर्क को खारिज कर दिया कि इस मुद्दे पर सदन में चर्चा नहीं हो सकती। मल्लिकार्जुन खरगे ने राज्यसभा के पूर्व सभापति जगदीप धनखड़ द्वारा 21 जुलाई, 2023 को दिए गए एक बयान का हवाला दिया, जिसमें उन्होंने कहा था कि सदन को दुनिया की किसी भी विषय पर बहस करने का अधिकार है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि सभी विपक्षी दल एकजुट होकर एसआईआर प्रक्रिया पर संसद में चर्चा चाहते हैं, लेकिन सरकार इसके किए तैयार नहीं है। उन्होंने विपक्ष की मांग दोहराई कि अन्य मुद्दों की तरह एसआईआर पर भी विपक्ष को अपनी बात कहने का अवसर मिलना चाहिए, ताकि मतदाता सूची ▶▶ शेष पेज 5 पर

## सीएम पुष्कर सिंह धामी ने प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया

## उत्तरकाशी में जलप्रलय के बाद मलबे के बीच जिंदगी की तलाश

# 225 से अधिक जवानों ने संभाला मोर्चा 2 चिनूक, 2 एमआई-17 हेलिकॉप्टर जुटे

एजेंसी ▶▶ उत्तरकाशी



बादल फटने के बाद धराली गांव और हर्षिल स्थित सेना के कैंप में आए मलबे में दूसरे दिन बुधवार को भी जिंदगियों को तलाशने का अभियान जारी रहा। सेना, आईटीबीपी और एसडीआरएफ की टीमें लगातार खोज और बचाव कार्य में जुटी रहीं। इस दौरान धराली के एक 32 वर्षीय युवक आकाश पंवार का शव मलबे से बरामद किया गया। हर्षिल में मलबे में फंसे 11 घायल जवानों को भी सुरक्षित बाहर निकाला गया। उन्हें हेलीकॉप्टर की मदद से जिला अस्पताल, आईटीबीपी अस्पताल और देहरादून भेजा गया। राहत व बचाव कार्य में 225 से अधिक सैन्यकर्मी, जिनमें पैदल सेना और इंजीनियरिंग टीमें शामिल हैं, खोज, बचाव और राहत कार्यों के लिए ज़मीन पर तैनात हैं। जिला प्रशासन के अनुसार अभी भी मलबे में धराली के 8 स्थानीय युवक, 2 नेपाली मूल के व्यक्ति और सेना के 10 जवान लापता हैं। उन्हें ढूंढने के लिए बचाव अभियान जारी है। राज्य सरकार की मांग पर केंद्र सरकार ने चंडीगढ़, सरसावा और आगरा से 02 चिनूक और 2 एमआई - 17 हेलिकॉप्टर, बुधवार तड़के ही जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर उपलब्ध करा दिए। सड़क यातायात बहाल करने के लिए चिनूक हेलिकॉप्टर से भारी मशीनरी भी पहुंचाई जा रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मौसम की चुनौतियों के बीच ग्राउंड जीरो पर पहुंचे और प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया। इसके साथ ही उन्होंने प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना।



**उत्तराखंड के सांसदों की प्रधानमंत्री से मुलाकात :** हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत, गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी, टिहरी सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह और ▶▶ शेष पेज 5 पर



## अधिकांश समितियों के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद पर भाजपा प्रत्याशी हुए निर्वाचित

# दिल्ली नगर निगम की विशेष समितियों के चुनाव हुए संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम की विशेष समितियों के बुधवार को सिविक सेंटर निगम मुख्यालय में चुनाव संपन्न हुआ। कुल बारह विशेष समितियों में से दस समितियों के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद पर भाजपा विजयी हुई। वहीं, खेल संवर्धन और संबद्ध मामलों की समिति के चुनाव में मोबाइल ले जाने को लेकर यह चुनाव स्थगित कर दिए गए। इस अवसर पर दिल्ली नगर निगम के नेता सदन प्रवेश वाही ने सभी विशेष समितियों के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद पर चयनित सभी निगम पार्षदों को अपनी ओर से हार्दिक बधाई दी। इस अवसर पर दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह, उप महापौर जय भगवान यादव, स्थाई समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा एवं अन्य वरिष्ठ नेतागण उपस्थित रहे। नवनिर्वाचित अध्यक्षों और उपाध्यक्षों को दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने शुभकामनाएं दी और कहा कि विशेष समितियों के गठन के बाद हम सभी मिलकर विकास के नये आयाम हासिल करेंगे। नेता सदन प्रवेश वाही ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व में दिल्ली नगर निगम जनता को अधिक से अधिक नागरिक सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रयासरत हैं। उन्होंने सभी नवनिर्वाचित अध्यक्ष और उपाध्यक्ष नियमित जन समस्याओं की सुनवाई करने का आह्वान किया।



### विशेष 11 समितियों में कौन अध्यक्ष, उपाध्यक्ष

निगम से मिली जानकारी के अनुसार विशेष समितियों में शामिल 1 नियुक्तियां, पदोन्नति, अनुशासनात्मक एवं संबद्ध मामले समिति के अध्यक्ष विनीत वोहरा, भाजपा (वार्ड 59) और उपाध्यक्ष बृजेश सिंह, भाजपा (वार्ड 250), 2 वर्क्स समिति की अध्यक्ष प्रीति, भाजपा (वार्ड 217) और उपाध्यक्ष शरद कपूर, भाजपा (वार्ड 146), 3 चिकित्सा राहत एवं जन स्वास्थ्य समिति के अध्यक्ष मनीष चड्ढा, भाजपा (वार्ड 82) और उपाध्यक्ष रमेश कुमार गर्ग, भाजपा (वार्ड 204), 4 पर्यावरण प्रबंधन सेवा समिति के अध्यक्ष संदीप कपूर, भाजपा (वार्ड 211) और उपाध्यक्ष धर्मवीर सिंह, भाजपा (वार्ड 152), 5 उद्यान समिति के अध्यक्ष हरीश ओबेरॉय, भाजपा (वार्ड 103) और उपाध्यक्ष रुनाक्षी शर्मा, आईवीपी (वार्ड 88), 6 कानून एवं सामान्य प्रयोजन समिति की अध्यक्ष रितु गोयल, भाजपा (वार्ड 52) और उपाध्यक्ष आरती चावला, भाजपा (वार्ड 141), 7 पार्षद के लिए आचार संहिता समिति की अध्यक्ष सीमा पंडित, भाजपा (वार्ड 135) और उपाध्यक्ष सुमन त्यागी, भाजपा (वार्ड 92), 8 उच्चाधिकार प्राप्त संपत्ति कर समिति के अध्यक्ष सत्या शर्मा, और उपाध्यक्ष रेनू चौधरी, भाजपा (वार्ड 197), 9 हिंदी समिति के अध्यक्ष जयभगवान यादव, और उपाध्यक्ष नीला कुमारी, भाजपा (वार्ड 38), 10 नगरपालिका लेखा समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा, और उपाध्यक्ष रेणु अग्रवाल, भाजपा (वार्ड 69) और 11 आश्वासन समिति की अध्यक्ष हिमानी जैन, आईवीपी (वार्ड 153) और उपाध्यक्ष ब्रह्म सिंह, भाजपा (वार्ड 186) से निर्वाचित हुए।

### एमसीडी में मिली आईवीपी को भागीदारी : मुकेश गोयल

दिल्ली नगर निगम में संख्या के आधार पर विपक्ष में दूसरा स्थान रखने वाली इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी को विशेष समिति भागीदारी मिल गई है। आईवीपी की निगम पार्षद हिमानी जैन आश्वासन समिति के अध्यक्ष पद पर विजयी हुई हैं, वहीं आईवीपी की ही रूनाक्षी शर्मा ने गार्डन कमेटी के उपाध्यक्ष पद पर जीत हासिल की है। बुधवार को एमसीडी मुख्यालय सिविक सेंटर में हुए 12 विशेष समितियों के चुनावों में आम आदमी पार्टी को एक भी सीट पर जीत हासिल नहीं हो सकी। आईवीपी के नेता एवं वरिष्ठ निगम पार्षद मुकेश गोयल ने अपने पार्षदों को जीत पर बधाई देते हुए कहा कि हमारी पार्टी के काम के प्रति समर्पण और दिल्ली वालों के हितों की रक्षा वाली नीतियों को देखकर दूसरे दलों के निगम पार्षदों ने हमें अपना समर्थन दिया है। मुकेश गोयल ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने ढाई-तीन साल तक इन समितियों के गठन को रोक रखा था। जिसकी वजह से दिल्ली वालों के कामों में रुकावट आई हुई थी। अब इन समितियों का गठन हो गया है तो लोगों के काम भी आसानी से हो सकेंगे।

### भाजपा पार्षदों ने खुलेआम किया मोबाइल फोन का उपयोग : अंकुश नारंग

आम आदमी पार्टी के नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने बुधवार को निगम की विशेष समितियों के चुनाव को लेकर भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए है। उन्होंने बताया कि निगम मुख्यालय में "स्पोर्ट्स प्रमोशन कमेटी" के चुनाव के दौरान भाजपा पार्षदों द्वारा खुलेआम मोबाइल फोन के उपयोग की घटना सामने आई। इस अलोकतांत्रिक कृत्य का आम आदमी पार्टी के निगम पार्षदों ने कड़ा विरोध कर इस समिति का चुनाव तत्काल रद्द कराया। सभी 12 समितियों के चुनाव प्रक्रिया में आम आदमी पार्टी ने सकारात्मक, जिम्मेदार और लोकतांत्रिक विपक्ष की भूमिका निभाई। हमारे लिए राजनीति नहीं, बल्कि दिल्लीवासियों का विकास और जनहित सर्वोपरि है और इसी भावना के साथ हमने चुनाव में सहयोग किया।

## आठ बांग्लादेशियों समेत 22 विदेशी पकड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने गत माह द्वारका उपनगरी से आठ बांग्लादेशियों समेत 22 विदेशी नागरिकों को पकड़ा और स्वदेश वापस भेजा है। जिन विदेशियों को पकड़ा गया है, उनमें बांग्लादेशी नागरिकों के अलावा, नाइजीरिया के आठ, आइवरी कोस्ट के तीन, लाइबेरिया के दो और सेनेगल का एक नागरिक शामिल है। ये सभी बिना वैध वीजा के अवैध रूप से देश में रह रहे थे और उन्हें द्वारका के विभिन्न स्थानों से हिरासत में लिया गया था। डीसीपी अंकित सिंह ने कहा कि उन्हें बिना वैध वीजा के भारत में रहते हुए पाया गया था। इसके बाद उन्हें विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) के समक्ष पेश किया गया, जिसने उनके निर्वासन का आदेश दिया।

### सांसद की चेन छीनने का आरोपी गिरफ्तार चेन बरामद

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने बुधवार को चाणक्यपुरी स्थित तमिलनाडु भवन के पास तमिलनाडू से कांग्रेस सांसद आर. सुधा की 30 ग्राम वजनी सोने की चेन छीनने के आरोप में 24 वर्षीय झपटमार को गिरफ्तार किया है। आरोपी सोहन रावत आदतन अपराधी बताया गया है। आरोपी के पास से झपटी गई सोने की चेन बरामद हो गई है। अपराध में इस्तेमाल किया गया वाहन भी जब्त किया गया है। पुलिस के अनुसार हाई प्रोफाइल मामला होने के कारण कई टीमें जांच में लगाई गई थी। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान सोहन रावत के रूप में हुई थी। इसे बुधवार सुबह गिरफ्तार किया गया। आरोपी रावत पहले 26 आपराधिक मामलों में शामिल रहा है, जिनमें से अधिकतर चोरी और झपटमारी से जुड़े हैं। इस साल अप्रैल में अंबेडकर नगर में दर्ज एक वाहन चोरी के मामले में गिरफ्तार होने के बाद रावत 27 जून को जमानत पर रिहा हुआ था। सांसद की चेन के अलावा इसके पास से चार चोरी के मोबाइल फोन और एक चोरी की मोटरसाइकिल भी बरामद हुई है। गौरतलब है कि सांसद आर सुधा सोमवार को तमिलनाडु भवन के पास सुबह की सैर पर निकली थीं, तभी एक अज्ञात मोटरसाइकिल सवार ने उनकी सोने की चेन छीन ली थी। इस दौरान उनके कपड़े भी फट गए थे। इस घटना में सांसद को मामूली चोटें आई थी।

**बी एच ई एल BHEL भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड**
सी.आई.एन: L74899DL1964GOI004281
कॉर्पोरेट कार्यालय: "बीएचईएल हाउस", सिरी फोर्ट, नई दिल्ली – 110049

**अंशकालिक चिकित्सा सलाहकार (विशेषज्ञ) की आवश्यकता**

बीएचईएल को दिल्ली/नोएडा में अपनी डिस्पेंसरियों के लिए **अंशकालिक चिकित्सा सलाहकार (विशेषज्ञ)** की आवश्यकता है।
कृपया पूरी जानकारी और अपडेट के लिए वेबसाइट **https://careers.bhel.in** पर जाएं।
वरिष्ठ उपमहाप्रबन्धक (मा.सं.)

**दि महम सह. चीनी मिल्स लि. महम (रोहतक)**

**ई-निविदा सूचना**

मूल निर्माताओं/वितरकों/प्रतिष्ठित एवं अनुभवी ठेकेदारों को निम्नलिखित कार्यों/सामग्री के लिए ई-टेंडरिंग द्वारा अपनी दरें जमा करवानी आवश्यक हैं – 1) पैकिंग एवं ज्वाइंटिंग, 2) आरबीसी में डबल ड्राइव सिस्टम के लिए प्लैनेटरी गियर बॉक्स, 3) बियरिंग्स का एआरसी, 4) वेल्डिंग सामग्रियों का एआरसी, 5) स्पेयर्स के साथ एयर कंप्रेसर का एएमसी, 6) ऑफ सीजन और सीजन के दौरान केवल यांत्रिकी कार्य के लिए बी/टी और निरंतर सी/एफ मशीनों का एएमसी, 7) वॉल्व्स का एआरसी, 8) पंप्स और पंप स्पेयर्स, 9) एफआरपी पाइप्स, 10) सेंट्रीफ्यूगल मशीन्स स्पेयर्स, 11) सहायक सामग्रियों सहित वैक्यूम फिल्टर्स स्क्रीन का विखण्डन, आपूर्ति और फिटिंग, 12) वाटर कूल्ड क्रिस्टलाइजर के कॉइल्स का विखण्डन, आपूर्ति और फिटिंग, 13) हाई प्रैशर वॉल्व्स की मरम्मत, सर्विसिंग और हाइड्रोलिक परीक्षण, 14) जीआई/जीसीसी शीट्स, पर्लिन और गर्टर्स का विखण्डन और फिटिंग, 15) ऑक्सीजन गैस की खरीद, 16) इंस्ट्रूमेंटेशन स्पेयर्स, 17) ऑनलाइन निरंतर स्टैक उत्सर्जन निगरानी प्रणाली, 18) बॉयलर आईडी फैंस के लिए पुराने मोटर्स 200 एचपी की खरीद, 19) एस.एस. वायरनेटिंग और ब्रास लाइनर, 20) निक्कल स्क्रीन, 21) जूस हीटर के लिए एस.एस. ट्यूब, 22) औद्योगिक पेंट्स, 23) बॉयलर के लिए सुरक्षा वाल्व, 24) बॉयलिंग हाउस और बॉयलर में विभिन्न जॉब वर्क (चिपिंग, प्राइमर, पेंटिंग और व्हाइट वॉशिंग कार्य इत्यादि)। विस्तृत निविदा प्रपत्र ई-टेंडरिंग पोर्टल – http://etenders.hry.nic.in से उपरोक्त मदों अनुसार डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा ई-टेंडरिंग पोर्टल http://etenders.hry.nic.in के माध्यम से 14.08.2025 को 02:00 बजे या इससे पूर्व ऑनलाइन पहुंच जानी चाहिए। तकनीकी बोलियाँ 14.08.2025 को अप. 2:15 बजे और वाणिज्यिक बोलियाँ 14.08.2025 को अप. 2:30 बजे खोली जाएँगी और नेगोसिएशन 19.08.2025 को पूर्वा. 11:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में आयोजित की जाएगी। सामग्री और जॉब वर्क की खरीद सरकारी नीति के अनुसार की जाएगी। मिल प्रबंधन बिना कोई कारण बताए किसी/सभी निविदा/निविदाओं, मद/मदों को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

संवाद-1039/11/92/2026/37382/सी/88/7 दि. 06.08.25 हस्ता/- प्रबंध निदेशक

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **1. हिम्मत, पुत्रः स्व. रणजीत सिंह, पताः म.नं. 8, पीर मोहल्ला, अल्ली गांव, सरिता विहार, नई दिल्ली, 2) राहुल, पुत्रः महेंद्र, पताः म.नं. 19/440, आली गांव, सरिता विहार, नई दिल्ली** ने **FIR No. 286/2025, dated 13.04.2025, U/s 115(2)/125(2)/109/3(5) भारतीय न्याय संहिता–2023, पुलिस थाना सरिता विहार, नई दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **1. हिम्मत, 2) राहुल** मिल नहीं रहे हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **1. हिम्मत, 2) राहुल** फरार हो गए हैं (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 286/2025, dated 13.04.2025, U/s 115(2)/125(2)/109/3(5) भारतीय न्याय संहिता–2023, पुलिस थाना सरिता विहार, नई दिल्ली** के अभियुक्त **1. हिम्मत, 2) राहुल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **09.09.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री अरिदमन सिंह चीमा
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी
दक्षिण पूर्व जिला, कमरा नं. 510
साकेत कोर्ट, नई दिल्ली

DP/10344/SE/2025

## पुलिस आदतन झपटमारों की जमानत रद्द करने का करेगी अनुरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



नई दिल्ली जिला पुलिस ने दावा किया है कि जिले में झपटमारी की सूचनाओं में 48 प्रतिशत की कमी आई है। उधर दिल्ली पुलिस जल्द ही अदालत में याचिका दायर कर झपटमारी की घटनाओं में शामिल आदतन अपराधियों की जमानत रद्द करने का अनुरोध करेगी। पुलिस यह कदम सांसद आर सुधा की चेन झपटने वाले अपराधी की गिरफ्तारी के बाद उठाने जा रही है।

संयुक्त पुलिस आयुक्त (दक्षिणी रेंज) संजय कुमार जैन ने एक प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि पुलिस ऐसे अपराधियों की सूची तैयार कर रही है जो जमानत पर बाहर होने के बावजूद आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त हैं। उन्होंने कहा कि एक बार सूची तैयार हो जाने पर पुलिस संबंधित अदालतों से संपर्क करेगी और ऐसे अपराधों में बार-बार संलिप्तता का हवाला देते हुए उनकी जमानत रद्द करने का अनुरोध करेगी। सांसद की चेन छीनने वाला सोहन रावत दो दर्जन से ज्यादा चोरी और झपटमारी के मामलों में संलिप्त रहा है। आरोपी को नयी दिल्ली, दक्षिण-पश्चिम और दक्षिण जिलों की पुलिस टीम के साथ-साथ एंटी-ऑटो थेफ्ट स्क्वॉड (एएटीएस) और आर के पुरम पुलिस के समन्वित प्रयास के बाद पकड़ा गया है। नई दिल्ली जिले के पुलिस उपायुक्त देवेश कुमार महला ने बताया कि जिले में झपटमारी के आंकड़ों में 48 फीसदी की कमी आई है। उन्होंने आंकड़े साझा करते हुये बताया कि 2023 में हमें नई दिल्ली जिले में झपटमारी से संबंधित 166 पीसीआर कॉल प्राप्त हुई। 2024 में यह संख्या घटकर 138 हो गई और इस साल पांच अगस्त तक यह संख्या और घटकर 72 हो गई। दिल्ली पुलिस के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार दिल्ली में पहले छह महीनों में झपटमारी के 2,500 से अधिक मामले दर्ज किए गए। इस तरह झपटमारी के प्रतिदिन औसतन 14 मामले सामने आए। आंकड़ों के अनुसार इस साल 30 जून तक दिल्ली में झपटमारी के कुल 2,503 मामले दर्ज किए गए। वर्ष 2024 में इसी अवधि के दौरान 3,381 मामले दर्ज किए गए थे, जबकि 2023 में 3,865 मामले आए। आंकड़े मामलों की संख्या में गिरावट दर्शाते हैं, लेकिन यह समस्या की स्थायी प्रकृति को भी इंगित करता है।

## महिला की बालियां छीनने के आरोप में दो अरेस्ट

**नई दिल्ली।** फर्श बाजार इलाके में 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला की सोने की बालियां छीनने के आरोप में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। यह घटना दो अगस्त को उस समय हुई जब महिला मंदिर से घर लौट रही थी। पकड़े गये आरोपी लोगों के नाम सूरज (28) और नीरज उर्फ काशी (35) बताये गये हैं। शाहदरा जिले के डीसीपी प्रशांत गौतम के अनुसार जांच के दौरान घटनास्थल और आसपास के इलाकों की सीसीटीवी फुटेज खंगाली गई। आरोपियों को सिल्वर रंग की मोटरसाइकिल पर देखा गया जिसकी पिछली नंबर प्लेट के अंतिम दो अंक कीचड़ से ढके हुए थे और सामने की प्लेट हटा दी गई थी ताकि उनकी पहचान न हो सके। पुलिस ने आरोपियों के भागने के रास्ते का पता लगाकर तकनीकी निगरानी के माध्यम से मोटरसाइकिल की पहचान की। मोटर साइकिल रमाशंकर नामक व्यक्ति के नाम पर पंजीकृत थी जो नॉर्थ घोंडा इलाके में रहता था। पूछताछ में रमाशंकर ने बताया कि यह मोटरसाइकिल उसका बेटा सूरज चलाता है। वह फरार पाया गया। इसके बाद पुलिस ने घोंडा इलाके में जाल बिछाया गया और सूरज तथा उसके साथी नीरज को उसी मोटरसाइकिल के साथ पकड़ा गया। डीसीपी ने बताया कि शुरू में दोनों आरोपी पुलिस को गुमराह करने की कोशिश करते रहे लेकिन पूछताछ के दौरान उन्होंने बताया कि छीनी गई बालियां सूरज के घर में छिपाई गई हैं। पुलिस ने सूरज के घर पर छापा मारा और वहां से सोने की बालियां बरामद कर ली गई। पूछताछ में दोनों ने न केवल इस वारदात बल्कि 28 जुलाई को न्यू उस्मानपुर में हुई, इसी तरह की एक अन्य छीना-झपटी की घटना में भी अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। पुलिस के अनुसार सूरज पहले भी पांच मामलों में शामिल रहा है, जबकि नीरज के खिलाफ डकैती, झपटमारी और हथियारों से जुड़े कुल 19 आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपी हाल ही में जेल से रिहा हुए थे। इस बीच शहर में हुई अन्य वारदातों में उनकी संलिप्तता का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है।

## 'कांग्रेस द्वारा गठित श्रमिक कल्याण बोर्ड में आप की अनियमितताएं उजागर, सीएजी रिपोर्ट में खुलासा'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली विधानसभा में हाल ही में पेश की गई 2019 - 20 से 2022- 23 की निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड की 2023 की सीएजी रिपोर्ट से आम आदमी पार्टी की पूर्व सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। इस मामले पर भाजपा के साथ-साथ कांग्रेस भी हमलावर हो रही है। इसी मामले पर बात करते हुए करावल नगर कांग्रेस जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज का कहना है कि 2 सितंबर 2002 में शीला दीक्षित की कांग्रेस सरकार ने निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड का गठन किया था क्योंकि उस वक्त मेट्रो निर्माण से लेकर फ्लाईओवर निर्माण तक कई योजनाओं पर चल रहे निर्माण कार्यों में दूसरे प्रदेशों से आने वाले श्रमिकों की अहम भूमिका थी। इसलिए सरकार ने इस बोर्ड का गठन किया ताकि दिल्ली के निवासी ना होने के बावजूद भी इस तरह के श्रमिकों का कल्याण हो सके, इस बोर्ड के तहत उन्हें स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा, और आर्थिक स्थिति में सुधार, श्रमिकों को वित्तीय सहायता, चिकित्सा सुविधाएं, शिक्षा, आवास, और अन्य कल्याणकारी योजनाएं प्रदान की जा सकें। लेकिन 2013 - 14 में सरकार बदलने के बाद आम आदमी पार्टी की सरकार ने इस योजना में अनियमितताएं कर पूरी योजना का ही दुरूपयोग किया वह इस सीएजी रिपोर्ट से जग जाहिर हो चुका है। भारद्वाज ने आगे कहा कि सीएजी की रिपोर्ट में बताया गया है कि 2019-20 से 2022-23 के बीच दिल्ली में निर्माण श्रमिकों के कल्याण के लिए जुटाए गए 3,579.05 करोड़ रुपये के फंड का उपयोग प्रभावी ढंग से नहीं हुआ। बोर्ड ने दावा किया कि 6.96 लाख श्रमिक पंजीकृत हैं, लेकिन केवल 1.98 लाख का ही विश्वसनीय डेटा उपलब्ध है, जिसमें 1.19 लाख श्रमिकों की तस्वीरें दो दो बार दोहराई गईं हैं। पंजीकरण नवीनीकरण दर भी मात्र 7.3% रही, जो राष्ट्रीय औसत 74% से काफी कम है। इसके अलावा, 17 कल्याणकारी योजनाओं में से केवल 12 लागू हुईं, और उनमें भी लाभ वितरण में 1,423 दिनों तक की देरी हुई। आप सरकार ने निर्माण श्रमिकों के हितों को पूरी तरह नजरअंदाज किया। यह वही सरकार थी जिसने बड़े-बड़े वादे किए थे, लेकिन श्रमिकों के कल्याण के लिए एकत्रित धन का सही उपयोग तक नहीं कर पाई।

## ऑटो की टक्कर से बुजुर्ग महिला की मौत

**नई दिल्ली।** दक्षिणपुरी इलाके में एक ऑटो की टक्कर से 62 वर्षीय महिला की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि वाहन का चालक मौके से फरार हो गया और अब तक उसका पता नहीं चल पाया है। पुलिस आसपास के एरिया में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। पुलिस के अनुसार अंबेडकर नगर थाने में सोमवार सुबह सात बजकर 23 मिनट पर दुर्घटना की सूचना मिली। टीम जब मौके पर पहुंची तो उन्हें वहां एक लावारिस ऑटो-रिक्शा मिला और पता चला कि घायल महिला को उसके दामाद ने पहले ही पास के एक अस्पताल में भर्ती करा दिया है। महिला की पहचान दक्षिणपुरी निवासी इस्तेयाक की पत्नी आलिया बेगम के रूप में हुई है। महिला को एम्स ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया, वह बयान देने की हालत में नहीं थी। प्रारंभिक जांच के आधार पर अंबेडकर नगर थाने में भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने बताया कि घटनास्थल से ऑटो जब्त कर लिया गया है और चालक की तलाश जारी है।

## 55 वर्षीय पिता को बेटी ने तवे से वार कर उतारा मौत के घाट

नई दिल्ली। शाहदरा जिले के मानसरोवर पार्क इलाके में एक 32 वर्षीय अविवाहित बेटी ने 55 वर्षीय पिता की तवे से वार कर हत्या कर दी। आरोपी बेटी को हिरासत में ले लिया गया है। मृतक का नाम टेक चंद गोयल बताया गया है। पुलिस ने शव को मोर्चरी भिजवा दिया है। पुलिस के अनुसार बुधवार को दोपहर तीन बजकर 56 मिनट पर जीटीबी अस्पताल से एमएस पार्क थाने को इस संबंध में सूचना प्राप्त हुई। बताया गया कि टेक चंद गोयल निवासी बुध बाजार, रामनगर, शाहदरा को उनके बेटे शिवम ने घायल और बेहोशी की हालत में अस्पताल में भर्ती कराया था। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस तुरंत अस्पताल पहुंची और बेटे शिवम के बयान दर्ज किये। उसके बयान के अनुसार घटना के समय उसकी बहन अनु (32), उनकी मां बाला देवी और उनकी पत्नी प्रिया (29) घर पर मौजूद थी। उसे पत्नी प्रीति ने बताया कि अनु ने कथित तौर पर हमला किया था। अनु अविवाहित है और अपने माता-पिता के साथ रह रही थी। इसके बाद पुलिस ने आरोपी बेटी को हिरासत में ले लिया है। हत्या की वजह का अभी पुलिस ने खुलासा नहीं किया है।

## मुठभेड़ के बाद टिल्लू ताजपुरिया गिरोह का बदमाश गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच की नई दिल्ली रेंज पुलिस ने सरोजिनी नगर में संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद टिल्लू ताजपुरिया गिरोह के एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार मंजीत उर्फ दादा को प्रतिद्वंद्वी गोगी गिरोह से जुड़े करण थापा की हत्या के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है। थापा की 28 मार्च को इसी साल अलीपुर में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

पुलिस के अनुसार मंजीत की गतिविधियों के बारे में जानकारी मिलने पर सरोजिनी नगर इलाके में जाल बिछाया गया था। जब पुलिस टीम ने मंजीत को रोका, तो उसने भागने की कोशिश की और गोलियां चलाई। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी कुछ राउंड गोलियां चलाई, जिसके बाद उसे पकड़ लिया गया। इस मुठभेड़ में दोनों पक्षों में कोई भी घायल नहीं हुआ। पुलिस के मुताबिक आपराधिक पृष्ठभूमि वाले मंजीत के खिलाफ हत्या के प्रयास, जबरन वसूली और शस्त्र अधिनियम के उल्लंघन समेत कम से कम छह मामले पहले से दर्ज हैं। अलीपुर हत्याकांड के बाद से वह गिरफ्तारी से बच रहा था।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल विद्युत इंजीनियर/टी.आर.एस./पूर्वोत्तर रेलवे, लोको शेड गोण्डा द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु खुली ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। **निविदा सूचना सं.: LS-GD-25-Repair-contactor; कार्य का नाम:** "आउटसोर्सिंग के माध्यम से दो वर्ष के लिए लोको शेड गोंडा के परम्परागत विद्युत लोको के लाइन कांटेक्टर–1500 एम्पियर, सी–145 कांटेक्टर, शंटिंग कांटेक्टर, तथा रिवर्सर कांटेक्टर (जे1 एवं जे2)–1500 एम्पियर की ओवरहॉलिंग" **अनुमानित लागत (₹ में): ₹3,35,31,623.30; अग्रिम धन राशि (₹ में): ₹3,17,700/-; निविदा की अवधिः** 24 माह;

समविइं/टीआरएस गोण्डा
मुजाधि/विद्युत–111

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

**हरियाणा लोक सेवा आयोग**
**बेज नं. 1–10, ब्लॉक–बी, सेक्टर–4, पंचकूला**

**घोषणा**

नीचे वर्णित पदों के लिए विषय ज्ञान परीक्षाओं हेतु क्वालीफाइड हो चुके उम्मीदवारों की सामान्य जानकारी के लिए एतद द्वारा यह घोषणा की जाती है कि आयोग ने नीचे दिये गये कार्यक्रम के अनुरूप विषय ज्ञान परीक्षा आयोजित करने का निर्णय लिया है :-

| क्र.सं. | पद व विभाग का नाम | विज्ञा. सं. | परीक्षा की तिथि व समय |
|---|---|---|---|
| 1. | कम्प्यूटर साइंस विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) | 45/2024 | 16.08.2025 पूर्वा. 10:00 बजे से अप. 1:00 बजे तक |
| 2. | अग्रेजी विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) | 48/2024 | 17.08.2025 पूर्वा. 10:00 बजे से अप. 1:00 बजे तक |
| 3. | भूगोल विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) | 51/2024 | |

उम्मीदवारों को अपने प्रवेश-पत्र आयोग की वेबसाइट अर्थात **http://hpsc.gov.in** पर उपलब्ध करवाए गए लिंक से 11.08.2025 से डाउनलोड करने का परामर्श दिया जाता है।

आगे यह स्पष्ट किया जाता है कि सभी उम्मीदवार जो उपरोक्त पदों के लिए विषय ज्ञान परीक्षाओं हेतु क्वालीफाइड हो चुके हैं, को परीक्षा में उपस्थित होने के लिए अंतरिम रूप से अनुमति दी जा रही है, जो विज्ञापन के अनुरूप सभी पात्रता शर्तें पूर्ण करने के अधीन है।

**टिप्पणियां :-**

1. *उम्मीदवारों को प्रवेश-पत्र डाउनलोड करने और ए-4 साइज पेपर पर इसका प्रिंट लेने का निर्देश दिया जाता है ताकि उनके फोटो और अन्य विवरण आसानी से देखे/प्रमाणित किये जा सकें। अस्पष्ट फोटो/हस्ताक्षरों सहित छोटे आकार के प्रवेश-पत्र वाले उम्मीदवारों को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।*
2. *उम्मीदवारों को प्रवेश-पत्र पर दिये गये सभी निर्देश बहुत ध्यानपूर्वक पढ़ने का परामर्श दिया जाता है।*

दिनांक : 06.08.2025 हस्ता/- उप सचिव
संवाद-1156/13/343/2026/37419/88/7 दि. 06.08.25 हरियाणा लोक सेवा आयोग, पंचकूला

**डेल्टन केबल्स लिमिटेड**
CIN: L31300DL1964PLC004255
पंजी. कार्यालय : डेल्टन हाउस, 4801, भरत राम रोड, 24, दरियागंज, नई दिल्ली–110002
Website: www.deltoncables.com, E-mail: dcl@deltoncables.com, Tel. No.: 0129-4523000

**30 जून 2025 को समाप्त तिमाही हेतु अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का विवरण**
(प्रति शेयर विवरण को छोड़कर रु. लाखों में)

| क्र. सं. | विवरण | समाप्त तिमाही 30-जून-25 (अअंकेक्षित) | समाप्त तिमाही 31-मार्च-25 (अंकेक्षित) | समाप्त तिमाही 30-जून-24 (अअंकेक्षित) | समाप्त वर्ष 31-मार्च-25 (अंकेक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध) | 15,633.18 | 20,222.99 | 14,347.59 | 70,926.41 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ (कर, असाधारण और/अथवा असामान्य मदों से पूर्व) | 447.46 | 704.98 | 414.63 | 1,834.69 |
| 3 | कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | 447.46 | 702.42 | 414.63 | 2,861.54 |
| 4 | कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | 308.27 | 563.79 | 302.28 | 2,051.00 |
| 5 | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु निहित लाभ (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] | 306.40 | 549.07 | 305.27 | 2,041.89 |
| 6 | इक्विटी शेयर कैपिटल (प्रत्यक्ष मूल्य रु. 10/- प्रति शेयर) | 864.00 | 864.00 | 864.00 | 864.00 |
| 7 | अर्जन प्रति शेयर (असाधारण मदों से पूर्व) (रु. 10 प्रत्येक के) (वार्षिकृत नहीं) | | | | |
| | (ए) बेसिक | 3.57 | 6.53 | 3.50 | 23.74 |
| | (बी) डायल्युटेड | 3.57 | 6.53 | 3.50 | 23.74 |

**टिप्पणी :**

1. उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग आब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज के पास दायर किये गये अअंकेक्षित तैमाहिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। तैमाहिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट (www.bseindia.com) और कम्पनी की वेबसाइट (www.deltoncables.com) पर उपलब्ध हैं।
2. उपरोक्त परिणाम कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के तहत विनिर्दिष्ट अनुसार कम्पनी (भारतीय लेखा मानकों) नियमों 2015 के तहत अधिसूचित अनुसार भारतीय लेखा मानकों (Ind AS) के सिद्धांत और प्रक्रियाओं के अनुसार तैयार किये गये हैं।
3. उपरोक्त परिणामों की समीक्षा ऑडिट कमेटी द्वारा कर ली गई और 05 अगस्त 2025 को आयोजित उनकी सम्बन्धित बैठकों में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किए गए।

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 05 अगस्त 2025

कृते व बोर्ड की ओर से
हस्ता/-
विवेक गुप्ता
(प्रबंध निदेशक)
डीआईएन : 00035916




### मुख्यमंत्री ने आप सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह शहीदों का अपमान और जनता के साथ धोखा है

# विधानसभा से हटाया जाए 'फांसी घर' बोर्ड दर्ज कराई जाए एफआईआर : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली विधानसभा के मानसून सत्र के तीसरे दिन बुधवार को सदन में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पूर्ववर्ती सरकार द्वारा विधानसभा भवन के एक हिस्से को फांसी घर बताने के दावे को सिरे से खारिज करते हुए इसे इतिहास के साथ खिलवाड़, शहीदों का अपमान और जनता के साथ धोखा करार दिया। सीएम ने अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता और सदन से आग्रह किया कि विधानसभा भवन में लगाए गए 'फांसी घर' संबंधी भ्रामक बोर्ड को तुरंत हटाया जाए और इस पर जनता के खर्च किए लगभग 1 करोड़ रुपए खर्च वसूली सुनिश्चित की जाए। वहीं सीएम ने मांग की है कि इस मामले से संबंधित लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाए और इस पूरे मामले की विस्तृत जांच कराई जाए। उन्होंने कहा कि यह कदम विशेष रूप से 24-25 अगस्त को प्रस्तावित ऑल इंडिया स्पीकर कॉन्फ्रेंस से पहले अनिवार्य है, ताकि देशभर से आने वाले स्पीकरों को झूठा इतिहास न दिखाया जाए और दिल्ली विधानसभा की प्रतिष्ठा बनी रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जनता की भावनाओं से खेलते हुए और सहानुभूति बटोरने के लिए बिना किसी प्रमाण, दस्तावेज या ऐतिहासिक आधार के विधानसभा भवन के एक हिस्से को 'फांसी घर' घोषित कर दिया। उन्होंने कहा कि वह शुरुआत से ही कैलकुलेटिव ढंग से राजनीति करते रहे, हर हावभाव, हर पहनावा, हर नाटक किसी उद्देश्य से किया गया। ईमानदारी, देशभक्ति और त्याग का दिखावा कर जनता को गुमराह किया गया, जबकि असलियत में यह सब एक स्क्रिप्टेड ड्रामा था। मुख्यमंत्री ने ऐतिहासिक तथ्यों का हवाला देते हुए बताया कि यह भवन वर्ष 1912 में बना और वर्ष 1913 से 1926 तक यहां इंपीरियल लेजिस्लेटिव काउंसिल की बैठकें हुईं। जिस हिस्से को 'फांसी घर' बताया गया, वह दरअसल ब्रिटिश काल में अंग्रेज अफसरों के लिए बनाई गई सर्विस सीढ़ियां थीं, जिनका इस्तेमाल टिफिन सर्विस और अन्य कार्यों के लिए होता था। जबकि वास्तविक में पुरानी दिल्ली की जेल मौलाना आजाद कॉलेज परिसर में थी और वहीं फांसी की सज़ा दी जाती थी। उन्होंने कहा कि इतिहास को तोड़-मरोड़कर पेश करना केवल जनता को भ्रमित करने के लिए नहीं, बल्कि शहीदों की कुर्बानी का भी अपमान है। जिस भवन में संविधान की गरिमा के अनुरूप कानून बनाए जाते हैं, उसी के दर-ओ-दीवार पर झूठ लिख देना अक्षम्य अपराध है। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि केजरीवाल सरकार ने राजनीतिक लाभ के लिए स्क्रिप्टेड नाटक, भावनात्मक ड्रामा और झूठ का सहारा लिया, जिस पर लगभग एक करोड़ जनता का पैसा विज्ञापनों और प्रचार पर खर्च हुआ। उन्होंने कहा कि यह केवल एक राजनीतिक नाटक नहीं, बल्कि दिल्ली की जनता के विश्वास के साथ खुला धोखा है। लेकिन हमारी सरकार की ज़िम्मेदारी है कि हम सत्य को सामने लाएं और इस ऐतिहासिक भवन की गरिमा को सच्चाई के साथ सुरक्षित रखें।

## विधानसभा में 'फांसी घर' था ही नहीं, वह टिफिन रूम था : स्पीकर

विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा है कि 2022 में जिस कक्ष का जीर्णोद्धार किया गया और तत्कालीन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उद्घाटन किया, वह वास्तव में एक 'टिफिन रूम' था, न कि औपनिवेशिक काल का फांसी स्थल। ये वास्तव में विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि वास्तव में पुली-संचालित लिफ्ट वाले दो टिफिन रूम उस इमारत का हिस्सा थे, जो ब्रिटिश शासन के दौरान इंपीरियल लेजिस्लेटिव काउंसिल के रूप में काम करती थी। विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि टिफिन रूम समेत हर कमरे का विवरण उपलब्ध कराने वाला इमारत का नक्शा राष्ट्रीय अभिलेखागार में रखा हुआ है। स्पीकर विजेंद्र गुप्ता ने आम आदमी पार्टी को चुनौती देते हुए कहा, किसी भी इतिहासकार को ले आएं जो बताए कि यहां फांसीघर है। स्पीकर ने 1912 में इमारत के नक्शे दिखाते हुए बताया कैसे चार लाख अमेरिकी डालर में बिल्डिंग तैयार हुई और महात्मा गांधी ने यहां किस-किस दिन, किस कार्यवाही में तीन बार आकर हिस्सा लिया और आजदी के जंग का ऐलान किया गया। इसका पूरा ब्यौरा रखते हुए कहा कि यहां कोई फांसी घर नहीं था यह एक मिथक है।

## फांसी घर पर चर्चा करनी है तो पहले इतिहासकारों और आर्कियोलॉजिस्ट कमेटी बनाई जाए : आतिशी

**नई दिल्ली।** विधानसभा में कार्यवाही को लेकर नेता विपक्ष आतिशी ने बुधवार को कहा कि भाजपा को जनता के मुद्दों से कोई मतलब नहीं है, व्यर्थ की चर्चाओं में सदन का समय बर्बाद किया जा रहा है। 'आप' विधायक दल बिगड़ती कानून व्यवस्था, झुग्गियां तोड़ने, स्कूल फीस बिल, पुरानी गाड़ियों को सड़कों से हटाने जैसे गंभीर मुद्दों पर चर्चा चाहता है, लेकिन भाजपा इससे भाग रही है। अगर भाजपा को फांसी घर पर चर्चा करनी है तो पहले इतिहासकारों और आर्कियोलॉजिस्ट की एक कमेटी बनाए। आतिशी ने कहा कि आम आदमी पार्टी को इस बात पर आपत्ति है कि दिल्ली विधानसभा में बहुत महत्वपूर्ण मुद्दे पर चर्चा के लिए लंबित हैं। आज मैंने खुद नियम 55 के तहत दिल्ली की बिगड़ती कानून-व्यवस्था पर चर्चा के लिए नोटिस दिया, लेकिन उस पर कोई चर्चा नहीं हुई। 'आप' विधायक दल ने दिल्ली में तोड़ी जा रही झुग्गियां के उपर चर्चा करने के लिए नोटिस दिया, लेकिन उस पर भी चर्चा नहीं हो रही है।

## उत्तरकाशी में आकस्मिक बाढ़ में जान गंवाने वालों को दी श्रद्धांजलि

दिल्ली विधानसभा में बुधवार को अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड के उत्तरकाशी में आई प्राकृतिक आपदाओं में जान गवाने वालों के प्रति शोक संवेदनाएं प्रकट करते हुए कहा कि ईश्वर घायलों को जल्द स्वस्थ करे और हम पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हैं। सदन ने दो मिनट का मौन रखकर शोक प्रकट किया। वहीं मोहन सिंह बिष्ट ने उत्तराखंड में आई प्राकृतिक आपदा के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह द्वारा राहत कार्यों के लिए त्वरित कार्रवाई के लिए धन्यवाद किया। वहीं मालवीय नगर से सत्तापक्ष के सदस्य सतीश उपाध्याय ने दिल्ली की पहली महिला मुख्यमंत्री सुषमा स्वराज का उल्लेख करते हुए कहा कि आज ही के दिन उनका निधन हुआ था स्पीकर विजेंद्र गुप्ता ने समूचे सदन की ओर से उन्हें भी शोक संवेदनाएं प्रकट करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। आम आदमी पार्टी के विधायक वीरेंद्र सिंह कादयान ने पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के निधन पर उन्हें शोक संवेदनाएं प्रकट की।

## हंगामे के कारण नेता विपक्ष आतिशी समेत कई विपक्षी सदस्यों को सदन से निकाला

विधानसभा में बुधवार को जब मंत्री कपिल मिश्रा ने अरविंद केजरीवाल के बारे में टिप्पणी करने पर विपक्ष की नेता आतिशी समेत सभी विपक्षी सदस्य सदन में खड़े हो गए और नारेबाजी करने लगे। हालांकि इस अध्यक्ष ने सभी विपक्षी सदस्यों को अपनी सीट पर बैठने को कहा लेकिन वह नहीं बैठे। जिसके बाद अध्यक्ष ने नेता विपक्ष आतिशी और तीन अन्य विपक्षी सदस्यों को मार्शलों द्वारा सदन से बाहर करा दिया। इसके बाद अन्य सभी विपक्षी सदस्यों ने सदन का बहिष्कार कर दिया।

## मुख्यमंत्री ने 'बहनों के बनाए' रक्षाबंधन गिफ्ट पैक का किया लोकार्पण

नई दिल्ली। रक्षाबंधन के पावन अवसर पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को दिल्ली विधानसभा में शाहदरा जिले की महिला सेल्फ हेल्प ग्रुप द्वारा तैयार किए गए विशेष हस्तनिर्मित राखी गिफ्ट पैक का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने बताया कि इन गिफ्ट पैक्स को सभी वरिष्ठ नेताओं को भेंट स्वरूप भेजा जाएगा। इनमें विभिन्न हस्तनिर्मित उत्पाद शामिल हैं, जिन्हें स्थानीय महिलाओं ने अपने हुनर और मेहनत से तैयार किया है। इस कदम से ना सिर्फ इन मेहनतकश महिलाओं के कला को सम्मान मिलेगा बल्कि साथ ही इन्हें आत्मनिर्भर बनाने की राह भी आसान होगी। मुख्यमंत्री ने बताया यह पहल सेल्फ हेल्प ग्रुप के 'लखपति दीदी' मिशन के तहत की गई है। मुख्यमंत्री ने घोषणा की है कि ये गिफ्ट पैक, जिनमें राखी, रोली, चावल, मिठाई, सत्तू, अगरबत्ती आदि पारंपरिक उत्पाद शामिल हैं। पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं को मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से भेंट किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इन उपहारों में बहनों का हुनर, परिश्रम और आत्मनिर्भरता की भावना समाहित है।

# डीटीसी के हजारों अनुबंध कर्मचारियों को नहीं मिला वेतन, रक्षा बंधन पर काम ठप का अंदेशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) के सेवानिवृत्त कर्मचारियों की तरह इस बार अनुबंध पर कार्य करने वाले ड्राइवर और कंडक्टरों वेतन भी रूक गया है। वेतन समय पर नहीं मिलने के चलते डीटीसी कर्मचारी एकता यूनियन ने कई सवाल उठाए है। ऐसा अंदेशा जताया गया है कि अगर वेतन जारी नहीं हुआ तो, हजारों अनुबंधित कर्मचारी अचानक काम बंद हड़ताल कर सकते है।

इस बारे में संगठन के अध्यक्ष ललित चौधरी और महामंत्री मनोज शर्मा ने बताया कि डीटीसी कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारियों ड्राइवर और कंडक्टरों का वेतन हर महीने 1 तारीख को उनके अकाउंट में आ जाया करता था। लेकिन इस बार अभी तक यानी बुधवार 6 अगस्त 2025 तक भी वेतन नहीं मिला है। वेतन नहीं मिलने के कारण कर्मचारियों में नाराजगी फैलने लगी है। क्योंकि रक्षाबंधन पर्व में महज दो दिन ही शेष बचे है और वेतन मिला नहीं है जिससे आर्थिक दिक्कतें खड़ी हो रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में भाजपा सरकार की चार इंजन वाली सरकार होने के बावजूद अगर कर्मचारियों को समय से वेतन नहीं मिलेगा तो साफ है कि सरकार फेल साबित होती दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि डीटीसी में लगभग 24 हजार कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारी कार्यरत हैं। अगर जल्द ही इन्हें वेतन नहीं मिला तो अंदेशा है कि एक साथ सभी कर्मचारी 9 तारीख रक्षाबंधन वाले दिन साइलेंट छुट्टी पर चले जाएं। क्योंकि सूत्रों से पता चला है कि डीटीसी कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारियों की सैलरी 15 अगस्त के आस पास आएगी। इस कारण सभी कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारियों में बहुत नाराजगी है और दूसरी तरफ सभी डिपो में नोटिस लगा दिए गए है कि 9 तारीख को कोई भी कर्मचारी छुट्टी नहीं करेगा। जबकि यूनियन को ऐसा लगता है कि सोशल मीडिया ट्विटर एक्स पर बेसिक डीए ग्रेड पे लागू करने की मांग तेजी से चल रही है। क्या यह दिल्ली सरकार की चाल है कि उनकी सैलरी रोक लो अपने आप ही मांग करना बंद कर देगें। संगठन ने कहा कि परिवहन मंत्री का बयान आया था कि डीटीसी के ड्राइवर कंडक्टर को नैतिकता का पाठ पढ़ाया जाएगा जिससे वह अपनी नैतिक जिम्मेदारी सही तरीके से निभाएं। लेकिन क्या दिल्ली सरकार की और विभाग की कोई नैतिक जिम्मेदारी कर्मचारियों के प्रति नहीं है कि वो भी नैतिकता दिखाएं। संगठन ने कहा कि दिल्ली के लेबर मिनिस्टर और लेबर कमिश्नर कि इसमें जवाबदेही बनती है कि कर्मचारियों को निश्चित तारीख तक वेतन क्यों नहीं दिया गया।

## बेरोजगार बस मार्शलों ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात



नई दिल्ली। दिल्ली में लंबे समय से अपने भविष्य को लेकर संघर्ष कर रहे 10,792 सिविल डिफेंस बस मार्शलों की आवाज़ एक बार फिर मुख्यमंत्री निवास तक पहुंची। बुधवार को पूर्व बस मार्शलों के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से मुलाकात कर अपनी रोजगार संबंधी समस्याएं रखीं। इस महत्वपूर्ण प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व मार्शल मुकेशपाल सिंह ने किया। उनके साथ शरद चौधरी, ललित भाटी, जितेंद्र मीणा, अमित, अनीता देवी, आशा रानी, मुकेश समेत अन्य साथी शामिल रहे। बुधवार को यह जानकारी देते हुए मुकेशपाल ने बताया कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने साफ़ शब्दों में प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि सरकार उनके भविष्य को लेकर गंभीर है और उनके लिए रोजगार की प्रक्रिया पर कार्य चल रहा है। उन्होंने कहा कि हम इस सत्र में विधानसभा में आपके रोजगार से जुड़ा मुद्दा उठाएंगे।

# भाजपा सरकार में महंगाई नियंत्रण पार, सब्जियों के दाम हुए दोगुने, टमाटर 100 पार: कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा है कि देया हो या दिल्ली भाजपा सरकार में महंगाई नियंत्रण पार ही रहती है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में भाजपा की रेखा गुप्ता की सरकार जहां हर चीज में पहले ही विफल रही, वहीं अब सब्जियों की कीमतों को कंट्रोल करने में भी लाचार व विफल साबित हो रही है। यादव ने कहा कि हालात यह है कि आज टमाटर 100 रूपए प्रति किलो से ऊपर पहुंच गया है। गरीब आदमी टमाटर खरीदना तो दूर सोच भी नहीं सकता। भाजपा सरकार ने टमाटर की कीमतों को कम करने सहित सब्जियों के दामों पर नियंत्रण करने के लिए कोई प्रत्यक्ष उपाय नहीं किए। जब सरकार की दुकान मदर डेयरी में सब्जियों के दाम लोगों की पहुंच से दूर हो रहे है। मदर डेयरी में प्याज 46.90 रुपये और आलू 41.90 रुपये है। उन्होंने कहा कि 9 जून को टमाटर 50 रुपये प्रति किलो था और पिछले 6-7 दिनों में 30-40 प्रतिशत की वृद्धि के बाद 100 रुपये पार पहुंच गया है। पिछले 12 वर्षों में रोजमर्रा की खाद्य वस्तुओं के दामों में वृद्धि सहित खाद्य तेलों, सब्जियों के दामों में चौगुणा वृद्धि दर्ज की गई और 100 रुपये पहुंचा टमाटर महंगाई के कारण महिलाओं की रसोई से दूर हो गया है। उन्होंने कहा कि टमाटर के दामों में अत्यधिक वृद्धि पिछले दो वर्षों में सबसे उच्च स्तर पर पहुंची है। अगर यही हालात रहे तो संभव टमाटर 120-130 रुपए प्रति किलो तक भी पहुंच सकता है। उन्होंने कहा भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार की असंवेदनशीलता के कारण राजधानी में गरीब, मजदूर, निम्न वर्ग, मध्यम वर्ग और रोज कमाकर खाने वाले लोगों की कमर लगभग टूट चुकी है। यादव ने कहा कि मानसून की भारी बारिश के कारण हरी सब्जियों की दरों का बढ़ना बेशक मुख्य कारण है। लेकिन क्या जनता को राहत देने के लिए सरकारों की कोई जिम्मेदारी नहीं बनती।

## कांग्रेस की लड़ाई से घबराकर भाजपा ने की कलस्टरों में रक्षा बंधन मनाने की घोषणा: देवेंद्र

नई दिल्ली। भाजपा द्वारा झुग्गी झौपड़ी कलस्टरों में रक्षा बंधन का त्यौहार मनाने की घोषणा पर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने इसे गरीबों के ताजा जख्मों पर नमक छिड़कना बताया है। देवेंद्र ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कांग्रेस द्वारा झुग्गी वालों के अधिकारों की लड़ाई सड़कों तक लड़ने से भाजपा पूरी तरह से घबरा चुकी है। पिछले 6 महीनों में जहां भाजपा ने 3000 से अधिक झुग्गियों को ध्वस्त करके 15000 लोगों को बेघर किया। वहीं अब एक साजिश के तहत भाजपा झूठी सहानूभूति जताने के लिए रक्षा बंधन पर झुग्गीवालों के साथ रक्षा बंधन मनाने की नौटंकी करने की घोषणा की है।

## डूसू चुनावों के दौरान विरूपण के प्रति बरती जाएगी ज़ीरो टोलरेंस

**नई दिल्ल।** दिल्ली विश्वविद्यालय के मुख्य चुनाव अधिकारी और प्रॉक्टोरियल बोर्ड ने मौरिस नगर के थाना प्रभारी के साथ मिलकर डूसू चुनाव 2025-26 के सुचारू संचालन के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रॉक्टर कार्यालय में डूसू पदाधिकारियों और छात्र प्रतिनिधियों के साथ गत दिवस एक बैठक बुलाई। डूसू चुनाव समिति और प्रॉक्टोरियल बोर्ड ने छात्र प्रतिनिधियों को आगामी डूसू चुनाव 2025-26 के दौरान चलाए जा रहे विरूपण विरोधी अभियान के बारे में जानकारी दी। समिति ने प्रतिनिधियों को यह भी बताया कि वर्तमान डूसू चुनावों के दौरान पोस्टरों द्वारा विरूपण के प्रति जीरो टोलरेंस बरती जाएगी। उम्मीदवारों को निर्धारित व्यय सीमा के भीतर प्रचार के लिए केवल हस्तनिर्मित पोस्टरों का ही उपयोग करना होगा। काले शीशे वाले या बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों की अनुमति नहीं है और उसे तुरंत जब्त कर लिया जाएगा। छात्र प्रतिनिधियों ने इस नोट को गंभीरता से लिया और आश्वासन दिया कि डूसू चुनावों में किसी भी प्रकार का विरूपण नहीं होगा।

### मुख्यमंत्री की अपील : अपने हैंडलूम आउटफिट की फोटो सोशल मीडिया पर डालें

# स्वदेशी कपड़े पहनकर भी दिखा सकते हैं अपने देश के प्रति प्यार : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली




हम अपने देश के प्रति प्यार स्वदेशी कपड़ा पहनकर भी दिखा सकते हैं। यह बात मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को नेशनल हैंडलूम डे के अवसर पर दिल्ली के अशोक होटल में आयोजित वस्त्र कथा कार्यक्रम में शिरकत करने के दौरान कही। इस कार्यक्रम में भारत के बेहतरीन हैंडलूम और खादी उत्पादों का प्रदर्शन हुआ। इसके बाद फैशन शो हुआ, जिसने स्वदेशी कपड़ों की ताकत, खूबसूरती और स्थिरता को दुनिया के सामने पेश किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम रेखा गुप्ता ने दिल्लीवासियों से हैंडलूम अपनाने की अपील की। उन्होंने आगे कहा कि हम विदेशी ब्रांड्स पर हजारों रुपये खर्च करते हैं, जबकि हमारी अपनी हैंडलूम दुनिया भर के लोगों को आकर्षित करती है। मैं हर दिल्लीवासी से अपील करती हूं कि अपने हैंडलूम आउटफिट्स की फोटो सोशल मीडिया पर डालें, मुझे टैग करें और इंडियन हैंडलूम का समर्थन करें। हम मिलकर अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत कर सकते हैं, अपने कारीगरों का साथ दे सकते हैं और अपनी विरासत का जश्न मना सकते हैं। वहीं उद्योग मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने डिजाइनर्स और कारीगरों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य हैंडलूम को हर घर तक पहुंचाना है, इसे सिर्फ परंपरा से बढ़ाकर फैशन आइकन बनाना है। आज यहां जो काम हुआ है, उसकी चर्चा पूरे दिल्ली और उससे बाहर होगी। उन्होंने आगे बताया कि जल्द ही सभी डिजाइनर्स के खास हैंडलूम कलेक्शन लॉन्च किए जाएंगे, ताकि इस कला को और आगे बढ़ाया जा सके।

प्रदर्शनी में देशभर से आए 24 अनोखे स्टॉल्स ने भारत की हैंडलूम विरासत की झलक दिखाई। यहां जीआई-टैग्ड टेक्सटाइल्स, लाइव बुनाई के प्रदर्शन और बारीक कढ़ाई के नमूने रखे गए थे। बनारस के मोहम्मद सलाम अंसारी की असली जरी वाली बनारसी साड़ियां, मोहन वर्गीस की कांचीपुरम और मैसूर सिल्क, लद्दाख का पश्मीना, तेलंगाना का इकत, मेघालय का एरी सिल्क, नागालैंड का चगन मासी शॉल, बिहार का तसर सिल्क व मधुबनी प्रिंट और गुजरात का पटोला व डबल इकत जैसी कलाकृतियां आकर्षण का केंद्र रहीं। भांग, बांस और ऑर्गेनिक कॉटन से बने सस्टेनेबल फैब्रिक ने भी लोगों का ध्यान खींचा। इस कार्यक्रम में विदेशी राजनयिकों, विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता, दिल्ली कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, कपिल मिश्रा के साथ-साथ कई विधायक और वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

## कूड़े से आजादी एक दिखावा,जल निकासी और टूटी सड़कों से ध्यान भटका रही है सरकार: डॉ. नरेश

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. नरेश कुमार ने सरकार के स्वच्छता अभियान पर सवाल उठाए है। उन्होंने कहा कि कूड़े से आज़ादी सिर्फ़ एक दिखावा, जल निकासी और टूटी सड़कों से ध्यान भटका रही है भाजपा की रेखा गुप्ता सरकार। उन्होंने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाए कि सफाई के नाम पर सिर्फ़ प्रचार पर जोर है जबकि असली समस्याओं की अनदेखी की जा रही है। दिल्ली की जनता को आज सफाई की नहीं जल निकासी और टूटी सड़कों की समस्या से राहत चाहिए। लेकिन भाजपा सरकार सिर्फ़ सोशल मीडिया पर प्रचार और फोटोशूट में व्यस्त है। बात सफाई की होनी चाहिए, लेकिन सरकार मुद्दे से भटका कर ध्यान कहीं और ले जा रही है। नालियों की सफाई नहीं हो रही, सड़कें टूटी हुई हैं, और हल्की बारिश में पूरा शहर जलमग्न हो जाता है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा दिन में जब लोग इन समस्याओं से जूझ रहे होते हैं, सरकार रात में कैमरे लेकर झाड़ू चला रही है, यह जनता की आँखों में धूल झोंकने जैसा है। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि केवल सोशल मीडिया पर सफाई के दिखावे से दिल्ली की सच्चाई नहीं बदलेगी। क्योंकि गली-गली में पानी भर रहा है, नालिया उफान पर हैं, और सड़कें गड्ढों में तब्दील हो चुकी हैं, अगर ये विफलता नहीं है, तो क्या है। डॉ. कुमार ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से मांग की कि वे प्रचार की राजनीति छोड़कर दिल्ली की जमीनी समस्याओं का समाधान करें।

# सुषमा स्वराज की पुण्यतिथि पर 501 पौधों का रोपण कर दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

भारत की पूर्व विदेश मंत्री पद्म विभूषण स्वर्गीय सुषमा स्वराज की पुण्यतिथि पर बुधवार को जंगपुरा एक्सटेंशन स्थित सिल्वर ओक पार्क में 501 पौधों का रोपण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता एवं प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने दिल्ली के नागरिकों एवं भाजपा संगठन की ओर से श्रद्धासुमन अर्पित किए और देश में उनके योगदान का जिक्र किया। मुख्यमंत्री एवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने जंगपुरा स्थित सिल्वर ओक पार्क में अन्य नेताओं के साथ वृक्षारोपण किया। जानकारी के अनुसार बता दें कि इस पार्क को सुषमा स्वराज की पुत्री सांसद बांसुरी स्वराज ने गोद लिया हुआ है। आयोजित कार्यक्रम में श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों में विधानसभा अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता, मध्य प्रदेश के सह प्रभारी एवं विधायक सतीश उपाध्याय, दिल्ली सरकार के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह एवं आशीष सूद, सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी, योगेन्द्र चंदोलिया, कमलजीत सहरावत, स्थानीय विधायक नीरज बसोया, विधायक शिखा रॉय, अनिल शर्मा, उमंग बजाज आदि, अनेक प्रदेश पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र बब्बर एवं रविन्द्र और सैकड़ों कार्यकर्ता प्रमुख रहे।

## हर वर्ष पार्क को संरक्षित करने का लेते हैं संकल्प : बांसुरी

सांसद बांसुरी स्वराज ने कहा कि आज हम सिल्वर ओक पार्क, जंगपुरा में एकत्रित हुए हैं। हम हर वर्ष सुषमा जी की पुण्यतिथि के माध्यम से एक पार्क को संरक्षित करने का संकल्प लेते हैं। पिछले वर्ष हमने लोधी रोड के एक पार्क का चयन किया था, और इस वर्ष सिल्वर ओक पार्क को। बड़ी संख्या में लोग यहाँ एकत्र हुए हैं और 500 से अधिक वृक्ष लगाए जा रहे हैं। यह जो जन आंदोलन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आरंभ किया "एक पेड़ माँ के नाम" यह केवल माँ की स्मृति को जीवंत नहीं करता, बल्कि पर्यावरण का रक्षक भी बनता है।

## खबर संक्षेप

### आठ लाख की ठगी 2 महिला आरोपी पकड़ाई

**फरीदाबाद।** शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर 8 लाख की ठगी दो महिला आरोपी गिरफ्तार की गई है।



साइबर थाना सेंट्रल में सेक्टर 82 फरीदाबाद वासी व्यक्ति ने शिकायत दी जिसमें आरोप लगाया कि उसको इंस्टाग्राम पर एक मैसेज आया जिसमें उससे शेयर मार्केट में निवेश के बारे में पूछा था और फिर उसे मॉर्गन एंजेल पायनियर फोरम-94 नाम के एक व्हाट्सएप ग्रुप में शामिल किया गया।

### आईडी बनाकर परिचितों से रुपए मांगे

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम वेस्ट थाना एरिया में जालसाज द्वारा गुरुग्राम कोर्ट में कार्यरत एक अधिवक्ता की



फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर उनके जानकारों से रुपए मांगने का मामला सामने आया है। शिकायत मिलने पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। पुलिस को दी शिकायत में गुरुग्राम के हरिनगर में रहने वाले रोहित यादव ने कहा कि वह गुरुग्राम अदालत में बतौर जूनियर अधिवक्ता प्रैक्टिस कर रहा है।

### फैक्ट्री में लगी आग माल जलकर राख

**गाजियाबाद।** ट्रॉनिका सिटी औद्योगिक क्षेत्र के प्रिंट पैक इंडिया फैक्टरी में भीषण आग लग गई। इसमें लाखों रुपए का माल जलकर राख हो गया। अग्निशमन विभाग



कई गाड़ियों ने घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि क्षेत्र के डी-3 पर संचालित प्रिंट पैक इंडिया नामक फैक्ट्री में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।


# एनसीआरटीसी ने की नमो भारत शॉर्ट-फिल्म मेकिंग प्रतियोगिता के विजेताओं की घोषणा

## देश के विभिन्न हिस्सों से आए युवा फिल्म निर्माताओं ने भारत के प्रथम नमो भारत को अपनी फिल्मों में रचनात्मकता से उतारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

एनसीआरटीसी ने बुधवार को नमो भारत शॉर्ट-फिल्म मेकिंग प्रतियोगिता के विजेताओं की घोषणा की। प्रतियोगिता का उद्देश्य युवा फिल्म निर्माताओं के कैमरे से नमो भारत पर नए, रचनात्मक दृष्टिकोण को दर्शाना था। एनसीआरटीसी ने इस प्रतियोगिता के टॉप तीन विजेताओं की घोषणा और सम्मान एक समारोह में किया गया।

एनसीआरटीसी के प्रवक्ता पुनीत वत्स ने बताया कि दिसंबर 2024 में इस प्रतियोगिता की घोषणा करते हुए देश भर के कॉलेज के छात्र/छात्राओं, स्वतंत्र फिल्म निर्माताओं और महत्वाकांक्षी कंटेंट क्रिएटर्स को भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया था। इस प्रतियोगिता के अंतर्गत, प्रतिभागियों को ऐसी मौलिक शॉर्ट-फिल्म का निर्माण और सबमिशन करना था जिसमें नमो भारत ट्रेनों और स्टेशनों को उनकी कहानी के एक अभिन्न अंग के रूप में चित्रित किया गया हो। प्रतियोगिता के थीम के रूप में नमो भारत ट्रेनों और स्टेशनों को फिल्मों की सक्रिप्ट में एक विषय के बजाए एक ऐसे पात्र के रूप में चित्रित करना था जो कहानी को एक




अर्थ देते हैं। एनसीआरटीसी को देश भर से 300 से ज़्यादा इच्छुक लोगों ने अपने सवाल भेजे। साथ ही, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु और महाराष्ट्र आदि जैसे राज्यों से लगभग 83 कहानियाँ एंट्रीज़ के रूप में प्राप्त हुईं। इनमें से, प्रासंगिक विषयवस्तु वाली 30 योग्य टीमों को नमो भारत स्टेशनों पर और ट्रेनों में फ़िल्मांकन के लिए आमंत्रित किया गया। इन एंट्रीज़ में सिनेमाई भाषा और कल्पना की समृद्ध विविधता साफ झलकती है।

एक पारदर्शी और गहन चयन प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए, इन प्रविष्टियों का एक बहु-स्तरीय मूल्यांकन किया। प्रारंभिक इंटरनल स्क्रीनिंग के बाद, चयनित फिल्मों की समीक्षा फिल्म उद्योग के जाने-माने व्यक्तियों की एक प्रतिष्ठित स्वतंत्र जूरी द्वारा की गई। चयनित फिल्मों का मूल्यांकन उनकी कहानी कहने की कला, मौलिकता, नमो भारत का कहानी में एकीकरण और समग्र सिनेमाई प्रभाव के आधार पर किया गया।

### नकद पुरस्कार प्रदान किए

समारोह में शीर्ष तीन फिल्मों को क्रमश डेढ़ लाख, एक और 50 हजार के नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। भविष्य में, चुनिंदा फिल्मों को एनसीआरटीसी के डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी प्रदर्शित किया जा सकता है। एनसीआरटीसी फिल्म निर्माताओं को एक निर्धारित शुल्क पर नमो भारत स्टेशनों और आकर्षक नमो-भारत ट्रेनों में शूटिंग करने का एक अवसर भी प्रदान कर रहा है। इससे संबंधित नीति एनसीआरटीसी की ऑफिशियल वेबसाइट पर उपलब्ध है। नमो भारत का बुनियादी ढांचा और ट्रेनें विश्वस्तरीय सुविधाओं के साथ-साथ वास्तुकला और मॉडर्न डिजाइन से परिपूर्ण हैं, जो उन्हें दृशयात्मक रूप से मनोरम और बहुमुखी शूटिंग का लक्ष्य रखने वाले फिल्म निर्माताओं के लिए उनकी सिनेमाई कहानियों को बयां करने के लिए उत्तम विकल्प बनाते हैं।

## हर घर तिरंगा अभियान को लेकर एसडीएम फरीदाबाद ने ली अधिकारियों की बैठक

# 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान के तहत जिले में होंगे विभिन्न कार्यक्रमः अमित कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत आगामी 15 अगस्त तक पूरे हरियाणा राज्य सहित फरीदाबाद जिले में हर घर तिरंगा अभियान हर्षोल्लास और गर्व के साथ मनाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य जन-जन में देशभक्ति की भावना का संचार करना है ताकि हर नागरिक राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए उसकी गरिमा को और अधिक ऊंचाई प्रदान कर सके।

इसी क्रम में एसडीएम फरीदाबाद अमित कुमार की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ एक




महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अभियान से जुड़े कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई और इसे जनभागीदारी से सफल बनाने हेतु दिशा-निर्देश जारी किए गए। अभियान को केवल एक सरकारी पहल न मानते हुए इसे एक जनआंदोलन के रूप में आगे बढ़ाना है। एसडीएम अमित कुमार ने जानकारी दी कि हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत जिला फरीदाबाद में अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। जिला के प्रमुख मार्गों पर तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें स्कूलों के छात्र, सामाजिक संगठन, स्वैच्छिक संस्थाएं तथा आम नागरिक भाग लेंगे। विभिन्न विद्यालयों में रंगोली और राखी मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिससे बच्चों में रचनात्मकता, सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रप्रेम का समावेश किया जा सके। एक भव्य जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन भी प्रस्तावित है, जिसमें सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, देशभक्ति गीत, प्रेरणादायक भाषण और जागरूकता गतिविधियां शामिल होंगी। एसडीएम ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि वे परस्पर समन्वय बनाकर व्यापक स्तर पर जनसंपर्क अभियान चलाएं और नागरिकों को तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि सभी अधिकारी अपने-अपने कार्यालयों पर तिरंगा अवश्य लगाएं और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें, ताकि समाज में सकारात्मक संदेश जाए और अधिक से अधिक लोग इस अभियान से जुड़ें। एसडीएम अमित कुमार ने जिले के सभी नागरिकों से अपील की कि वे अपने-अपने घरों, दुकानों, प्रतिष्ठानों और कार्यालयों पर तिरंगा अवश्य फहराएं और तिरंगे के साथ खींची गई फोटो को वेबसाइट पर अपलोड करें। इस अभियान की देशव्यापी पहुंच सुनिश्चित हो और तिरंगे के सम्मान की भावना हर दिल में बसे। बैठक में एसडीएम बडखल त्रिलोक चंद, एसडीएम बल्लभगढ़ मयंक भारद्वाज, सीटीएम अंकित कुमार सहित नगर निगम, शिक्षा विभाग, सूचना, जनसंपर्क एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग और अन्य सबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### उपाध्यक्ष ने अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

# अदालतों में लंबित वादों में जीडीए का प्रभावी तरीके से रखा जाए पक्षः अतुल वत्स



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए ) उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने बुधवार को विभिन्न अदालतों में लंबित वादों को लेकर विधि अनुभाग और उससे जुडे. अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने जानकारी ली कि अदालतों में पूर्व मे कितने लंबित वाद थे , वर्तमान में कितने वाद लंबित है और लंबित वादों में क्या स्थिति है।

उन्होंने कहा कि अदालतों में लंबित वादों को सॉफ्टवेयर पर अपलोड किए जाने के परिणाम स्वरूप तमाम अधिकारियों के द्वारा नियमित तौर पर समीक्षा की जा सकती है। नियमित तौर पर समीक्षा के परिणाम स्वरूप ही प्राधिकरण एनसीएलटी में रेड मॉल जैसे प्रकरण में जीत हासिल कर सका है।

उपाध्यक्ष ने निर्देश दिए कि जिन प्रकरणों में प्राधिकरण की तरफ से काउंटर एफिडेविट प्रस्तुत किया जाना है, उसे समय से तैयार कराते हुए माननीय अदालत के समक्ष प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने ये भी निर्देशित किया गया कि विकासकर्ताओं पर देयता के लंबित प्रकरणों में माननीय अदालत के सामने प्रभावी तौर पर प्राधिकरण का पक्ष रखा जाए , ताकि बिल्डरों पर जो देयता है, उसकी वसूली सुनिश्चित हो सकें।

सभी अधिकारी अब नियमित अपने अनुभागों से संबंधित कैसेस को प्राधिकरण एडवोकेट से डिस्कस करे जिससे प्रभावी पैरवी सुनिश्चित हो सके।

उपाध्यक्ष ने बताया कि नियमित समीक्षा से सभी वादों को ऑनलाइन सॉफ्टवेयर पर कराया जा चुका है, जिससे सभी अधिकारियों को नियमित केस मे मेसेज भी प्राप्त हो जाता है। इस कारण से समीक्षा व प्रभावी पैरवी आसानी से की जा रही है।

# इंटरनेशनल साइबर क्राइम मामले में ईडी की गुरुग्राम सहित 11 जगह रेड

धर्मेंद्र कौशिक ▶▶ गुरुग्राम

इंटरनेशनल साइबर क्राइम मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को दिल्ली, गुरुग्राम, नोएडा व देहरादून समेत 11 जगहों पर रेड की। साइबर जालसाज़ों ने कई विदेशी और भारतीय नागरिकों को ठगने के लिए पुलिस अधिकारी या जांच अधिकारी बनकर ठगी को अंजाम दिया था। वहीं विभिन्न क्रिप्टो करेंसी वॉलेट में बिटकॉइन के रूप में करीब 260 करोड़ रुपए जमा किए थे। बाद में इन बिट कॉइन को यूएसडीटी (क्रिप्टो टोकन) और इसके बाद नकदी में कनवर्ट किया गया। पीएमएलए के तहत यह छापेमारी केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और दिल्ली पुलिस द्वारा दर्ज की गई एफआईआर के आधार पर धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत चल रही जांच का हिस्सा हैं। ईडी की शुरूआती जांच में सामने आया है कि ठगों ने भारतीय व विदेशी नागरिकों को ठगने के लिए पुलिस अधिकारी व जांच एजेंसियों के अधिकारी बनकर संपर्क किया था। उन्होंने इन व्यक्तियों को गिरफ्तार करने की धमकी देकर बड़ी रकम ऐंठी। इसके अलावा, आरोपियों ने लोगों को धोखा देने और ठगने के लिए माइक्रोसॉफ्ट या अमेजन की तकनीकी सहायता टीमों के सदस्य बनकर भी ठगी को अंजाम दिया था।

क्रिप्टो करेंसी में परिवर्तित धनराशि पीड़ितों से वसूले गए धन को क्रिप्टो करेंसी में कनवर्ट किया गया और फिर आरोपियों को ट्रांसफर किया गया। जांच से पता चला है कि आरोपियों ने विभिन्न क्रिप्टो करेंसी वॉलेट में बिटकॉइन के रूप में करीब 260 करोड़ रुपए जमा किए थे। बाद में इन बिट कॉइन को यूएसडीटी (क्रिप्टो टोकन) और इसके बाद नकदी में कनवर्ट किया गया। यह पूरा लेन-देन यूएई स्थित हवाला ऑपरेटरों व अन्य माध्यमों से किया गया था। अब ईडी इस मामले की जांच कर रही है।

### मुख्यमंत्री उड़नदस्ता व खाद्य सुरक्षा अधिकारी के साथ सॉस बनाने वाली वर्कशॉप पर की गई छापेमारी

**फरीदाबाद।** मुख्यमंत्री उड़नदस्ता फरीदाबाद को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि मिथलेश बेकरी, औद्योगिक क्षेत्र गांव बाजरी इलाका थाना डबुआ जिला फरीदाबाद द्वारा मिलावटी लाल व



हरी चटनी (सॉस) का उत्पादन किया जाता है। जिसे स्थानीय बाजार में उपयोग के लिए बेचा जा रहा है। यदि संबंधित विभाग के अधिकारियों को साथ लेकर मिथलेश बेकरी पर बनाई जाने वाली चटनियों का सैंपल कराया जाए तो मिलावट खोरी का मामला सामने आ सकता है। उपरोक्त सूचना के आधार पर मुख्यमंत्री उड़नदस्ता की टीम द्वारा डॉक्टर पुनीत शर्मा खाद्य सुरक्षा अधिकारी फरीदाबाद से मिथलेश बेकरी गांव बाजड़ी का औचक निरीक्षण कराया गया। इस स्थान पर 600 लीटर लाल चटनी (सॉस) व 60 लीटर हरी चटनी (सॉस) बनाई हुई रखी मिली। खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा बेकरी संचालक से चटनी (सॉस) बनाने के तरीके की जानकारी प्राप्त करना चाह जो कोई संतोषजनक जबाब नही दें पाया।

# सिद्धू मूसेवाला की तर्ज पर किया था रोहित शौकीन का मर्डर

## दो बदमाशों ने दोनों हाथों से चलाई गोलियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

सेक्टर-77 में एसपीआर रोड पर सोमवार की रात को रोहित शौकीन का मर्डर सिद्धू मूसेवाला की तर्ज पर किया गया था। शौकीन को दो बदमाशों ने एक-दो नहीं बल्कि 17 गोलियां मारी थी।

दोनों बदमाशों ने ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर शौकीन का शरीर छलनी कर दिया। फाइनेंसर रोहित शौकीन के शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने सभी को चौका दिया है। शौकीन के शव का पोस्टमार्टम करने वाले बोर्ड के डॉक्टर दीपक माथुर ने बताया कि शौकीन को गाड़ी के बाहर गोलियां मारी गई। पुलिस के जांच अधिकारी ने बताया कि शौकीन पर करीब 40 से ज्यादा राउंड फायर किए गए, जिनमें से 14 गोलियां शरीर के आरपार हो गई जबकि तीन गोलियां शरीर के अंदर मिली। वहीं इस मामले में गुरुग्राम क्राइम ब्रांच की कई टीमों आरोपियों की तलाश में जुटी है। लेकिन 48 घंटे बीत जाने के बाद भी बदमाशों का कोई सुराग नहीं मिला। पुलिस सूत्रों का कहना है कि रोहित की हत्या के लिए प्रोफेशनल शूटर आए थे। उन्होंने कम से कम चार मैगजीन खाली की हैं। गोलियों के दर्जनों खोल पुलिस ने बरामद किए हैं। रोहित के शरीर का कोई हिस्सा ऐसा नहीं छोड़ा, जहां गोली न मारी गई हो। उसकी लाश गाड़ी के बाहर पड़ी मिली।

### ईडब्ल्यूएस भवनों मे चल रही व्यवसायिक गतिविधियों के खिलाफ जीडीए का अभियान

**गाजियाबाद।** जीडीए ने बुधवार को मधुबन बापूधाम के ईडब्ल्यूएस भवनों मे चल रही व्यवसायिक गतिविधियों के खिलाफ जीडीए का अभियान चलाया। प्रभारी प्रवर्तन जोन-03 के नेतृत्व में यह अभियान चला। मधुबन बापूधाम आवासीय योजना के अंतर्गत बने ईडब्ल्यूएस भवनों में कुछ भवन स्वामियों द्वारा आवासीय भवनों में व्यवसायिक गतिविधियां की जा रही थी। पूर्व में नोटिस दिए जाने के उपरान्त भी व्यवसायिक गतिविधियां जारी रखी गई। प्रभारी प्रवर्तन जोन-03, सहायक अभियंता, अवर अभियंता, प्राधिकरण के प्रवर्तन जोन-03 का समस्त स्टाफ व प्राधिकरण पुलिस बल उपस्थित रहा।

### पौने तीन लाख की भारतीय नकली करेंसी के साथ शख्स गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** थाना इंदिरापुरम पुलिस ने बुधवार को एक शख्स को 500-500 के 02 लाख 83 हजार रुपए की नकली करेंसी के साथ गिरफ्तार किया है।

आरोपित युवक ने फेसबुक पर एक अन्य व्यक्ति से सम्पर्क हुआ था। तभी से वह उससे असली नोट देकर नकली नोट ले रहा था, तथा दिल्ली एनसीआर में चला रहा था। एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि बुधवार को थाना इंदिरापुरम पुलिस ने गशत व चैकिंग के दौरान राजस्व हानि करते हुए आम जन ता के साथ धोखाधड़ी कर जाली नोट चलाने वाले उज्ज्वल झा निवासी सुशीला गार्डन, मंडोली थाना हर्ष विहार दिल्ली को 500–500 रुपए के कुल 566 नोट (02 लाख 83 हजार रुपए) जाली भारतीय करैन्सी नोट सहित साहिबाबाद रेलवे अंडर पास सेक्टर-1 वसुंधरा के पास से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त उज्ज्वल से पूछताछ करने पर यह तथ्य प्रकाश में आये कि फेसबुक के माध्यम से अज्ञात व्यक्ति से अभियुक्त का सम्पर्क हुआ था और दोनों ने आपस में मोबाइल नम्बर का आदान-प्रदान कर लिया था।


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | नेहरू कॉलोनी, वार्ड नं. 02, रोहतक में मुकेश हैल्थ क्लब वाली गली और गोरी शंकर मंदिर के दोनों साइड गली, आहूजा जनरल स्टोर वाली गली और जय लाल निवास वाली गली से आई.पी.बी. गली का निर्माण + 5 कार्य। | 05.08.2025 12.08.2025 | 3,87,70,867/- | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |
| 2 | नगर निगम रोहतक | राजीव गांधी स्टेडियम, रोहतक में 15 अगस्त, 2025 कार्यक्रम हेतु टेंटेज की आपूर्ति और फिक्सिंग। | 06.08.2025 12.08.2025 | - | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/37407/I/88/7 दि. 06.08.25


# देव सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष के राहुल गांधी की गर्दन काटने के बयान को लेकर सीपी से मिले कांग्रेसी

## राहुल गांधी को धमकी देने वालो को बर्दाश्त नहीं करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

नेता विपक्ष राहुल गांधी को धमकी देने वालों पर अब चुप्पी नहीं, सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। कांग्रेस कार्यकर्ता किसी भी सूरत में राहुल गांधी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी एवं अपमानजनक शब्द बर्दाश्त नहीं करेंगे। इसको लेकर बुधवार को तिगांव विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी रहे कांग्रेस नेता रोहित नागर के साथ कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता सुमित गौड़, अश्वनी कौशिक, डॉक्टर धर्म देव आर्य, नरेंद्र कुमार, अनिल कुमार नेताजी, विनोद कौशिक, डॉक्टर सौरभ शर्मा, चुन्नू राजपूत, संजय सोलकी, राजेश आर्य, पूर्व पार्षद प्रत्याशी सुंदर सिंह एवं राजेश दहिया सेक्टर-21 सी स्थित पुलिस कमिश्नर कार्यालय में पुलिस आयुक्त सतेन्द्र गुप्ता से मिलें और ज्ञापन भी सौंपा। कांग्रेस कार्यकर्ता अश्वनी कौशिक ने विगत 1 अगस्त को थाना शहर बल्लभगढ़ में शिकायत दी कि थी देव सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रज भूषण सैनी ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष



राहुल गांधी की गर्दन काटने की धमकी दी थी।

पुलिस कमिश्नर से मिलने के बाद रोहित नागर ने मीडिया को जारी बयान में कहा कि राहुल गांधी की गर्दन काटने की बात कहकर उन्माद फैलाने की कोशिश की है। उन्होंने इसको सोची समझी चाल बताया और कहा कि इस तरह के लोग समाज वैमनस्य फैलाकर दंगा कराने का काम करते हैं।

पुलिस को इसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही करनी चाहिए। रोहित ने कहा कि राहुल गांधी के खिलाफ अपशब्दों का प्रयोग करना और उनकी गर्दन काटने की बात कहने के बाद उनके साथी अश्वनी कौशिक ने पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराने के शिकायत दी थी। लेकिन, पुलिस ने आरोपी ब्रजभूषण सैनी के खिलाफ कोई कदम नहीं उठाया। इसके बाद तमाम कांग्रेसियों ने फरीदाबाद पुलिस कमिश्नर से मिलकर उनको ज्ञापन सौंपा है और दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बताया कि पुलिस कमिश्नर द्वारा आश्वस्त किया गया कि शीघ्र की इस मामले में आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प नरवाना | जीन्द जिले में नरवाना में एसडीओ (सिविल) कॉम्पलैक्स की विशेष मरम्मत। | 04.08.2025 11.08.2025 | 51.89 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwd-eepd-narwana@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प करनाल | करनाल जिले में नीलोखेड़ी निर्वाचन क्षेत्र में (ओडीआर कार्य कार्यक्रम 2025-26 के तहत) 5 अदद रोड का कार्य (1) आरडी 450 से 1950 तक डब्ल्यूबीएम जमा 50 मिमी बीएम जमा 20 मिमी पीसी सहित चौड़ा करना और मजबूतीकरण तथा कि.मी. 0.00 से 1.950 में जम्बा से गीत्तालपुर रोड पर सीसीबी को पुनः बिछाना (रोड आईडी 7415) (2) कि.मी. 0.00 से 3.000 कि.मी. में जम्बा से किरमच रोड (रोड आईडी 7416) पर सीसीबी को पुनः बिछाना और आरडी 0 से 2600, 2700 से 3000 तक डब्ल्यूबीएम जमा 50 मिमी बीएम जमा 20 मिमी पीसी सहित मजबूतीकरण (3) कंवार खेड़ी ऐप रोड (रोड आईडी 7417) लम्बाई 1.440 कि.मी. पर डब्ल्यूबीएम जमा 50 मिमी बीएम जमा 20 मिमी पीसी सहित मजबूतीकरण (4) बोरशाम ऐप रोड (रोड आईडी 7418) लम्बाई 1.050 कि.मी. पर डब्ल्यूबीएम जमा 50 मिमी बीएम जमा 20 मिमी पीसी सहित चौड़ा करना और मजबूतीकरण, (5) ब्राह्मण माजरा से दबारथाला (रोड आईडी 11099) लम्बाई 2.450 कि.मी. पर डब्ल्यूबीएम जमा 50 मिमी बीएम जमा 20 मिमी पीसी सहित मजबूतीकरण। | 05.08.2025 14.08.2025 | 489.73 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9876009311 pwd-eepd-karnal@hry.nic.in |
| 3 | शहीद हसन खान मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नल्हार, नूह | एसएचकेएम जीएमसी में डीजल जनरेटर (डीजी) समेत विद्युत सेवाओं का व्यापक रखरखाव अनुबंध (सीएमसी) हेतु निविदा। | 08.08.2025 25.08.2025 | 1,60,00,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 1267282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 4 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा | ओल्ड एसआर. टाइप क्वार्टर नं. 03, कैनाल कॉलोनी, बिंझोल, पानीपत में आवधिक मरम्मत और रखरखाव कार्यों के लिए आकलन। | बंद होने की तिथि 12.08.2025 | 1.65 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466159501 xenpwsdiv@yahoo.in |
| 5 | स्वास्थ्य सिविल सर्जन, जीन्द | वुड कैटरिंग सर्विस आइटम्स प्लेट वाइज की सर्विसिंग हेतु ई-निविदा का प्रकाशन। | 04.08.2025 14.08.2025 | ईएमडी 10000/- | https://etenders.hry.nic.in | 7015444191 cds.jind@gmail.com |
| 6 | लोनिवि भ व प यमुनानगर | यमुनानगर जिले में जेएजी प्रांतीय मंडल, लोनिवि भ व प शाखा, यमुनानगर निर्वाचन क्षेत्र जगाधरी (रोड आईडी 692, 5200, 707, 735 और 691) के तहत विभिन्न सड़कों पर चौड़ा करने और मजबूतीकरण द्वारा सड़कों की मरम्मत। डब्ल्यूपी-2025-26. | 05.08.2025 15.08.2025 | 465.63 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01732-237834 pwd-eepd-yamunanagar@hry.nic.in |
| 7 | लोनिवि भ व प हिसार | भिवानी में न्यू एट कोर्ट बिल्डिंग में 01 अदद लिफ्ट 13 व्यक्ति (एल-3) का प्रावधान। | 04.08.2025 14.08.2025 | 14.77 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 8 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में हांसी में सिविल हस्पताल की विशेष मरम्मत (ई.आई. आंतरिक का प्रावधान केवल)। | 04.08.2025 13.08.2025 | 29.32 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 9 | सिंचाई विभाग रोहतक | विभिन्न टूल्स और अन्य मदों की आपूर्ति + 2 अन्य कार्य। | बंद होने की तिथि 12.08.2025 | 14 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8901388296 rohtakxenmech@yahoo.com |
| 10 | पंचायती राज रेवाड़ी | गांव जांट सयारवास ब्लॉक रेवाड़ी, जिला रेवाड़ी में पंचायत घर का निर्माण (एचजीवीवाई स्कीम) + 2 कार्य। | 04.08.2025 12.08.2025 | 80.65 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1274222260 prexeeng.hry@nic.in |
| 11 | पंचायती राज झज्जर | गांव चप्पार, ब्लॉक माछरौली, जिला झज्जर में स्टेडियम का विकास। | 04.08.2025 11.08.2025 | 14.99 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 12 | लोहारू जल सेवाएं यांत्रिकी मंडल, चरखी दादरी, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, हरियाणा | पम्प हाउस नं. 3 लोहारू कैनाल हेतु क्षमता 325 एचपी की 1 अदद इलैक्ट्रिक मोटर की रिवाइंडिंग हेतु कार्य और 2 अन्य कार्य। | बंद होने की तिथि 12.08.2025 | 5.70 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01250-220058 xenlwsmech@gmail.com |
| 13 | स्वास्थ्य विभाग, कैथल | मोलिक्यूलर लैब जिला कैथल हेतु डायग्नोस्टिक लैब मदों की खरीद। | 07.08.2025 14.08.2025 | ईएमडी 20000/- | https://etenders.hry.nic.in | 7988672699 dhs.csktl@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच–11/2026/260/37409/I/88/7 दि. 06.08.25

## खबर संक्षेप

### ब्वॉयफ्रेंड के चक्कर में पति को मार डाला

**रांची।** झारखंड के पलामू में राजा रघुवंशी जैसा हत्याकांड सामने आया है। यहां 16 साल की एक



लड़की ने अपने ब्वॉयफ्रेंड से शादी करने को लेकर पति की हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि लड़की अपने ब्वॉयफ्रेंड से शादी करना चाहती थी, डेढ़ महीने पहले हुए शादी के बाद लड़की ने ब्वॉयफ्रेंड के साथ मिलकर पति को मारने का प्लान बनाया और 31 जुलाई को रास्ते से हटा दिया।

### 2 बेटों को गंगा में फेंकने वाला आरोपी पिता अरेस्ट

**वाराणसी।** चौबेपुर थाना क्षेत्र के चांदपुर में स्वयं सहायता समूह का कर्ज चुकाने के लिए पैसे की मांग



को लेकर पत्नी से विवाद के चलते दोनों बेटों शुभम और आशीष के साथ रिंग रोड-3 बभनपुरा के गंगा पुल से कूदने के आरोपी दुर्गा सोनकर को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पत्नी मंजू देवी की तहरीर पर पति समेत ससुराल के 5 लोगों पर दहेज उत्पीड़न व बच्चों को गायब कराने का मुकदमा दर्ज कराया है।

### मोस्ट वॉन्टेड बदमाश एनकाउंटर में घायल

**पटना।** बिहार में बढ़ते अपराध को



लगाम लगाने के लिए पुलिस ने यूपी के 'योगी मॉडल' की तर्ज पर काम करना शुरू कर दिया है। डेढ़ दर्जन हत्या लूट और रंगदारी मामले के आरोपी रोशन शर्मा का पुलिस ने हाफ एनकाउंटर किया है। ये कार्रवाई राजधानी पटना के फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र में हुई है।

# राम मंदिर से 5 फीट छोटा होगा जानकी मंदिर, 882 करोड़ खर्च होंगे

सीतामढ़ी के जानकी मंदिर का निर्माण 882 करोड़ रुपए से होगा। मंदिर अयोध्या के राम मंदिर से केवल 5 फीट छोटा होगा और इसका नक्शा भी उन्होंने ही बनाया है जिन्होंने प्रभु राम के मंदिर का निर्माण किया था, वास्तुकार एक ही हैं

## सीता मंदिर का 8 अगस्त को होगा शिलान्यास, 2028 तक तैयार!

**बिहार सरकार की योजना से देश और विदेश के धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा**

एजेंसी ▶▶ पटना

सीतामढ़ी के पुनौरा धाम में 8 अगस्त को ऐतिहासिक क्षण होगा, जब माता सीता के भव्य जानकी मंदिर का शिलान्यास होगा। यह मंदिर बिहार ही नहीं, पूरे भारत के लिए एक धार्मिक, सांस्कृतिक और भावनात्मक गौरव का क्षण होगा।

खास बात यह है कि यह मंदिर अयोध्या के श्रीराम मंदिर से महज 5 फीट छोटा होगा और इसके नक्शा बनाने वाले भी वही हैं (चंद्रकांत सोमपुरा और उनका परिवार), जिन्होंने अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण किया है।

धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा

तीर्थयात्रियों के लिए धर्मशाला की सुविधा भी रहेगी



जानकी मंदिर बनाने की लागत 882.87 करोड़ रुपए तय की गई है और इसे अगस्त 2028 तक पूरा करने का लक्ष्य है। इस योजना को अयोध्या की तरह तैयार किया जा रहा है। इसमें बड़े मंदिर के अलावा तीर्थयात्रियों के लिए धर्मशाला, रहने की जगह, सांस्कृतिक केंद्र और घूमने की सुविधाएं भी होंगी। बिहार सरकार की योजना है कि इसे देश और विदेश के धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाए।

## मुख्यमंत्री ने बरेली को 223 विकास योजनाओं की सौगात दी

# सीएम योगी बोले- 2017 से पहले नौकरियों पर डाली जाती थी डकैती, चाचा-बबुआ करते थे वसूली

एजेंसी ▶▶ बरेली

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को बरेली में कहा कि 2017 से पहले उत्तर प्रदेश के युवाओं के सामने पहचान का संकट था। सरकारी नौकरियों पर डकैती डाली जाती थी। कहीं चाचा वसूली के लिए निकलते थे, कहीं बबुआ...। कहीं भतीजा तो कहीं भाई वसूली करता था। हमारी सरकार ने पिछले आठ साल में साढ़े आठ लाख युवाओं को पारदर्शी तरीके से सरकारी नौकरी दी है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बरेली कॉलेज के मैदान में 2264 करोड़ रुपए की 545 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। कार्यक्रम में रोजगार मेले के माध्यम से 100 से ज्यादा कंपनियों के लिए चयनित 6000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए। इस दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने समाजवादी पार्टी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि सपा सरकार के दौरान सरकारी नौकरियों की बंटरबांट होती थी। सरकारी नौकरियों के लिए वसूली करने वाले रिश्तों को देखकर हर कोई असमंजस में रहता था। लोग कहते थे कि महाभारत में ही यह रिश्ते देखे थे। नौजवानों की नौकरी पर भी यह रिश्ते कैसे लूट मचाए हुए हैं।



### युवाओं को किया प्रेरित

उन्होंने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना का लाभ लेने के लिए युवाओं को प्रेरित किया। कहा कि इस योजना में युवाओं को उद्यम के चयन और प्रशिक्षण के साथ पांच लाख रुपए तक गारंटी मुक्त और ब्याज मुक्त ऋण मिलता है। समय से भुगतान करने पर 7.5 लाख रुपए और फिर 10 लाख रुपए तक का ऋण उपलब्ध कराया जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले युवाओं के लिए योजनाएं ही नहीं बनती थी। अब डबल इंजन की सरकार में युवाओं के लिए योजनाओं और अवसर की कोई कमी नहीं है।

**12 हजार बेटियों को मौका मिला जनप्रतिनिधि करें सम्मान**

*सीएम योगी ने कहा कि इन दिनों प्रदेश में 60 हजार से अधिक पुलिसकर्मी ट्रेनिंग ले रहे हैं। इनमें 12 हजार से अधिक बेटियां शामिल हैं। जनप्रतिनिधियों से आग्रह है कि ट्रेनिंग ले रहे पुलिसकर्मियों के परिजनों को सार्वजनिक रूप से सम्मानित करें। ताकि अभिभावकों को लगे कि उनका बेटा-बेटी सही राह पर चल निकला है और समाज में प्रेरणा का संचार हो। उन्होंने कहा कि अब प्रदेश में सरकारी नौकरी केवल परिवार विशेष के लिए नहीं है।*

### अच्छी सरकार विकास और समृद्धि लेकर आती है: योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सावन माह में नाथनगरी में आकर महादेव के चरणों में नमन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। बरेली की जनता को विकास कार्यों के लिए बधाई। उन्होंने कहा कि जब अच्छी सरकार आती है तो विकास और समृद्धि साथ लेकर आती है। यह वही बरेली है, 2017 से पहले दंगे का दाग लगता था।

### बिना भेदभाव के सबका विकास

सीएम योगी ने कहा कि हम विकास की योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के हर किसी को देंगे। लेकिन अगर कोई मानता हो कि किसी विशेष रूप से उनके लिए पिछली सरकारों की तर्ज पर योजनाएं बनेंगी। अब वो नहीं हो सकता है। अब नया भारत है, योजनाओं में भेदभाव नहीं करता है। उत्तर से दक्षिण तक, पूर्व से पश्चिम तक पूरे भारत को जोड़ने में विश्वास रखता है।

### बरेली मंडल को मिला पहला यूनानी मेडिकल कॉलेज

*मुख्यमंत्री योगी सुबह 10:40 बजे सर्किट हाउस पहुंचे। उन्होंने करीब एक घंटे तक जनप्रतिनिधियों के साथ मंडलीय बैठक की। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी जनसभा स्थल बरेली कॉलेज पहुंचे। मंच पर सीएम योगी का डमरुओं की निनाद से स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री योगी ने बटन दबाकर 322 विकास कार्यों का शिलान्यास और 223 योजनाओं का लोकार्पण किया। हजियापुर में बनकर तैयार यूनानी मेडिकल कॉलेज का लोकार्पण भी किया गया। यह बरेली मंडल का पहला यूनानी मेडिकल कॉलेज है। इसके शुरू होने के बाद मंडल में इलाज के साथ पढ़ाई की राह आसान होगी।*

**रक्षाबंधन पर योगी सरकार का बहनों को तोहफा**

# यूपी में तीन दिनों तक पूरी तरह से मुफ्त रहेगी बस यात्रा

एजेंसी ▶▶ लखनऊ



सीएम ने रक्षाबंधन के अवसर पर आगामी 8 अगस्त की सुबह से 10 अगस्त की रात्रि 12 बजे तक यूपीएसआरटीसी व नगरीय बस सेवा की बसों में माताओं-बहनों को निःशुल्क यात्रा की घोषणा करने के साथ पर्याप्त मात्रा में बसें संचालित करने को कहा। उन्होंने कहा कि आगामी 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका दिवस के अवसर पर तिरंगा यात्रा निकली जाए। स्कूल, कॉलेजों,डिग्री कॉलेजों व अन्य संस्थानों में कार्यक्रम आयोजित करें।

आगामी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भव्य रूप से सभी जगह तिरंगा फहराया जाए तथा राष्ट्रगान गया जाए। हर घर तिरंगा अभियान की समीक्षा करते हुए कहा कि इस राष्ट्रीय अभियान से हर नागरिक को जुड़ना चाहिए। विगत वर्षों में यूपी का प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ रहा है। इस वर्ष प्रदेश में 4.60 करोड़ तिरंगों को फहराया जाना है। आगामी 8 अगस्त तक तिरंगा बनाने का कार्य पूर्ण कर लिया जाए। 9 अगस्त से 12 अगस्त तक तिरंगा यात्रा, तिरंगा महोत्सव व मेला का आयोजन हो। सीएम ने बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि मानक के अनुरूप ही स्कूलों की पेयरिंग की जाए। इस कार्य में अनियमितता बरतने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। बच्चों की पढ़ाई में कोई बाधा नहीं आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि किसानों को उनकी जरूरत के अनुसार तय रेट पर फर्टिलाइजर उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए।

सीएम ने कहा कि क्षति ग्रस्त मकानों का तत्काल सर्वे कर प्रभावित लोगों को मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत आवास व जमीन का पट्टा उपलब्ध कराया जाए। बाढ़ प्रभावित इलाकों में जिन चीजों की आवश्यकता हो, उसके लिए मुख्यमंत्री कार्यालय को तत्काल बताएं ताकि उन चीजों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। वाले बच्चों के लिए दूध की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। कोई भी व्यक्ति जर्जर भवन में न रहे, उसे बिना देर किये बाढ़ शरणालय में शिफ्ट किया जाए।

## पेज एक का शेष

### लालकिले पर आजादी की...

4 हजार से अधिक विशेष अतिथियों को दिए जाने वाले निमंत्रण कार्ड पर ऑपरेशन सिंदूर का 'लोगो यानी प्रतीक चिन्ह' लगा हुआ नजर आएगा। यह जानकारी सूत्रों ने दी है।

**सेना के इन अधिकारियों ने तैयार किया लोगो :** गौरतलब है कि 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में लश्कर-ए-तैयबा के मुखौटा संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) द्वारा किए गए आतंकी हमले के जवाब में भारत की सेना और वायुसेना ने 7 मई की मध्यरात्रि के बाद ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई के जरिए पाकिस्तान और उसके अवैध कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में मौजूद आतंकियों के 9 ठिकानों को चंद मिनटों में मटियामेट कर दिया था। जिसमें कुल करीब 100 से अधिक आतंकवादी मारे गए। इसके तुरंत बाद भारतीय सेना ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक पोस्टर के साथ एक मार्मिक संदेश साझा किया। जो अब ऑपरेशन सिंदूर की एक परिभाषित छवि बन गया है। इस अभियान का लोगो सेना के दो अधिकारियों लेफ्टिनेंट कर्नल हर्ष गुप्ता और हवलदार सुरिंदर सिंह ने डिजाइन किया है। वहीं, दूसरी तरफ केंद्र भी ये साफ कर चुका है कि अभी ऑपरेशन सिंदूर पूरी तरह से समाप्त नहीं हुआ है। इस पर केवल अस्थायी विराम लगा हुआ है। अगर भविष्य में पाकिस्तान ने फिर से कोई आतंकी हमला किया तो उसका उसी अंदाज में माकूल जवाब दिया जाएगा। आतंकवाद के खिलाफ नई सोच के साथ भारत जीरो टॉलरेंस की नीति पर मजबूती के साथ डटा हुआ है।

**96 शहरों में सैन्य बैंड परफॉर्म करेंगे :** सूत्रों ने कहा कि 15 अगस्त को लालकिले पर आयोजित किए जाने वाले मुख्य समारोह की शाम सेना, वायुसेना, नौसेना, तटरक्षकबल, केंद्रीय अर्धसैन्यबलों और राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के बैंड भी बड़े पैमाने पर अपनी परफॉरमेंस देंगे। इस बार सैन्य बैंड्स के यह कार्यक्रम देश के कुल 96 शहरों में 142 जगहों पर आयोजित किए जाएंगे। 11 और 13 अगस्त को समारोह से जुड़ी हुई फुल ड्रेस रिहर्सल होगी। 11 अगस्त को ही रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ लालकिले का दौरा करेंगे और वहां भाग लेने वाले एनसीसी के कैडेटों और माई भारत के वालिंटियर्स को स्मृति चिन्ह प्रदान करेंगे।

**ग्रेट ब्रिटेन से मिली भारत को आजादी :** 15 अगस्त 1947 को भारत को ग्रेट ब्रिटेन से मिली आजादी की याद में हर साल स्वतंत्रता दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह वही दिन है जब भारत का 'स्वतंत्रता अधिनियम' लागू हुआ था। जिसने भारत की संविधान सभा को विधायी संप्रभुता हस्तांतरित कर दी थी। देश की आजादी के साथ ही इसका विभाजन भी हुआ और भारत, पाकिस्तान नाम से दो अलग-अलग राष्ट्र दुनिया के मानचित्र पर उभरे थे।

### जापान से होते हुए चीन...

**एससीओ में भाग लेंगे शी जिनपिंग, पुतिन :** शंघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन में बतौर मुख्य आयोजक देश के रूप में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग शामिल होंगे। उनके द्वारा समूह के अन्य राष्ट्राध्यक्षों का स्वागत किया जाएगा। जिनपिंग के अलावा रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी इस महत्वपूर्ण आयोजन का हिस्सा बनेंगे। सूत्रों ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की चीन यात्रा के दौरान सम्मेलन से इतर कुछ द्विपक्षीय हो सकती हैं। लेकिन अभी ये कहना मुश्किल है कि यह बैठकें किन शीर्ष नेताओं के साथ होंगी।

**वांग यी आएंगे नई दिल्ली के दौरे पर :** इस पूरे घटनाक्रम के बीच पीएम की चीन यात्रा से पहले उनके पोलित ब्यूरो के वरिष्ठ सदस्य और विदेश मंत्री वांग यी भारत की यात्रा कर सकते हैं। यहां 18 अगस्त को वांग यी और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल के बीच सीमा संबंधी मामलों पर बातचीत किए जाने की संभावना है। बताते चलें कि हालिया समय में भारत के रक्षा और विदेश मंत्री भी एससीओ शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए चीन की यात्रा कर चुके हैं। दोनों शीर्ष मंत्रियों ने समूह के अपने समकक्ष मंत्रियों के साथ बैठक में पहलगाम आतंकी हमले का जोरदार अंदाज में उल्लेख करते हुए आतंकवाद के समूल नाश के लिए एससीओ देशों को एकजुटता से प्रतिबद्धता जाहिर करने का आह्वान किया था। हालांकि पाकिस्तान की नापाक सोच और उसे मिले चीन के समर्थन की वजह से पहलगाम आतंकी हमले के मामले को घोषणापत्र के प्रारंभिक दस्तावेज में शामिल न करने से नाराज भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एससीओ के घोषणापत्र पर हस्ताक्षर भी नहीं किए। जिसकी वजह से इसे जारी नहीं किया जा सका।

### ट्रंप ने सच साबित कर दी...

था। लेकिन बाद में इस तारीख को आगे बढ़ाते हुए 7 अगस्त कर दिया गया था।

**भारत, रूस ने दिखा दिया ट्रंप को आइना :** अमेरिकी राष्ट्रपति की लगातार आलोचना के बीच भारत और रूस ने उन्हें करारा जवाब दिया है। जिसमें भारत ने ट्रंप को उनके अपने देश द्वारा रूस से की जा रही यूरेनियम और उर्वरकों की खरीद को लेकर पलटवार किया। मामले पर डोनाल्ड ट्रंप से एक भारतीय पत्रकार ने सवाल भी पूछ लिया। जिसके जवाब में चौंकते हुए सवाल को टालते हुए उन्होंने कहा कि मुझे इस संबंध में कुछ भी नहीं पता। मुझे इस बारे में देखना पड़ेगा। वहीं, दूसरी ओर रूस ने भी अमेरिका की आलोचना का दो टूक अंदाज में जवाब देते हुए उसे ये बता दिया है कि मॉस्को के साथ व्यापार करने वाले साझेदार देशों को इस संबंध में निर्णय करना चाहिए कि वो किसके साथ व्यापार करेंगे व किसके साथ नहीं करेंगे? राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ संबंधी घोषणाओं को रूस महज धमकियों से इतर कुछ और नहीं समझता है। उसका ये भी कहना है कि ऐसा अमेरिका तमाम देशों को रूस से व्यापार न करने के लिए मजबूर करने के लिए कर रहा है। भारत ने अमेरिका के अलावा तेल के मामले में उसकी आलोचना करने वाले यूरोपीय संघ (ईयू) को भी यूक्रेन युद्ध के बीच रूस से व्यापार करने की याद दिलाई है। जानकारों की राय में भारत, रूस का यह जवाब एक प्रकार से उनके द्वारा अमेरिका और उसके साथ ही ईयू द्वारा किसी भी वैश्विक चुनौती के दौरान अपनाए जाने वाले दोहरे मापदंडों को दुनिया के सामने उजागर करता है।

**रूस की यात्रा पर अजीत डोभाल :** उधर, टैरिफ से जुड़े उक्त तमाम घटनाक्रम के मध्य भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल बुधवार को अपनी यात्रा के तहत रूस पहुंचे हैं। जहां उनकी अपने समकक्ष रूसी एनएसए और रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगू से मुलाकात हो सकती है। साथ ही डोभाल रूस के राष्ट्रपति से भी शिष्टाचार मुलाकात करेंगे। पहलगाम आतंकी हमले की जवाबी भारतीय कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर के बाद एनएसए की रूस की यह पहली यात्रा है। जिसके केंद्र में संभवतः ऊर्जा सुरक्षा, रक्षा-सुरक्षा और रणनीतिक जैसे मुद्दे शामिल किए जा सकते हैं। रूसी एस-400 मिसाइल सिस्टम की बाकी बची हुई यूनिटों की भारत को डिलीवरी और इस सिस्टम की अतिरिक्त खेप का मामला भी डोभाल की चर्चाओं हिस्सा बन सकता है। इस साल के दूसरे पखवाड़े से जुड़े महीनों में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी भारत की यात्रा करने वाले हैं। जो दोनों देशों के बीच स्थापित वार्षिक वार्ता प्रक्रिया का हिस्सा है। ऐसे में दोनों पक्षों के बीच बातचीत में यह मुद्दा भी शुमार किया जा सकता है। जिसका संबंध रूसी राष्ट्राध्यक्ष की भारत यात्रा की तैयारियों से जुड़ा हुआ है।

### अमेरिकी राष्ट्रपति का निर्णय अनुचित...

भारत ने बताया है कि उसका उक्त तेल आयात पूरी तरह से बाजार कारकों और देश के कुल करीब 140 करोड़ भारतीयों की ऊर्जा सुरक्षा की पूर्ति करने के उद्देश्य से जुड़ा हुआ है।

### होम व कार लोन ईएमआई...

चालू वित्त वर्ष के लिए इसके अनुमान को 3.7 प्रतिशत से घटाकर 3.1 प्रतिशत कर दिया। फरवरी 2025 से, आरबीआई नीतिगत दरों में 100 आधार अंकों की कटौती कर चुका है। जून में अपनी पिछली नीति समीक्षा में, उसने रेपो दर को 50 आधार अंकों की कटौती करके 5.5 प्रतिशत कर दिया था।

### संसद में एसआईआर चर्चा नहीं...

में गड़बड़ी और वोटों की चोरी को रोका जा सके। एसआईआर के पीछे के उद्देश्य पर कड़ी आपत्ति जताते हुए राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि एसआईआर के जरिए लोगों की नागरिकता पर सवाल उठाया जा रहा है। किसी का वोट छीनना उसकी नागरिकता छीनने के बराबर है। मतदान का अधिकार हर नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर सरकार संसद में इस मुद्दे पर चर्चा नहीं कराती है, तो यह माना जाएगा कि वह न तो लोकतंत्र में विश्वास करती है और न ही संविधान में। खरगे ने कहा कि चुनाव आयोग भाजपा के इशारे पर विभिन्न राज्यों में अलग-अलग तरीकों से वोटों की हेराफेरी का काम कर रहा है। उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग द्वारा महाराष्ट्र में मतदाताओं की संख्या बढ़ाई गई, जबकि कर्नाटक में अलग तरह से धांधली की गई और अब बिहार में वोटरों के नाम काटे जा रहे हैं। वहीं कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि चुनाव आयोग खुद लोकतंत्र के मूलभूत सिद्धांत पर सवाल उठा रहा है और सुप्रीम कोर्ट की सलाह भी नहीं मान रहा है। उन्होंने प्रश्न किया कि अगर चुनाव आयोग एकतरफा रूप से आम नागरिकों के वोटिंग अधिकार छीन लेता है, तो वे अपनी भावनाएं कहां व्यक्त करेंगे? उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि संसद सदस्य होने के नाते यह विपक्षी नेताओं का कर्तव्य है कि वे इस मुद्दे को उठाएं। वेणुगोपाल ने कहा कि मोदी सरकार इस मुद्दे पर चर्चा से बचने के लिए लोकसभा के अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति पर दबाव डाल रही है, इससे लगता है कि सरकार कुछ छुपाना चाहती है। उन्होंने बताया कि इस मुद्दे पर 11 अगस्त को इंडिया गठबंधन भारतीय चुनाव आयोग तक मार्च करेगा और उससे इस मुद्दे पर स्पष्ट जवाब मांगेगा। प्रेस वार्ता की शुरुआत में इंडिया गठबंधन के नेताओं ने उत्तराखंड में बादल फटने से हुई जनहानि पर शोक व्यक्त किया और दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर कांग्रेस से प्रमोद तिवारी और नसीर हुसैन, शिवसेना-यूबीटी से अरविंद सावंत, टीएमसी से सागरिका घोष, आरजेडी से मनोज झा, एनसीपी-एसपी से फौजिया खान, सीपीआई (एम) से जॉन ब्रिटास समेत इंडिया गठबंधन के कई वरिष्ठ नेता उपस्थित थे।

### 225 से अधिक जवानो...

नैनीताल सांसद अजय भट्ट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान धराली क्षेत्र में आई भीषण आपदा, उसकी भयावहता, प्रभावित परिवारों की स्थिति और चल रहे राहत-बचाव कार्यों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा हुई।

**किन्नौर कैलाश यात्रा स्थगित, 413 श्रद्धालु रेस्क्यू, 617 सड़कें बंद :** हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश के चलते किन्नौर कैलाश यात्रा को अस्थायी रूप से स्थगित कर दिया गया है और यात्रा मार्ग पर फंसे 413 श्रद्धालुओं को रेस्क्यू कर सुरक्षित बाहर निकाला गया है। 617 सड़कें बंद हैं।

### अधेड़ पत्नी की हथौड...

हथौड़े से वार कर पत्नी को मौत के घाट उतार दिया। पुलिस सूत्रों से जानकारी मिली कि आरोपी बिहार से दिल्ली पत्नी को वापस ले जाने ही 1 अगस्त को आया था। उसकी पत्नी करीब 10 साल से उससे अलग रह रही थी। बताया यह भी जा रहा है कि आरोपी हत्या के बाद साधु के वेष में फरार हुआ है। कई टीमें आरोपी की तलाश में लगाई गई है। उसके बिहार भागने की आशंका के चलते टीमें बस अड्डों और रेलवे स्टेशनों पर भेजी गई है।

## जमीन विवाद में एक ही परिवार के तीन लोगों को उतारा मौत के घाट





**रांची।** झारखंड में खौफनाक घटना सामने आई है। यहां के साहिबगंज में दो पड़ोसियों के बीच जमीन के विवाद में एक शख्स ने तीन लोगों को मार डाला। जिन तीन लोगों की हत्या की गई है, वो सभी एक ही परिवार से थे। आरोपी ने थाने पहुंचकर खुद ही सरेंडर भी कर दिया और अपना जुर्म भी कबूल लिया है।

मामला साहिबगंज के तलाझारी थाना क्षेत्र का है। यहां के दुधकोल गांव में युवक ने जमीन को लेकर हुए विवाद में तीनों लोगों की पीट-पीटकर हत्या की है। इस मामले की जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि बुधवार को जमीन को लेकर दो पक्षों में विवाद हुआ था। विवाद इतना बढ़ गया कि एक शख्स ने अपने पड़ोसियों की जान ही लेली। पुलिस के अनुसार, आरोपी शख्स 35 साल का है। आरोपी ने पड़ोस में रहने वाले तीन बुजुर्गों को पीट-पीटकर मार डाला है। पुलिस ने बताया कि आरोपी तीनों मृतकों का संबंधी भी है। तीन लोगों को मौत के घाट उतारने के बाद उसने पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया और अपना जुर्म कबूल कर लिया कि उसने तीन लोगों की जान ली है। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने तीनों बुजुर्गों की लोहे की रॉड से पीट-पीटकर हत्या की है। इस मामले की जानकारी देते हुए साहिबगंज के एसपी अमित कुमार सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला परिवार के बीच जमीन विवाद को लेकर लग रहा है। उन्होंने बताया कि आरोपी बज्जल हेम्ब्रम ने थाने पहुंचकर खुदी सरेंडर किया और बताया कि उसने तीन लोगों की हत्या की है। एसपी ने जानकारी देते हुए कहा कि मृतकों की पहचान कर ली गई है। तीनों ही मृतक आरोपी शख्स के पड़ोसी हैं।

**यात्रीगण कृप्या ध्यान दें**

# तीन महीने तक रद्द रहेंगी झारखंड की दर्जनों रेलगाड़ियां

एजेंसी ▶▶ रांची

झाखंड के चक्रधरपुर रेल मंडल के राउरकेला कांसबहाल के बीच अप और डाउन लाइन में टीआरटी मशीन कार्य को लेकर 11 अक्टूबर से लेकर 16 दिसंबर 2025 तक मेगा ब्लॉक लिया जाएगा जिसके चलते हावड़ा मुंबई मुख्य रेल मार्ग समेत झारसुगुड़ा संबलपुर रेल मार्ग से चलने वाली कई ट्रेनें विभिन्न तिथियों में रद्द रहेगी।

मेगा ब्लॉक डाउन लाइन कांसबहाल राउरकेला के बीच प्रत्येक शनिवार को साढ़े पांच घंटे का यानि 11 , 18, और 25 अक्टूबर 1, 8, 15, 22, और 29 नवंबर और 6 और 13 दिसंबर को लिया जाएगा। वहीं अप लाइन में राउरकेला कांसबहाल के बीच प्रत्येक मंगलवार को यानि 14, 21 और 28 अक्टूबर 4 ,11, 18 और 25 नवंबर और 2, 9 और 16 दिसंबर को साढ़े पांच घंटे मेगा ब्लॉक लिया जाएगा। इन तिथियों के बीच इस मार्ग से चलने वाली टाटा इतवारी टाटा एक्सप्रेस, हटिया झारसुगुड़ा हटिया एक्सप्रेस, राउरकेला झारसुगुड़ा राउरकेला मेमू आरा दुर्ग आरा साउथ बिहार एक्सप्रेस, दुर्ग आरा साउथ बिहार एक्सप्रेस, राउरकेला पुरी राउरकेला एक्सप्रेस और राउरकेला जगदलपुर राउरकेला एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

राउरकेला कांसबहाल के बीच टीआरटी कार्य को लेकर हावड़ा कांटाभांजी इस्पात एक्सप्रेस इन तिथियों के बीच विभिन्न तिथियों में राउरकेला तक ही जाएगी और टिटलागढ़ हावड़ा इस्पात एक्सप्रेस झारसुगुड़ा तक ही जाएगी। इन दोनों ट्रेनों का इन तिथियों में राउरकेला कांटाभांजी और झारसुगुड़ा हावड़ा के बीच सेवा रद्द रहेगी। ऋषिकेश पुरी उत्कल एक्सप्रेस अक्टूबर, नवंबर और दिसम्बर में मेगा ब्लॉक के दौरान परिवर्तित मार्ग ईब, झारसुगुड़ा रोड सबलपुर यार्ड तथा कटक हो चलेगी। उत्कल एक्सप्रेस इन तिथियों के बीच परिवर्तित मार्ग कटक सम्बलपुर यार्ड झारसुगुड़ा रोड ईब होकर चलेगी।

SBI
भारतीय स्टेट बैंक
केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉरपोरेट केंद्र, मुंबई
फोन: 022-22820427
आवेदन के लिए क्यूआर स्कैन करें

**भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) में लिपिक संवर्ग में कनिष्ठ सहयोगी (ग्राहक सहायता और विक्रय) की भर्ती**

भारतीय स्टेट बैंक में नियमित आधार पर कनिष्ठ सहयोगी (ग्राहक सहायता और विक्रय) के पद पर नियुक्ति के लिए पात्र भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

**रिक्तियों की संख्या :**
**नियमित: 5180 + बैकलॉग: 403**

पात्रता मानदंड (आयु, शैक्षणिक योग्यता, आदि), आवश्यक शुल्क, ऑनलाइन आवेदन करने एवं ऑनलाइन शुल्क भुगतान के लिए बैंक की वेबसाइट **https://bank.sbi/web/careers/current_openings** पर विज्ञापन क्र. **CRPD/CR/2025-26/06** के अंतर्गत लिंक उपलब्ध हैं. प्रत्याशियों को परामर्श दिया जाता है कि वे विस्तृत विज्ञापन देखें और आवेदन करने एवं शुल्क भुगतान करने से पहले अपने पात्रता मानदंडों और अन्य विवरणों को सुनिश्चित कर लें.

- **ऑनलाइन पंजीकरण और शुल्क के भुगतान की तिथि: 06.08.2025 से 26.08.2025 तक.**

अधिक जानकारी के लिए **"CONTACT US" → "Post Your Query"** लिंक के माध्यम से हमें लिखें, जो ऊपर उल्लिखित बैंक की आधिकारिक वेबसाइट **https://bank.sbi/web/careers/current_openings** पर उपलब्ध है.

**स्थान:** मुंबई
**दिनांक:** 06.08.2025
**महाप्रबंधक (आरपी एंड पीएम)**



बारिश का मौसम चल रहा है तो इसका यह मतलब नहीं कि आप अपना वर्कआउट शेड्यूल रोक दें। इस दौरान आप कुछ मजेदार टाइप के वाटर वर्कआउट भी कर सकते हैं, अपनी फिटनेस मेंटेन कर सकते हैं।

# रेनी सीजन में करें ये मजेदार वाटर वर्कआउट्स



फिटनेस

शिखर चंद जैन

अक्सर लोग बारिश का मौसम आते ही खुद को घर में समेट लेते हैं। मॉर्निंग वॉक, जॉगिंग, खेलकूद सब बंद कर देते हैं। जबकि फिटनेस रिजाइम बारहों महीने जारी रखना जरूरी है। आइए जानते हैं, कुछ वाटर वर्कआउट्स के बारे में, जिनसे आप फिट तो रहेंगे ही खूब मजा भी आएगा।

**पैडल बोर्ड योगा:** किसी शांत झील में ठंडी हवाओं का आनंद लेते हुए पैडल बोर्ड पर अपने शरीर का संतुलन बनाना पैडल बोर्ड योगा कहलाता है। यह इन दिनों यूथ्स की पसंदीदा योगा स्टाइल है। पैडल बोर्ड पर तरह-तरह के आसन, ट्री-पोज या वारियर पोज बनाना युवाओं को खूब पसंद आता है।

**एक्वाटिक बूट कैंप:** इसके तहत एक घंटे में 10-12 हाइ इंटेंसिटी रुटीन के दो या तीन वर्कआउट परफॉर्म किए जाते हैं। इनसे 1200 कैलोरी तक बर्न की जा सकती है। ऐसे में हाई-नी स्प्रिंट, पुश एंड पुल, जंप अप के साथ स्क्वैट, बैकवार्ड रनिंग, एक्वा डंबल के साथ बाइसेप कर्ल्स जैसी कई एक्सरसाइज शामिल होती हैं। दो-तीन मिनट के विश्राम के बाद सेट दोहराए जाते हैं। लेकिन इसके लिए कम से कम 4 फीट गहरा पूल होना चाहिए।



**एक्वा जुंबा:** आप डांस के शौकीन हैं तो एक्वा जुंबा के माध्यम से अपना शौक पूरा करने के साथ फिटनेस भी पा सकते हैं। एक्वा जुंबा नए जमाने की एक्वाटिक डांस फिटनेस विधि है। इसमें पारंपरिक एक्वा ऐरोबिक्स और लैटिन जुंबा डांस का मिश्रण होता है। 45 मिनट का सेशन काफी फायदेमंद होता है। हां, इसे पूल के छिछले पानी वाले हिस्से में किया जाता है, इसलिए इसे करने के लिए स्विमिंग जानने की जरूरत नहीं।

**एक्वा योगा:** सामान्य रूप से जमीन पर किए गए योग की तुलना में पानी में किए गए योग के कई अतिरिक्त फायदे होते हैं। पानी की तरलता और कोमलता शरीर को सुरक्षा देती है, जिससे जोड़ों, घुटनों, कोहनियों और कमर में इंज्यरी होने के चांस ना के बराबर हो जाते हैं। पानी में स्ट्रेचिंग और डीप ब्रीदिंग के कांबिनेशन से शरीर को मजबूती, स्टेटिक बैलेंस और रिलैक्सेशन का फायदा मिलता है। एक्वायोगा के लिए पानी का तापमान 20-25 डिग्री सेल्सियस तक रहना अच्छा होता है, इसलिए मसल्स को रिलैक्स होने में मदद मिलती है और कोई पोज लंबे समय तक करने का फायदा मिलता है।

**स्पॉट जॉगिंग:** स्पॉट जॉगिंग करने के लिए कमर तक पानी में खड़े हो जाएं। दोनों हाथ सीधे ऊपर की ओर उठाएं और जैसे जॉगिंग करते हैं, वैसे ही करें। चर्बी कम करने और जोड़ों के दर्द से राहत दिलाने के लिए यह एक आसान और उपयोगी व्यायाम है। ज्यादा फायदा उठाने के लिए पानी में एक मिनट तक जिग-जैग पैटर्न में दौड़ें। अगले मिनट जहां से दौड़कर आए थे वहां वापस सीधे दौड़ कर जाएं। यह है वॉटर जॉगिंग। इस प्रकार आप प्रति मिनट करीब 17 कैलोरी फैट बर्न कर सकते हैं।

**ब्रिस्क वॉकिंग:** स्विमिंग पूल के एक छोर से दूसरे छोर तक तेजी से चल कर जाएं, लेकिन घुटनों पर भार देकर नहीं, पूरे-पूरे पग तली यानी जमीन पर टिकाते हुए चलें। इससे भी कैलोरी बर्न होती है। यहां बताए गए सभी वाटर वर्कआउट करने से पहले एक्सपर्ट से सीख लें। बेहतर होगा कि वाटर वर्कआउट कराने वाले सेंटर में किसी एक्सपर्ट की गाइडेंस में भी इसे करें। आपको स्वीमिंग आना भी जरूरी है। *

---

सीजनल प्रॉब्लम


शैलेंद्र सिंह

बारिश की रिमझिम बूंदें मन में रोमांच, ताजगी और कल्पनाओं के रंग घोलती हैं। मगर कई बार ये सारी कवितायी फुर्र हो जाती है। मन उदास हो जाता है। बेचैनी बढ़ जाती है और जो बारिश कल्पनाओं के सितार बजाती है, वह अचानक भयावह लगने लगती है। जी हां, इसे मानसून की मनोवैज्ञानिक अस्वस्थता यानी 'मानसून ब्लूज' कहते हैं। बारिश के लंबे-लंबे दौर जब रोमांचित करने की जगह मन को थकाने लगते हैं, बेवजह चिड़चिड़ापन तारी हो जाता है, कुछ भी अच्छा नहीं लगता, बिना कोई बात हुए भी दिल और मन को उदासी जकड़ लेती है, ऐसी स्थिति को भी मानसून ब्लूज कहते हैं।

**मानसून ब्लूज के कारण:** यह मौसम से जुड़ी मनोवैज्ञानिक प्रतिक्रिया है, जिससे हर साल मानसून के मौसम में दो, चार, दस नहीं हजारों लोग प्रभावित होते हैं। चिंता की बात तो यह है कि इस डिजिटल दौर में यह बीमारी कुछ ज्यादा ही संक्रामक होने लगी है। सवाल है, इसका कारण क्या होता है? विशेषज्ञों के अनुसार और हार्वर्ड मेडिसिन स्कूल की मानें तो जब बारिश के दिनों में लगातार आठ घंटे से ज्यादा बादल छाए रहते हैं, धूप का नामोनिशान नहीं होता, तो इंसान के मूड और व्यवहार में बारिश की कल्पना नकारात्मक असर डालने लगती है। कई बार सावन-भादो के महीनों में कई-कई दिनों तक घटाएं घिरी रहती हैं और अंधियारा वातावरण रहता है, जिससे मन बिल्कुल बेचैन हो उठता है, क्योंकि सूरज की रोशनी शरीर को न मिलने से हमारे बॉडी में जो हैप्पी हार्मोन यानी सेरोटोनिन बनता है, उसका लेवल लगातार नीचे गिरने लगता है। गौरतलब है कि यही हार्मोन हमारे मूड को स्थिर रखता है और इसे पॉजिटिव बनाए रखने में हमारी मदद करता है। जब बारिश के दिनों में कई-कई घंटे लगातार सूरज की रोशनी नहीं दिखती, चारो तरफ अंधेरा सा माहौल बन जाता है, तो हमारे शरीर की पॉजिटिव एनर्जी खत्म हो जाती है और सेरोटोनिन के अभाव में हमारे अंदर उदासी छाने लगती है, जो जल्द ही चिड़चिड़ेपन में बदल जाती है। इसकी वजह यह होती है कि शरीर में विटामिन डी का लेवल कम हो जाता है। जिस कारण हम थकान, लो एनर्जी और इम्युनिटी वीकनेस के शिकार हो जाते हैं और हमें कुछ भी अच्छा नहीं लगता।

लगातार बारिश होने से या बादलों के छाए होने से हमारे मूड बस्टर हार्मोन सेरोटोनिन में कमी हो जाती है और नींद आलस और चिड़चिड़ापन लाने वाले हार्मोन मेलोटोनिन की मात्रा बढ़ जाती है। यह अकसर उनको ज्यादा होता है, जो बारिश के दिनों में वर्क फ्रॉम होम करते हैं। कई-कई घंटे एक ही जगह बैठे रहते हैं। कई दिन घर से बाहर नहीं निकलते। लोगों से मिलना जुलना काफी कम हो जाता है।

## डिप्रेशन नहीं है मानसून ब्लूज



**मानसून ब्लूज** की स्थिति हमें भले अवसादजनक स्थिति का एक रूप लगे, लेकिन यह टेंपरेरी स्थिति होती है, जबकि अवसाद इसके मुकाबले स्थायी स्थिति होती है। मानसून ब्लूज की स्थिति बारिश के दिनों में धूप निकलते ही खत्म होने लगती है और एक घंटे तक धूप में रहने पर लगभग गायब हो जाती है। मानसून ब्लूज में अस्थाई रूप से कोई व्यक्ति हल्की थकान, उदासी और चिड़चिड़ेपन का शिकार हो जाता है तथा अकेलापन महसूस करता है। जबकि डिप्रेशन की स्थिति में ये सारी स्थितियां एहसास नहीं होती बल्कि हमारी वास्तविकता बन जाती हैं। मानसून ब्लूज में हमें खुद लगता है कि हम उदास हैं, लेकिन जब हम डिप्रेशन में होते हैं और डिप्रेशन के कारण उदास होते हैं, तब हमें खुद यह एहसास नहीं होता कि हम उदास हैं। यही नहीं डिप्रेशन के कारण जब हम चिड़चिड़े होते हैं, तब हमें इस चिड़चिड़ेपन का भी एहसास नहीं होता बल्कि लगता है कि हम तो बिल्कुल ठीक हैं, दूसरे लोग हमें चिड़चिड़ा साबित करने की कोशिश कर रहे हैं। इसलिए मनोचिकित्सक मानसून ब्लूज को अस्थायी डिप्रेशन की स्थिति मानते हैं, जबकि डिप्रेशन को एक क्लीनिकल मानसिक बीमारी का दर्जा देते हैं।

---

बारिश के मौसम में कुछ लोग बेवजह की उदासी या चिड़चिड़ापन महसूस करने लगते हैं। ये लक्षण डिप्रेशन जैसे लगते हैं लेकिन वास्तव में ऐसा मानसून ब्लूज के कारण होता है। क्या है मानसून ब्लूज, इसके कारण और बचाव के उपाय के बारे में आपको जरूर जानना चाहिए।

# मानसून ब्लूज बारिश के मौसम में जब मन रहने लगता है उदास



**इन्हें होता है ज्यादा रिस्क:** मानसून ब्लूज या अस्थाई अवसाद की स्थिति से आमतौर पर वे लोग ज्यादा शिकार होते हैं, जो कम सोशल होते हैं यानी जो लोग दूसरे लोगों से सहजता से इंट्रेक्शन नहीं करते। इसके अलावा जो लोग पहले से ही मानसिक तनाव या डिप्रेशन की स्थिति से जूझ रहे हैं, ऐसे लोग लगातार बारिश और कम रोशनी के मौसम में मानसून ब्लूज का शिकार हो जाते हैं। आजकल वर्क फ्रॉम होम करने वाले प्रोफेशनल भी मानसून ब्लूज की समस्या के शिकार हो जाते हैं। इसके अलावा सीनियर सिटीजन, ज्यादा समय तक सोने वाले और दिन का ज्यादातर समय मोबाइल में बिताने वाले लोग भी मानसून ब्लूज का आसानी से शिकार होते हैं। जिन लोगों की दिनचर्या निश्चित नहीं होती, जिनका हर दिन का एक सा रूटीन नहीं रहता। वो लोग भी मानसून ब्लूज की स्थिति का शिकार होते हैं।



**ना बरतें लापरवाही:** हालांकि मानसून ब्लूज कोई जानलेवा बीमारी नहीं है, यह सिर्फ एक मनःस्थिति है। फिर भी यह खतरनाक हो सकती है, अगर एक हफ्ते से ज्यादा बनी रहे। दो हफ्तो से ज्यादा बने रहने पर तो यह गंभीर स्थिति और खतरनाक हो सकती है। आप डिप्रेशन में जा सकते हैं। अनिद्रा का शिकार हो सकते हैं। भूख बिल्कुल नहीं लग सकती और आपके विचार पूर्णतः नकारात्मक हो जाते हैं। इसलिए जैसे ही मानसून के दिनों में मानसून ब्लूज की जकड़न में होने का एहसास हो, तुरंत इससे बाहर निकलने कोशिश करें।

**बचाव के उपाय:** मानसून ब्लूज से छुटकारा पाने के कुछ कारगर तरीके हैं। जब भी, जरा भी सूरज निकले तुरंत रोशनी में आएं, खुद को प्राकृतिक रोशनी में एक्सपोज करें। थोड़ी देर तक धूप में बैठें। घर के दरवाजे, खिड़कियां खोल दें, जिनसे खिड़कियों के रास्ते प्राकृतिक रोशनी आए और कमरे का अंधेरापन दूर हो। हल्का वॉक करें, शरीर को स्ट्रेच करें, योग करें, दोस्तों से बातचीत करें, अपने मनपसंद गीत सुनें, किसी दोस्त से फोन पर बात करें। आजकल सोशल मीडिया का दौर है, इसलिए अपने मनपसंद विषय की कुछ मजेदार रील्स देखें और रूटीन से खुद को अलग करने की कोशिश करें। बुक रीडिंग, म्यूजिक, रचनात्मक गतिविधियां या अपनी मनपसंद हॉबी में कुछ देर गुजारें, जिससे मूड बदलेगा और अवसाद की स्थिति से छुटकारा मिलेगा। मानसून ब्लूज से बचने के लिए अपना खान-पान भी सुधारें। ऊर्जा देने वाले ताजे फल खाएं, अंकुरित अनाज लें, गर्मा-गर्म सूप पीएं, ज्यादा शुगर और जंक फूड्स खाने से बचें।

**इन पर भी गौर करें:** अगर लगातार काम करना पड़ रहा है तो कुछ देर काम छोड़कर रिलैक्स करें, आगे की योजना बनाएं। नियमित तौर पर समय पर सोएं और समय पर बिस्तर से उठें। इस सबसे काफी हद तक मानसून ब्लूज की अवसादजनक स्थिति से बाहर आ सकते हैं। साथ ही इस बात को भी याद रखें कि यह एक मनःस्थिति है, कोई स्थाई बीमारी या कमजोरी नहीं है। इसलिए ऐसी स्थिति से डरे नहीं बल्कि इसे स्वस्थ शरीर की एक जैविक और भावनात्मक प्रतिक्रिया समझकर निश्चिंत रहें कि आप स्वस्थ हैं और जल्द ही इस सबसे बाहर आ जाएंगे। ऐसा सोचने से जल्द ही आप इससे छुटकारा पा सकते हैं। *







सजेशन / डॉ.माजिद अलीम

# बड़ी समस्या बनता जा रहा मोटापा

भारत के दस में से दो घरों के सभी वयस्क ओवरवेट (अधिक वजन) वाले यानी मोटे हैं। यह बात एक नए अध्ययन में सामने आई है। पांचवें नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे (एनएफएचएस-5, 2019-21) के डाटा का आईसीएमआर, नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर कैंसर प्रिवेंशन एंड रिसर्च (एनआईसीपीआर), टेरी स्कूल ऑफ़ एडवांस्ड स्टडीज और सिंबोसिस इंटरनेशनल के शोधकर्ताओं ने अध्ययन किया। उन्होंने 6 लाख से अधिक घरों में ओवरवेट और मोटापे का विश्लेषण किया और इस नतीजे पर पहुंचे कि लगभग 20 प्रतिशत घरों के सभी वयस्क सदस्य ओवरवेट की श्रेणी में हैं, जबकि 10 प्रतिशत घरों के सभी वयस्क सदस्य मोटे की श्रेणी में हैं। जाहिर है खराब जीवनशैली के कारण व्यक्ति ओवरवेट या मोटा होता है और बीमारियों को आमंत्रित करता है। एक अन्य शोध से मालूम होता है कि बढ़ते जीवनशैली रोगों के कारण दिल, मधुमेह आदि रोगों की दवाओं की बिक्री में जबरदस्त इज़ाफा हुआ है।



**गंभीर हो सकती है समस्या:** पब्लिक हेल्थ जर्नल में प्रकाशित इस अध्ययन में कहा गया है कि आमतौर से परिवार के सभी सदस्यों का एक साथ वजन बढ़ता है। यह संभवतः इसलिए होता है, क्योंकि एक परिवार में सभी सदस्यों का खान-पान और जीवनशैली का तरीका लगभग समान ही होता है। इसका संबंध जींस से भी हो सकता है। बहरहाल, इस अध्ययन के मुख्य शोधकर्ता प्रशांत कुमार सिंह का कहना है कि परिवार में सभी सदस्यों के मोटे होने से इस बात को बल मिलता है कि मोटापे को रोकने के लिए परिवार-केंद्रित प्रयास किए जाने चाहिए बजाय व्यक्ति-केंद्रित हस्तक्षेप के। अध्ययन में ऐसे परिवारों को सावधान किया गया है कि उनके सदस्यों को अनेक असंक्रमित रोगों के होने का भयंकर खतरा है। यह बात हर कोई जानता है कि मोटे लोगों के दिल व पाचन की स्वास्थ्य स्थिति अच्छी नहीं रहती है और उन्हें अनेक क्रोनिक रोग हो सकते हैं जैसे डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, स्ट्रोक, हार्ट फेल आदि। मोटापे का संबंध 13 प्रकार के कैंसर से भी है।

**सावधानी है जरूरी:** चिंता की बात यह है कि युवा आयु वर्ग में मोटापे से ग्रस्त लोग निरंतर बढ़ते जा रहे हैं। तीस-चालीस साल के व्यक्तियों को यह बड़ी संख्या में हो रहा है, जबकि पहले इनका संबंध बुजुर्ग लोगों से होता था। युवाओं की खराब जीवनशैली इसका मुख्य कारण है। ऐसे में दवाओं से बचना है और स्वस्थ रहना है तो नियमित एक्सरसाइज करना, संतुलित आहार का सेवन जरूरी है। इसके साथ ही अपना वजन ना बढ़ने दें। *



# निजी स्कूलों के विरोध के बीच बोले स्कूल शिक्षा मंत्री सिंह, नियमों से कोई समझौता नहीं, पालन करना ही होगा, वरना मान्यता होगी रद्द

## बच्चों की पढ़ाई नहीं रुकेगी, क्योंकि हर जगह सरकारी स्कूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मान्यता नियमों को लेकर निजी स्कूलों के विरोध के बीच अब स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह के एक बयान से हड़कंप मच गया है। स्कूल शिक्षा मंत्री सिंह ने स्पष्ट किया है कि नियमों से कोई समझौता नहीं होगा। नियमों का पालन करना ही होगा, वरना मान्यता रद्द कर दी जाएगी। अगर स्कूल फिट नहीं हैं तो उनकी मान्यता रद्द की जा रही है। या तो नियमों का पालन होगा या फिर अव्यवस्था को मंजूरी देनी पड़ेगी और यह संभव नहीं। यह डॉ. मोहन यादव की सरकार है, यहां नियम-कायदों से ही चलना पड़ेगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी बच्चे की पढ़ाई नहीं रुकेगी, क्योंकि हर जगह सरकारी स्कूल मौजूद हैं।

दरअसल, विधानसभा में मीडिया से चर्चा के दौरान स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा कि पहले कहा जाता था कि शिक्षा विभाग ध्यान नहीं दे रहा है। अब जब हम ध्यान दे रहे हैं, तो सभी नियमों का पालन होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कई स्कूल मान्यता के मानकों पर खरे नहीं उतर पाए। ऐसे मामलों में बच्चों के भविष्य को देखते हुए एक साल की सशर्त मान्यता दी गई है। हमने कहा है कि आप एक साल में सभी मानक पूरे करें। लेकिन यदि ऐसा नहीं हुआ, तो अगले साल मान्यता नहीं मिलेगी। मंत्री ने कहा कि हम अतिरिक्त समय दे सकते हैं, लेकिन गलत तरीके से स्कूल संचालन की अनुमति नहीं देंगे।

**यह मोहन यादव की सरकार है, यहां नियम-कायदों से ही चलना पड़ेगा: मंत्री सिंह**

कई स्कूल मान्यता के मानकों पर खरे नहीं उतर पाए

ऐसे मामलों में बच्चों के भविष्य को देखते हुए एक साल की सशर्त मान्यता दी गई





### 4,820 स्कूलों ने मान्यता के लिए आवेदन ही नहीं किया

प्राइवेट स्कूल वेलफेयर संचालक मंच सहित अन्य निजी स्कूल संगठन नए नियमों का विरोध लगातार रहे हैं। इसको लेकर निजी स्कूल संचालक 74 बंगला स्थित शिक्षा मंत्री के आवास के बाहर प्रदर्शन भी कर चुके हैं। मंच के प्रदेश अध्यक्ष शैलेष तिवारी के मुताबिक, नए नियम अव्यवहारिक है। 4,820 स्कूलों ने मान्यता के लिए आवेदन ही नहीं किया। इससे करीब 60 हजार शिक्षक बेरोजगार हो सकते हैं और आरटीई के तहत पढ़ने वाले सवा लाख से ज्यादा गरीब बच्चों की पढ़ाई खतरे में है। संचालकों के अनुसार, सबसे बड़ी समस्या रजिस्टर्ड किरायानामा है। मकान मालिक इसके लिए तैयार नहीं हैं या फिर किराया और एडवांस बढ़ाने की शर्त रख रहे हैं। इसके अलावा, सुरक्षा निधि और भारी-भरकम मान्यता शुल्क ने भी छोटे स्कूलों की परेशानी बढ़ा दी है।

## राजनीति के पंडित थे पूर्व मुख्यमंत्री द्वारका प्रसाद मिश्र : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पूर्व मुख्यमंत्री स्व द्वारका प्रसाद मिश्र की जयंती पर मंगलवार को विधानसभा के सेंट्रल हॉल में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विकास में श्रद्धेय द्वारका प्रसाद मिश्र का योगदान सदैव याद किया जाएगा। उन्हें राजनीति का पंडित कहा जाता था। पूर्व मुख्यमंत्री पंडित मिश्र ने तत्कालीन राजनीतिक परिस्थितियों के साथ अपने दल का नेतृत्व किया और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विधानसभा परिसर में मीडिया से चर्चा में कहा कि प्रदेश के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्रियों को पुष्पांजलि अर्पित करने की परंपरा शुरू करने के लिए विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर बधाई के पात्र हैं। इस परंपरा से प्रदेश की सेवा करने वाले तत्कालीन महापुरुषों के कल्याणकारी कार्यों को नमन किया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष तोमर, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंह सिंघार सहित उपस्थित मंत्री परिषद् के सदस्यों ने भी पुष्पांजलि अर्पित की।



## विधायक झूमा सोलंकी ने जनसंपर्क राशि लैप्स होने का मुद्दा उठाया, मामले में कार्य एवं शाखा प्रभारी इरशाद सुखी, सहायक ग्रेड 3 का निलंबन, कुछ को नोटिस





विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस विधायक झूमा सोलंकी ने उनके विधानसभा क्षेत्र के लिए आवंटित जनसंपर्क की राशि के लैप्स होने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि जनसंपर्क राशि लैप्स हो जाने में जिन लोगों की वास्तविक जवाबदारी है, उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने पूछा कि अब वह राशि दोबारा मिल पाएगी या फिर नहीं मिलेगी। इस पर राज्य मंत्री कृष्णा गौर ने जवाब में कहा कि मामले में कार्य एवं शाखा प्रभारी इरशाद सुखी, सहायक ग्रेड 3 का निलंबन हुआ था। तत्कालीन जिला योजना अधिकारी, डिप्टी कलेक्टर, जिला योजना अधिकारी को शो कॉज नोटिस जारी किया गया था। आगे भी जांच कर लेंगे। उन्होंने कहा कि जिले के प्रभारी मंत्री को इस पर ध्यान देना चाहिए। किंतु इस पर वे ध्यान नहीं दे रहे हैं। उन्होंने इस मामले में खरगोन के प्रभारी मंत्री विश्वास सारंग को भी घेरा। इस पर सारंग ने कहा कि उन्हें मामले की जानकारी नहीं है। इस मामले में विधायक से चर्चा कर आगे की कार्रवाई करेंगे।

## ग्वालियर किला हमारा स्वाभिमान का प्रतीकः डॉ. पाण्डेय



जबलपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. अभिलाष पाण्डेय ने मंगलवार को विधानसभा में ग्वालियर किले और प्रदेश की अन्य ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण एवं संवर्धन पर ध्यानाकर्षण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि ग्वालियर किला केवल एक किला नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर का प्रतीक है। यदि इसे व्यावसायिक दृष्टि से होटल में बदला गया तो हमारी विरासत को क्षति पहुंचेगी। डॉ. पाण्डेय ने कहा कि इन ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण से युवा अपने इतिहास को जानकर गर्व महसूस करते हैं। उन्होंने सरकार से प्रदेश के धरोहरों का संरक्षण सर्वोच्च प्राथमिकता पर किए जाने का अनुरोध किया।

### *ग्वालियर किले में नहीं खुलेगा होटल*

*विधायक अभिलाष पांडे ने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर जवाब देते हुए धार्मिक न्यास और धर्मस्व मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कहा कि ग्वालियर किला प्रदेश की गौरवशाली विरासत का प्रतीक है और उसकी ऐतिहासिकता को अक्षुण्ण बनाए रखना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वर्तमान में ग्वालियर किले में निजी होटल खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के पास विचाराधीन नहीं है।*

## खनिज मद से मिलने वाली राशि पर सदन में कांग्रेस सदस्यों ने किया शोर-शराबा





विधानसभा में प्रश्नकाल में बैतूल जिले के घोड़ाडोंगरी की विधायक गंगा उईके ने खनिज मद से होने वाले विकास कार्यों का मुद्दा उठाया। उन्होंने पूछा कि जिले को खनिज मद से किनी राशि मिली है और उससे किन क्षेत्रों में कितने के विकास कार्य कराए गए। उन्होंने 15 करोड़ रुपए से विकास कार्य कराने पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का धन्यवाद दिया। इस मुद्दे पर कांग्रेस सदस्यों ने शोर मचाया। कांग्रेस का कहना था कि इसे स्पष्ट किया जाना चाहिए कि किसे, कितनी राशि दी गई है। एमएसएमई मंत्री चेतन काश्यप ने कहा कि हल्ला करने की जरूरत नहीं है। बैतूल जिले को रायल्टी की 58 करोड़ रुपए की राशि मिलती है। इस राशि से विकास कार्य कराए जाते हैं। उन्होंने कहा कि घोड़ाडोंगरी क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए प्रस्ताव आते ही विकास कार्य कराया जाएगा। दरअसल, घोड़ाडोंगरी से भाजपा विधायक गंगा सज्जन सिंह उईके ने खनिज मद से आवंटित फंड के मामले में जानकारी मांगी थी। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र में 15 करोड़ रुपए से काम करने की भी जानकारी दी थी। इस पर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि विधायक के 15 करोड़ रुपए के काम से संबंधित मामले का जवाब दिया जाना चाहिए। इसके बाद सदन में शोर-शराबे की स्थिति बन गई। भाजपा के वरिष्ठ नेता व विधायक गोपाल भार्गव ने कहा कि सवाल के जवाब में कहा गया है कि खनिज मद से कार्य किए जाने संबंधी कोई प्रावधान नहीं है तो क्या डिस्ट्रिक्ट मिनरल फंड से राशि देने पर रोक लगा दी गई है, यह स्पष्ट किया जाए। जवाब में मंत्री काश्यप ने कहा कि डीएमएफ राशि जिले में अलग से खर्च की जाती है। रॉयल्टी की राशि राज्य स्तर पर आती है और राज्य के अंदर बजट के प्रावधान के अनुसार उसका वितरण होता है।

## कांग्रेस विधायक अनुभा मुंजारे ने महिला एवं बाल विकास विभाग में पदोन्नति का मामला उठाया

विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान बालाघाट से कांग्रेस विधायक अनुभा मुंजारे ने महिला और बाल विकास विभाग में 15 साल से सहायक ग्रेड 3, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की पदोन्नति नहीं किए जाने का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि कर्मचारी परेशान हैं। इससे उनकी कार्य क्षमता पर असर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि झूठी व गलत जानकारी दी जा रही है। सहायक ग्रेड तीन के दो हजार कर्मचारियों को उनका लाभ नहीं मिल रहा है। जवाब में महिला बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने कहा कि जो जानकारी दी गई है, वही पूरी तरह से सही है। कोई भी झूठी जानकारी नहीं दी गई है। क्रमोन्नति की समस्त कार्रवाई जिला कार्यालय से की जाती है। इस ग्रेड के शत प्रतिशत पद पदोन्नति से भरे जाते हैं। उन्होंने कहा कि वैसे भी अभी प्रमोशन पर कोर्ट से स्टे है। जब इस मामले में अंतिम निर्णय होने के बाद ही इस पर कुछ हो सकेगा। उन्होंने कहा कि विभाग में सहायक ग्रेड दो के कुल पदों की संख्या 384 है, इसमें से 257 पद रिक्त है। जबकि सहायक ग्रेड तीन में संधारण जिलो से होता है। उन्होंने कहा कि डिटल जानकारी सदस्य को पहले ही दिया जा चुका है।

### आदिवासी और पिछड़े क्षेत्र के लोगों को बना रहे शिकार

## मानव तस्करी के छत्तीसगढ़ में बढ़ रहे मामले

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मानव तस्करी, विशेषकर आदिवासी और पिछड़े क्षेत्रों में, सालों से राज्य के लिए एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। बेरोजगारी और बेहतर अवसरों की तलाश में होने वाला प्रवासन इस समस्या को और भी जटिल बना रहा है, जिससे तस्करों को अपना जाल फैलाने का मौका मिल रहा है। वे आदिवासी और पिछड़े क्षेत्र के लोगों को टारगेट कर रहे हैं।

राज्य में वर्ष 2023 से फरवरी 2025 तक मानव तस्करी के करीब 39 प्रकरण दर्ज हुए हैं। इनमें से कुल पीड़ितों की संख्या 66 है, जबकि मामले में 83 लोगों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। मानव तस्करी से जुड़े जानकारों का कहना है कि सरगुजा, जशपुर, कोरबा, बलरामपुर और बस्तर जैसे सीमावर्ती जिलों में तस्करी की घटनाएं अधिक होती हैं। इन



क्षेत्रों में बेरोजगारी और प्रवासन की प्रवृत्ति अधिक होने के कारण तस्कर आसानी से झांसे में लेने में सफल हो जाते हैं। इनमें से अधिकांश पीड़ित नाबालिग लड़कियां और महिलाएं हैं, जिन्हें बहला-फुसलाकर दूसरे राज्यों में घरेलू काम, जबरन श्रम या यौन शोषण के लिए भेजा गया है।

### 63 हजार से अधिक लोगों ने किया प्रदेश से प्रवासन

कामकाज की तलाश में राज्य से बड़ी संख्या में लोग पलायन करते हैं। आंकड़ों के मुताबिक जनवरी 2024 से फरवरी 2025 तक राज्य से 63 हजार से अधिक लोगों ने प्रवासन किया है। इनमें सबसे अधिक संख्या बलौदाबाजार जिले की है। यहां से करीब 13 हजार 200 लोग कामकाज की तलाश में अपना गांव छोड़कर अन्य राज्यों में गए हैं। ज्यादातर प्रवासन जशपुर, बिलासपुर, मुंगेली, कोरबा, जांजगीर-चांपा, सक्ती, रायपुर, महासमुंद, राजनांदगांव, कबीरधाम, खैरागढ़-गंडई-छुईखदान जैसे जिलों से होता है। पुलिस और एंटी ह्यूमन ट्रैकिंग यूनिट की सक्रियता से कई मामलों में पीड़ितों की घर वापसी हुई है। कई आरोपितों की गिरफ्तारी भी हुई है, लेकिन आंकड़े यह भी बताते हैं कि मानव तस्करी का नेटवर्क अब भी जमीनी स्तर पर काफी मजबूत है और एजेंट आज भी गांवों में सक्रिय होकर यह काम कर रहे है।

## नक्सली ढेर, हथियार समेत शव बरामद



हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

बस्तर संभाग के बीजापुर जिले में गंगालूर इलाके के जंगल में नक्सलियों और सुरक्षा बलों के जवानों के बीच मुठभेड़ हो रही है। दोनों तरफ से रुक-रुककर फायरिंग हो रही है।

बीजापुर पुलिस अधीक्षक जितेंद्र यादव ने एनकाउंटर की पुष्टि की है। एसपी जितेंद्र यादव ने बताया कि बीजापुर के पश्चिमी डिवीजन क्षेत्र में माओवादियों की उपस्थिति की सूचना मिली थी, जिसके बाद जवानों को नक्सल ऑपरेशन के लिए भेजा गया्र। जवानों और माओवादियों के बीच रुक-रुककर मुठभेड़ चल रही है।

अब तक के ऑपरेशन में एक नक्सली ढेर हुआ है। मुठभेड़ स्थल से जवानों ने मारे गए नक्सली का शव बरामद कर लिया गया है। उसके साथ ही हथियार भी मिला है। एसपी ने बताया कि मुठभेड़ अभी चल रही है इसलिए अभियान में शामिल जवानों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ज्यादा जानकारी नहीं दी जा सकती।

### एनटीपीसीः अचानक टूट गया प्लेटफॉर्म!

## 60 टन टैंक की चपेट में आकर मजदूर की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले के सीपत स्थित एनटीपीसी प्लांट में बुधवार को बड़ा हादसा हो गया। यूनिट-5 में चल रहे एनुअल मेंटेनेंस के दौरान एयर प्री हीटर का प्लेटफॉर्म अचानक भरभराकर गिर पड़ा। इसके नीचे 60 टन वजनी ऐश टैंक था, जो सीधे नीचे काम कर रहे मजदूरों पर गिर पड़ा।

हादसे में एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक की पहचान पोड़ी गांव निवासी घनश्याम साहू (27 वर्ष) के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसे के समय यूनिट में बड़ी संख्या में मजदूर मौजूद थे, जिनमें से कई अब भी मलबे के नीचे दबे होने की आशंका जताई जा रही है। हादसे के तुरंत बाद एनटीपीसी प्रशासन, स्थानीय पुलिस, फायर



ब्रिगेड और रेस्क्यू टीमें मौके पर पहुंचीं। युद्धस्तर पर बचाव कार्य शुरू किया गया। शाम तक कुल पांच मजदूरों को मलबे से बाहर निकाला गया, जिनमें एक की मौत हो चुकी है। चार घायल मजदूरों में एक की हालत बेहद नाजुक बताई जा रही है। इधर, जैसे ही हादसे की जानकारी ग्रामीणों को मिली, बड़ी संख्या में मजदूरों के परिजन और स्थानीय लोग एनटीपीसी गेट के बाहर जमा हो गए। परिजनों का आरोप है कि प्लांट प्रबंधन उन्हें किसी भी तरह की जानकारी नहीं दे रहा है। लोग रोते-बिलखते गेट के बाहर प्रदर्शन कर रहे हैं। कई लोगों ने सड़क पर बैठकर चक्काजाम कर दिया है, जिससे मौके पर तनाव की स्थिति बन गई है। भीड़ को देखते हुए भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। सीपत थाना प्रभारी गोपाल सतपथी ने बताया कि घटना यूनिट-5 में हुई है, जहां मेंटेनेंस का काम चल रहा था। इसी दौरान एयर प्री फिल्टर का प्लेटफॉर्म अचानक टूटकर गिर गया। नीचे मौजूद मजदूर इसकी चपेट में आ गए। घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान एक मजदूर की मौत हो गई। इस हादसे ने एक बार फिर औद्योगिक सुरक्षा मानकों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। कुछ सप्ताह पहले मुंगेली जिले के सरगांव में एक निर्माणाधीन स्टील प्लांट की चिमनी गिरने से भी कई मजदूरों की जान जा चुकी है। अब एनटीपीसी जैसे देश के बड़े और जिम्मेदार ऊर्जा संस्थान में इस तरह की दुर्घटना होना चिंता का विषय बन गया है। प्रबंधन और पुलिस दोनों ने जांच शुरू कर दी है।

### पांढुर्ना, मऊगंज में जिला भाजपा कार्यालयों के लिए मिलेगी जमीन, राज्य मंत्रिमंडल ने दी प्रस्तावों को मंजूरी, पीएमयू सेल गठित

# जबलपुर में बनेगा 100 बिस्तर का कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, सरकार देगी जमीन

## मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

राज्य सरकार ने जबलपुर के रांझी तहसील में 100 बिस्तर वाले कर्मचारी राज्य बीमा निगम के अस्पताल के लिए पांच एकड़ जमीन देने का निर्णय लिया है। इसके साथ प्रदेश के नवगठित जिलों मऊगंज और पांढुर्ना में भाजपा कार्यालय बनाए जाने के लिए भी जमीन देने का फैसला किया है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में इन प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक में मुरैना में 600 मेगावाट बिजली उत्पादन व भंडारण के मामले में सरकार की ओर से गारंटी दिए जाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई।



### अधोसंरचना विकास के चौथे चरण को मंजूरी

विधानसभा परिसर में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में सात पुलिस कर्मचारियों और पेंशन संबंधी मामलों पर भी चर्चा के बाद उस पर प्रस्ताव के मुताबिक मंजूरी देने का फैसला लिया गया। इसके साथ बैठक में मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना के चौथे चरण को मंजूरी दी गई है। साथ ही सहकारिता आयुक्त और पंजीयक सहकारी संस्थाएं भोपाल में पीएमयू सेल के गठन को लेकर चर्चा के बाद मंजूरी दी गई।

## प्रदेश में चलेगा सोलर पंप स्थापित करने का सघन अभियानः मुख्यमंत्री डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने निर्देश दिए हैं कि प्रदेश में किसानों के खेतों पर कुसुम योजना के अंतर्गत विभिन्न प्रावधानों का किसानों को लाभ दिलवाते हुए सोलर पंप स्थापना में पूर्ण सहयोग किया जाए। इसके लिए नवकरणीय ऊर्जा विभाग और सभी संबंधित एजेंसियां समन्वय से कार्य कर लक्ष्य पूर्ण करें। डॉ. यादव ने समत्व भवन मुख्यमंत्री निवास में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक में ये निर्देश दिए। बैठक में नवीन और नवकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री राकेश शुक्ला की उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में इस वर्ष सोलर पंप स्थापित करने का अभियान प्रारंभ हो चुका है। इस कार्य की प्रगति की मुख्यमंत्री ने विस्तार पूर्वक समीक्षा की।

### प्रदेश में स्थापित किए जाएंगे 10 लाख सोलर पंप

बैठक में जानकारी दी गई कि प्रदेश में आगामी वर्ष तक 10 लाख सोलर पंप स्थापित किए जाएंगे। चरणबद्ध रूप से यह कार्य किया जा रहा है। किसानों को खेतों में सोलर पंप की स्थापना से जहां सामान्य बिजली के उपयोग पर होने वाले अत्यधिक व्यय से मुक्ति मिलेगी वहीं इस नवाचार से अन्य किसान भी प्रेरित होंगे। यह कार्य प्रदेश में गति प्राप्त करेगा। इसके लिए किसानों में जागरूकता बढ़ाने के प्रयास भी किए जाएंगे। आने वाले समय में यह भी संभव होगा कि किसान उत्पादित ऊर्जा का विक्रय कर सकेंगे। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन एवं संबंधित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## फूड प्रोसेसिंग में अग्रणी राज्य बनने की ओर अग्रसर मध्य प्रदेश : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाकर स्वर्णिम मध्यप्रदेश के निर्माण के लिए संकल्पित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प में मध्यप्रदेश की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। इसी लक्ष्य की पूर्ति और प्रदेश के विकास के लिए राज्य सरकार ने सभी क्षेत्रों में कार्य प्रारंभ किए हैं। प्रदेश के औद्योगिकीकरण में फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री को बढ़ावा दिया जा रहा है। राज्य की कृषि उत्पादकता अच्छी है और अब हम फूड प्रोसेसिंग में अग्रणी राज्य बनने की ओर अग्रसर हैं। मंगलवार को राज्य कृषि विस्तार एवं प्रशिक्षण संस्था में 'समृद्ध एफपीओ-आत्मनिर्भर किसान-विकसित भारत' संकल्प के अंतर्गत एफपीओ फेडरेशन मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित 'एफपीओ डायरेक्टर समिट-2025' को संबोधित कर रहे थे।



### *फूड प्रोसेसिंग 5 से बढ़ाकर 95 प्रतिशत करने का लक्ष्य*

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार ने फूड प्रोसेसिंग को 5 प्रतिशत से बढ़ाकर 95 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ किसानों को फूड प्रोसेसिंग से जोड़ा जा रहा है। मालवा अंचल में आलू चिप्स निर्माण के लिए बड़ा उद्योग स्थापित किया जा रहा है। औद्योगिकरण में एफपीओ की भूमिका महत्वपूर्ण हो सकती है।*

## चिंतन

# संवेदनशील पहाड़ी क्षेत्रों की रक्षा करे सरकार

उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में कुदरत का कहर जान-माल पर भारी पड़ रहा है। यह पहली बार नहीं है। वर्ष 2013 में केदारनाथ में आए जल प्रलय से न लोगों ने, न स्थानीय वासियों ने और न ही सरकारों ने कोई सबक लिया है। केदारनाथ में आई जल प्रलय 2004 की सुनामी के बाद भारत की सबसे भीषण त्रासदी थी। उत्तराखंड व हिमाचल प्रदेश के पहाड़ी क्षेत्र में कभी ग्लेशियर फटता है, कभी बादल फटता है, कभी भारी वर्षा होती है, जिसके चलते प्रलयकारी बाढ़, भूस्खलन आदि की घटनाएं बढ़ रही हैं। वर्ष 2019, 2021, 2022 में बड़ी आपदाएं आ चुकी हैं। पर्वतीय इलाकों में आपदाएं अब अधिक तेज और बार-बार हो रही हैं। हमें सोचने की जरूरत है कि हर स्तर पर प्रकृति से खिलवाड़ क्यों जारी है? केदारनाथ, उत्तरकाशी क्षेत्र उत्तराखंड के संवदेनशील हिमालयी क्षेत्र हैं, जो भौगोलिक दृष्टिकोण से बेहद नाजुक और आपदा वाले क्षेत्र माने जाते हैं। मौसम व पर्यावरण विज्ञानियों के मुताबिक, उत्तरकाशी के धराली और आसपास के क्षेत्र 2012 और 2019 में भी प्राकृतिक आपदाओं की चपेट में आए थे। आधुनिक समय में बिना उचित भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण के, इन जगहों पर अतिक्रमण हुआ है। विशेषज्ञों का सुझाव है कि जियोलोजिकल और जियोस्पैशियल तकनीक के माध्यम से ऐसे संवेदनशील स्थानों का सर्वेक्षण करके इन्हें 'लाल निशान' के रूप में चिन्हित करना होगा। पर्यावरणविद् कह रहे हैं कि हिमालयी ऊंचाई वाले क्षेत्रों में तापमान तेजी से बढ़ रहा है। केदारनाथ आपदा के बाद 200 मीटर नदी किनारे निर्माण रोकने का नियम बना, लेकिन उसका भी उल्लंघन किया जाता रहा है। पर्यटन से जुड़ा आर्थिक लालच, वैकल्पिक पुनर्वास की कमी और स्थानीय मजबूरियां लोगों को बार-बार खतरे वाले इलाकों में लौटने पर मजबूर करती हैं। 'जर्नल ऑफ जियोलॉजिकल सोसायटी ऑफ इंडिया' में पिछले महीने प्रकाशित 1970 से 2021 तक के आंकड़ों के विश्लेषण पर आधारित एक अध्ययन उत्तराखंड में 2010 के बाद अत्यधिक वर्षा और सतह पर जल प्रवाह की घटनाओं में भारी वृद्धि की पुष्टि करता है। खड़ी ढलानें, कटाव के लिहाज से बेहद संवेदनशील नाजुक संरचनाएं और 'मेन सेंट्रल थ्रस्ट' जैसे 'टेक्टोनिक फॉल्ट' इलाके को अस्थिर बनाते हैं। नवंबर 2023 में 'नेचुरल हजाड्र्स जर्नल' में प्रकाशित एक अध्ययन में उत्तराखंड में 2020 से 2023 के बीच आई आपदाओं से जुड़े डेटा का विश्लेषण किया गया, जिससे राज्य में मानसून के महीनों के दौरान 183 घटनाएं घटने की बात सामने आई। इनमें से 34.4 फीसदी घटनाएं भूस्खलन, 26.5 फीसदी आकस्मिक बाढ़ और 14 फीसदी बादल फटने की थीं। मौसमी आपदाओं पर विज्ञान और पर्यावरण केंद्र के एटलस से पता चलता है कि जनवरी 2022 से मार्च 2025 के बीच 13 हिमालयी राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों में 822 दिन चरम मौसमी घटनाएं दर्ज की गईं, जिनमें 2,863 लोगों की मौत हुई। प्राकृतिक कारक मानवीय गतिविधियों के कारण और तीव्र हो गए हैं। जलवायु परिवर्तन से क्षेत्र के ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं, जिससे उफनाती हिमनदी झीलों के रूप में नये खतरे पैदा हो रहे हैं। उत्तराखंड में 1,260 से अधिक हिमनद झीलें हैं, जिनमें से 13 को राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने उच्च जोखिम वाली हिमनद झील और पांच को बेहद खतरनाक हिमनद झील के रूप में वर्गीकृत किया है। आज जब उत्तराखंड व हिमाचल प्रदेश आपदा से जूझ रहे हैं, तो सवाल यह उठता है कि क्या वैज्ञानिकों की ओर से दी गई चेतावनियों और सुझावों पर ध्यान दिया जाएगा?

## लापरवाही

डॉ. घनश्याम बादल



# धराली में प्राकृतिक आपदा से तबाही का जिम्मेदार कौन

अपने नैसर्गिक एवं नयनाभिराम प्राकृतिक सौंदर्य के लिए प्रसिद्ध उत्तरकाशी गंगोत्री मार्ग पर पर्यटकों का बेहद पसंदीदा हॉल्ट कैंप धराली आज सन्नाटे से घिरा है। वहां पर बसे हुए सत्तर-अस्सी परिवारों में से अधिकांश के घर, दुकानें व होम स्टे तबाह हो गए हैं एवं वहां का बाजार भी खत्म हो गया है । वहां स्थित शिव मंदिर को भी भारी क्षति पहुंचने का अनुमान है। अस्सी गंगा एवं भागीरथी नदियों के तटीय क्षेत्र में बसा हर्षिल घाटी का यह सुंदर गांव पांच अगस्त की दोपहर 1:45 पर अचानक ही भारी चीखों एवं चीत्कारों से गूंज उठा, जब अस्सी गंगा एवं सुक्खी टॉप से भारी मात्रा में मलबा एवं चट्टानें अचानक नीचे की तरफ लुढ़कने लगीं। पहाड़ों पर अक्सर होने वाले क्लाउडबर्स्ट यानी बादल फटने की घटनाओं के बाद इस तरह की घटनाएं होती रहती हैं लेकिन इतना भयावह दृश्य शायद उत्तरकाशी में 2019 में आए भूकंप के बाद पहली बार देखने को मिला है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार केवल 34 सेकंड में ही सब कुछ तबाह हो गया। हर्षिल घाटी में सेना के शिविर के जवान भी अपनी रक्षा इस प्राकृतिक तबाही से नहीं कर पाए और मिली रिपोर्ट के अनुसार 11 जवान अभी तक लापता हैं। सैकड़ो लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है। यद्यपि वहां पर स्थित सैन्यकर्मियों एवं स्थानीय लोगों ने हिम्मत करके 130 लोगों को मलबे से बाहर भी निकाल लिया है। एनडीआरफ और एसडीआरएफ तथा तिब्बत पुलिस एवं सेना के जवान लगातार वहां पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन 24 घंटे बाद तक भी सहायता के लिए तैनात एवं भेजी गई टीमें घटनास्थल तक नहीं पहुंच पा रही हैं क्योंकि धराली, हर्षिल एवं भटवाड़ी जैसी जगहों को जोड़ने वाली अधिकांश सड़कें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हैं तथा नदी में भारी मात्रा में गाद एवं कीचड़ समा गया है। मौसम की खराबी के चलते हेलीकॉप्टर से भी पर्याप्त सहायता नहीं पहुंचाई जा पा रही है। उत्तराखंड का उत्तरकाशी जिला पहले से ही अति संवेदनशील क्षेत्रों में शामिल रहा है। यहां न केवल 2019 में प्रचंड भूकंप आया था बल्कि बहुत पहले से ही बादल फटने एवं भूस्खलन की घटनाएं होती रही हैं। यहां का इतिहास बताता है कि सन् 1750 में भी यहां पर भागीरथी नदी एवं उसके आसपास के क्षेत्र में बहुत बड़ा बादल विस्फोट हुआ था और तब भी सैकड़ो जानें चली गईं थीं। बीच-बीच में बादल फटने एवं भूस्खलन तथा भारी वर्षा या बर्फबारी की वजह से पारिस्थितिकी का क्षतिग्रस्त होना जारी रहा लेकिन 1978 में यहां पर एक बार फिर से बादल फटने से भारी तबाही मची। कह सकते हैं कि नदियों के इस प्रवाह क्षेत्र पर मनुष्यों ने कब्जा कर लिया और शायद इसी गुस्से में प्रकृति ने अपना इलाका फिर से खाली करा लिया है। यह अजीब संयोग है कि 1978 में भी 5 अगस्त को ही यहां पर ऐसी तबाही मची थी। उसके बाद 2023 एवं 2024 में भी यहां बादल फटने एवं अतिवृष्टि का तांडव देखने को मिला लेकिन न सरकार चेती, न ही वहां बसने वाले लोगों अथवा प्रशासन ने सुरक्षा के अच्छे प्रबंध किए। इसका नतीजा आज सैकड़ों लोगों को अपना जीवन गंवाकर भुगतना पड़ा है। विकास की अंधी दौड़ के सबसे ज्यादा शिकार पहाड़ी क्षेत्र ही हुए हैं। वहां तक सुविधाएं एवं सड़क पहुंचाने के लिए बिना किसी खास भू सर्वेक्षण या विशेषज्ञों की राय लिए पहाड़ों का काटना लंबे समय से चल रहा है। पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए इन क्षेत्रों को सुगम बनाने के लिए भी तथा अपनी स्वार्थ पूर्ति या दूसरी वजहों से भी लगातार वनों का कटान जारी रहा है जिसके चलते हुए देवदार या चीड़ अथवा साल के वृक्ष जिनकी जड़ें गहराई तक जाकर मिट्टी को जकड़ लेती थी खत्म होते गए और पहाड़ अंदर से दरदरा और भुरभुरा होता चला गया। इससे भी ज्यादा ख़राब बात यह हुई कि वहां पर लोगों को रोज़गार दिलाने के अवैज्ञानिक तरीके अपनाए गए और पहाड़ों पर बहुमंजिली इमारतों के रूप में सीमेंट एवं लोहे के सरियों का वज़न और बढ़ा दिया गया। रही-सही कमी पर्यटकों की बढ़ती हुई संख्या के चलते हुए प्लास्टिक एवं दूसरे पर्यावरण प्रदूषण ने पूरी कर दी। नतीज़ा एक बार फिर भारी तबाही एवं जान-माल की क्षति के रूप में सामने आया है। बचाव राहत एवं सुरक्षा के उचित कदम समय से नहीं उठाए जाते हैं जिसकी वज़ह से वहां के निवासियों को भीषण प्राकृतिक आपदा का सामना करना पड़ता है। सवाल केवल धराली, भटवाड़ी या हिमाचल के मंडी, धर्मशाला अथवा दूसरे इलाकों में हुए जान-माल के नुकसान मात्र का नहीं है। असली मुद्दा तो यह है कि यह अवैज्ञानिक तरीके का विकास और सरकारों की लापरवाही या अनदेखी अथवा मानकों के उल्लंघन की प्रवृत्ति कब तक लोगों की जान लेती रहेगी?

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# टैगोर : वो दीप जो उजाला बन गया



पुण्यतिथि विशेष

प्रो. आरके जैन "अरिजीत"


रवींद्रनाथ टैगोर न केवल कवि, साहित्यकार या संगीतज्ञ थे, अपितु एक युग-नायक थे, जिनके दर्शन ने मानवता को नवीन पथ प्रदर्शित किया, जिनकी कृतियों ने हृदय को छुआ, और जिनके जीवन ने सत्य, सौंदर्य और प्रेम का अमर संदेश विश्व-वसुंधरा पर प्रसारित किया। टैगोर का जीवन एक ऐसी गाथा है, जो प्रत्येक मानव को प्रेरणा देती है कि वह अपनी सृजनशक्ति को प्रज्वलित करे, प्रकृति से प्रेम करे और मानवता के प्रति अपने उत्तरदायित्व को आत्मसात करे। उनकी पुण्यतिथि केवल स्मृति का दिन नहीं, अपितु एक अटल संकल्प है। उनकी स्मृति को सच्ची श्रद्धांजलि तभी अर्पित होगी, जब हम उनके विचारों को जीवंत रखकर उनके दिखाए मार्ग पर दृढ़ता से अग्रसर हों।

रवींद्रनाथ टैगोर का नाम एक ऐसी दीपशिखा है, जो भारत के सांस्कृतिक, साहित्यिक और आध्यात्मिक क्षितिज पर युग-युगांतर तक देदीप्यमान रहेगी। वे न केवल कवि, साहित्यकार या संगीतज्ञ थे, अपितु एक युग-नायक थे, जिनके दर्शन ने मानवता को नवीन पथ प्रदर्शित किया, जिनकी कृतियों ने हृदय को छुआ, और जिनके जीवन ने सत्य, सौंदर्य और प्रेम का अमर संदेश विश्व-वसुंधरा पर प्रसारित किया। उनकी पुण्यतिथि, 7 अगस्त 1941, केवल एक तिथि नहीं, वरन एक पावन स्मृति है, उनके विचारों को पुनर्जागृत करने, उनकी शिक्षाओं को आत्मसात करने और उनके स्वप्नों को मूर्त रूप देने का। टैगोर का जीवन एक ऐसी गाथा है, जो प्रत्येक मानव को प्रेरणा देती है कि वह अपनी सृजनशक्ति को प्रज्वलित करे, प्रकृति से प्रेम करे और मानवता के प्रति अपने उत्तरदायित्व को आत्मसात करे।

कोलकाता के जोड़ासांको ठाकुर बाड़ी में 1861 में जन्मे रवींद्रनाथ एक ऐसे परिवार में पले-बढ़े, जहां कला, साहित्य और दर्शन की सुगंध हर सांस में बसी थी। उनके पिता देवेंद्रनाथ टैगोर ब्रह्म समाज के प्रखर विचारक थे, और परिवार का वातावरण विचारों की स्वतंत्रता से सराबोर था। छोटी आयु में ही रवींद्रनाथ ने कविता की रचना शुरू कर दी थी। पारंपरिक स्कूली शिक्षा उन्हें बांध नहीं सकी; उन्होंने विश्व साहित्य, संगीत और प्रकृति के अध्ययन में स्वयं को डुबो दिया। यह स्वतंत्रता उनकी रचनात्मकता का आधार बनी, जिसने उन्हें एक कवि से कहीं अधिक एक दार्शनिक, चित्रकार, शिक्षाविद् और समाज सुधारक बनाया। टैगोर की साहित्यिक यात्रा का सर्वोच्च शिखर था गीतांजलि, वह काव्य संग्रह जिसने उन्हें 1913 में साहित्य का नोबेल पुरस्कार दिलाया। यह सम्मान केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं था, बल्कि यह भारत की बौद्धिक शक्ति का वैश्विक मंच पर उद्घोष था। वे पहले एशियाई थे, जिन्हें यह पुरस्कार मिला, जिसने उपनिवेशवादी मानसिकता को गहरी चुनौती दी। गीतांजलि की कविताएं मानव और ईश्वर के बीच एक आध्यात्मिक संनाद हैं। इनमें भक्ति की गहराई, प्रेम की कोमलता और जीवन की नश्वरता का ऐसा चित्रण है जो हृदय को गहरे तक उद्वेलित करता है।

टैगोर ने केवल कविता ही नहीं, बल्कि गोरा, घरे बाइरे, चोखेर बाली जैसे उपन्यासों, काबुलीवाला और डाकघर जैसे नाटकों, और असंख्य कहानियों व निबंधों के माध्यम से भारतीय समाज की जटिलताओं, मानवीय संवेदनाओं और सामाजिक कुरीतियों को उजागर किया। रवींद्रनाथ टैगोर केवल एक साहित्यकार नहीं, अपितु एक दूरदर्शी समाज सुधारक थे, जिनकी शिक्षा के प्रति दृष्टि आज भी प्रासंगिकता की प्रखर ज्योति है। 1901 में, उन्होंने शांतिनिकेतन में एक प्रयोगात्मक विद्यालय की नींव रखी, जो कालांतर में विश्वभारती विश्वविद्यालय के रूप में अमर हुआ। यहाँ उन्होंने भारतीय गुरुकुल पद्धति और आधुनिक पश्चिमी शिक्षा का अलौकिक समन्वय रचा।

उनका विश्वास था कि शिक्षा का लक्ष्य केवल उपाधि नहीं, बल्कि व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास है। प्रकृति की गोद में, संगीत, कला और नाट्य के माध्यम से उनकी शिक्षा पद्धति विद्यार्थियों में सृजनशीलता, संवेदनशीलता और नैतिकता का बीज बोती थी। विश्वभारती आज भी उनकी इस दृष्टि का सजीव प्रतीक है, जो शिक्षा को आत्मा की जागृति का पावन साधन मानता है। उनका राष्ट्रवाद भी



उनकी विचारधारा की भाँति अनन्य था। टैगोर अंधराष्ट्रवाद के प्रखर विरोधी थे, उनका विश्वास था कि सच्चा राष्ट्रप्रेम मानवतावाद की उदात्त प्रेरणा से उपजता है। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम का समर्थन किया, किंतु हिंसा का सदा विरोध किया। 1919 के जलियांवाला बाग नरसंहार के पश्चात, उन्होंने 'नाइटहुड' की उपाधि अस्वीकार कर उपनिवेशवाद के विरुद्ध साहसी सांस्कृतिक विद्रोह का परचम लहराया। उनकी रचना "एकला चलो रे" स्वतंत्रता सेनानियों के लिए प्रेरणा का मंत्र बनी, जो साहस और आत्मनिर्भरता का अमर संदेश देती है। टैगोर का दर्शन था कि सच्ची स्वतंत्रता केवल बाह्य बंधनों से मुक्ति नहीं, अपितु अंतर्मन की जागरूकता और नैतिक साहस से प्राप्त होती है। टैगोर की संगीतमय प्रतिभा उनकी सृजनशीलता का एक अनुपम रत्न थी, जो सौंदर्य और भाव की अनंत गहराइयों में समाया है। उन्होंने लगभग 2,230 गीतों की रचना की, जिन्हें रवींद्र संगीत के रूप में अमरत्व प्राप्त है। इन गीतों में प्रकृति का अलौकिक सौंदर्य, प्रेम की नाजुक संवेदनाएं, भक्ति की गहन तन्मयता और देशप्रेम की प्रचंड ज्वाला समाहित है। भारत का राष्ट्रगान ₹जन गण मन₹ और बांग्लादेश का 'आमार सोनार बांग्ला' उनकी कालजयी रचनाएं हैं, जो उनके वैश्विक प्रभाव की सशक्त गवाही देती हैं। श्रीलंका का राष्ट्रगान भी उनकी प्रेरणा से ओतप्रोत है। उनके गीत, जैसे 'पूरबोई गगने डोले', प्रकृति और मानव हृदय के बीच एक गहन संनाद रचते हैं। इनकी लय और शब्द आज भी असंख्य हृदयों को आल्हादित और प्रेरित करते हैं। उनकी चित्रकला उनकी बहुआयामी प्रतिभा का एक और अनमोल आयाम थी। जीवन के उत्तरार्ध में, उन्होंने लगभग 3,000 चित्रों का सृजन किया, जिनमें भारतीय लोककला, आदिवासी रेखांकन और प्रतीकात्मकता का अद्भुत समन्वय झलकता है। उनकी कला केवल सौंदर्य का आलंकारिक प्रदर्शन नहीं, अपितु उनके दर्शन और भावनाओं का दृश्यात्मक साकार रूप थी। प्रत्येक रंग और रेखा मानो उनकी कविता का ही सजीव विस्तार हो। उनकी चित्रकारी में मानव मन की जटिलताएं और प्रकृति का रहस्यमयी आकर्षण जीवंत हो उठता है, जो दर्शक को एक गहन चिंतन और सौंदर्यबोध की यात्रा पर ले जाता है। जब 7 अगस्त 1941 को रवींद्रनाथ टैगोर ने इस नश्वर संसार को अलविदा कहा, तो एक युग का सूर्यास्त हुआ, किंतु उनकी रचनाएं, उनके दर्शन और उनकी शिक्षाएं आज भी सूर्य की भांति प्रखर और जीवंत हैं। उनकी पुण्यतिथि हमें उनके असाधारण जीवन से प्रेरणा ग्रहण करने का पावन अवसर प्रदान करती है। वे हमें सिखाते हैं कि साहित्य केवल शब्दों का आलंकारिक संयोजन नहीं, अपितु आत्मा को प्रज्ज्वलित करने का अलौकिक साधन है। उनकी शिक्षा पद्धति हमें स्मरण कराती है कि सच्चा ज्ञान वही है, जो मानव को संवेदनशील और जागरूक बनाए। उनकी देशभक्ति हमें यह बोध कराती है कि प्रेम, नैतिकता और मानवता ही सच्चे राष्ट्रवाद की अटल नींव हैं।

आज, जब हम आधुनिकता की अंधी दौड़ में अपनी सांस्कृतिक जड़ों से विलग हो रहे हैं, टैगोर की शिक्षाएं एक दीपस्तंभ की भांति मार्गदर्शन करती हैं। वे हमें प्रकृति से जुड़ने, आत्मनिरीक्षण करने और मानवता के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझने की प्रेरणा देते हैं। उनकी पुण्यतिथि केवल स्मृति का दिन नहीं, अपितु एक अटल संकल्प है, उनके विचारों को जीवन में उतारने और उनके स्वप्नों को साकार करने का। जैसा कि टैगोर ने स्वयं कहा, "मृत्यु का अर्थ दीपक बुझाना नहीं, बल्कि इसलिए बुझाना है क्योंकि प्रभात का नवीन प्रकाश उदित हो चुका है।" उनका यह प्रकाश आज भी हमारे मध्य देदीप्यमान है, जो हमें सत्य, सौंदर्य और प्रेम के पथ पर अनंत यात्रा के लिए प्रेरित करता है। उनकी स्मृति को सच्ची श्रद्धांजलि तभी अर्पित होगी, जब हम उनके विचारों को जीवंत रखकर उनके दिखाए मार्ग पर दृढ़ता से अग्रसर हों।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# सत्य में ऐसी शक्ति जो आपको सौ झूठ से बचाए



संकलित
## दर्शन

संसार में सत्य को सबसे सुंदर कहा गया है। हमारे शास्त्र भी कहते हैं कि सत्य के लिए किसी से भी संघर्ष करने के लिए स्वयं को सदैव तत्पर रखना चाहिए। एक सत्य ही तो है, जो मनुष्य को सौ झूठ बोलने से बचा लेता है। सत्य की ऐसी महत्ता-महिमा होते हुए भी संप्रति संसार में असत्य का बोलबाला बढ़ा है। हालांकि, असत्य का आश्रय लेने वालों को सदैव यह स्मरण रखना चाहिए कि अंत में विजय सत्य के खेमे का ही वरण करती है। वास्तव में जहां सत्य है, वहीं धर्म है और जहां धर्म वहीं विजय है। यदि हमारी जीवन रूपी इमारत सत्य रूपी नींव पर खड़ी होगी तभी हम उसे निरंतर ऊंचाई प्रदान करते हुए उसकी प्रकृति को संरक्षित रख पाएंगे। सत्य के महत्व पर बुद्ध ने कहा कि सत्य को छोड़कर जो असत्य बोलता है, धर्म का उल्लंघन करता है, परलोक की जिसे चिंता नहीं है, वह व्यक्ति बड़े से बड़ा पाप कर सकता है। इसलिए असत्य का परित्याग ही श्रेयस्कर है। मनीषी कहते हैं कि 'मनसा वाचा कर्मणा' यानी मन, वचन और कर्म से सत्य बोलना चाहिए। जो विचार मन में हों वही वाणी में भी होने चाहिए और उसी के अनुरूप ही मनुष्य का व्यवहार भी होना चाहिए। इसमें कोई संदेह नहीं कि मन, वचन और कर्म से अलग रहने वाले पूर्णरूपेण सत्य का आचरण नहीं कर सकते।गांधी जी जैसे महामानव सत्य को निरपेक्ष सत्य के रूप में ग्रहण करते हैं। सत्य को ईश्वर का पर्यायवाची बताते हैं। उसे अपनी नीति का अहम अवयव मानते हैं। इसी सत्य के प्रति निष्ठावान हैं। वास्तव में हमारे अस्तित्व से संबंधित समस्त गतिविधियां सत्य पर केंद्रित होनी चाहिए।

# मुनि के शाप से देवराज इंद्र से छिन गया था स्वर्ग



संकलित
## प्रेरणा

एक दिन दुर्वासा मुनि विष्णु जी के पास पहुंचे। उस समय विष्णु जी ने दुर्वासा मुनि को अपनी दिव्य माला उपहार में दी। विष्णु जी से मिलकर दुर्वासा मुनि लौट रहे थे। तभी उन्हें रास्ते में देवराज इंद्र दिखाई दिए। इंद्र अपने ऐरावत हाथी पर सवार थे और दुर्वासा मुनि पैदल थे। इन दोनों ने एक-दूसरे को देख लिया। उस समय दुर्वासा जी ने सोचा कि विष्णु जी ने जो माला दी है, वह मेरे किसी काम की नहीं है। ये माला इंद्र को दे देता हूं। इंद्र स्वर्ग के राजा हैं तो उनके गले में ये माला शोभा देगी। ऐसा सोचकर दुर्वासा मुनि ने विष्णु जी की माला इंद्र को उपहार में दे दी। देवराज इंद्र ने दुर्वासा जी से वह माला ले ली। उस समय देवराज इंद्र का अहंकार जाग गया। वह अपने ऐरावत हाथी पर बैठे हुए थे, स्वर्ग के राज-पाठ का घमंड था। इसी घमंड की वजह से इंद्र ने सोचा कि ये सामान्य सी माला मेरे काम नहीं आएगी। ये सोचकर इंद्र ने वह माला अपने ऐरावत हाथी के ऊपर डाल दी। ऐरावत ने अपनी सूंड से वह माला पकड़ी और पैरों से कुचल दी। ये सब दुर्वासा मुनि ने देख लिया, अपने उपहार का ऐसा अपमान देखकर वे क्रोधित हो गए। गुस्से में उन्होंने इंद्र से कहा कि आज तूने अपने राज-पाठ और पद के घमंड में मेरे उपहार का अनादर किया है, मैं तूझे शाप देता हूं, तेरा सारा वैभव चला जाएगा और तू स्वर्गहीन हो जाएगा। इसके बाद असुरों ने देवताओं पर आक्रमण कर दिया और देवता पराजित हो गए। इंद्र को स्वर्ग से जाना पड़ा था।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### हिरोशिमा परमाणु बम के सबक

6 अगस्त 1945 का वो काला दिन जब अमेरिकी वायुसेना ने हिरोशिमा, जोकि जापान में है, पर परमाणु बम जिसे लिटिल बॉय कहा जाता है, गिराकर हजारों लोगों को मौत के नींद सुला दिया था। उसके जख्मों को अभी भी दुनिया नहीं भुला पाई है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ट्रुमन उस समय हुए युद्ध के दौरान जापान की युद्ध क्षमता को चौपट करना चाहते थे, इसलिए भी अमेरिका ने परमाणु बम से हिरोशिमा और नागासाकी पर हमले किए थे। इस हमले की कोई भी वजह रही हो, लेकिन ऐसे युद्धों और हमलों को बढ़ावा देना बहुत ही गलत है। यह प्राणी जाति के विनाश के बीज हैं। युद्ध हमेशा हानिकारक ही सिद्ध हुए हैं। मुट्ठीभर सत्ताधारियों की ईगो ने जब भी कोई युद्ध छेड़ा है तो इसमें बेकसूर और निहत्थे लोग ही मारे गए हैं।

*- संजीव भट्ट, राजनांदगांव*

## ट्रेंड

### भावपूर्ण श्रद्धांजलि



सौम्यता व सादगी की प्रतिमूर्ति, ओजस्वी वक्ता, पूर्व विदेश मंत्री, 'पद्म विभूषण' सुषमा स्वराज की पुण्यतिथि पर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। राष्ट्र प्रथम के ध्येय और जनसेवा के संकल्प के साथ सुषमा जी ने अपना सम्पूर्ण जीवन देश सेवा में समर्पित कर दिया।

-जे.पी. नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

### मजबूत सार्वजनिक सुरक्षा



ईआरएसएस-112 प्रणाली के अंतर्गत नए पीसीआर वाहन अब मंड्रेम, मोपा, वालपोई, कुनकोलिम और कैनाकोना में परिचालन में हैं, जिससे तीव्र प्रतिक्रिया और मजबूत सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित हो रही है।

- डॉ. प्रमोद सावंत, सीएम, गोवा

### बचाव कार्य में सहयोग



उत्तरकाशी के धराली में हुई इस भयावह त्रासदी से प्रभावित परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। मैं उत्तराखंड में 'आप' के साथियों से अपील करता हूं कि राहत और बचाव कार्य में प्रशासन का पूरा सहयोग करें, ज़रूरतमंदों की हर संभव मदद करें।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली

### वित्तीय संबंध उजागर



बार-बार की धमकियों के बावजूद प्रधानमंत्री मोदी का राष्ट्रपति ट्रंप के सामने खड़े नहीं हो पाने का कारण अदाणी के खिलाफ चल रही अमेरिकी जांच है। एक धमकी मोदी, एए और रूसी तेल सौदों के बीच वित्तीय संबंधों को उजागर करने की है।

- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

## करंट अफेयर

# रूस इंटरनेट सेंसर लगा लोगों को दुनिया से अलग कर रहा




रूस में यूट्यूब वीडियो का डाउनलोड नहीं होना, किसी लोकप्रिय स्वतंत्र मीडिया वेबसाइट पर जाने पर सिर्फ खाली पेज दिखाई देना, मोबाइल फोन का इंटरनेट घंटों या दिनों तक बंद रहना अब सामान्य बात हो गई है। ये सब किन्हीं तकनीकी कारणों से नहीं हो रहा है बल्कि सरकार की लोगों को स्वतंत्र जानकारी तक पंहुचने से रोकने की कार्रवाई का नतीजा है। अधिकार समूहों और विशेषज्ञों ने यह आरोप लगाया है। अधिकार समूहों के मुताबिक रूस में ऑनलाइन जानकारी एकत्र करना निराशाजनक, जटिल और यहां तक कि खतरनाक भी हो सकता है। उन्होंने कहा कि सुचारु इंटरनेट तक पहुंच और कई साइट के बाधित होने की वजह इन मंचों को क्रेमलिन के पूर्ण नियंत्रण में लाने के लिए अधिकारियों द्वारा जानबूझकर किया गया बहुआयामी और दीर्घकालिक प्रयास है। अधिकार समूहों के मुताबिक अधिकारियों ने प्रतिबंधात्मक कानून बनाए और उन वेबसाइट और मंच पर प्रतिबंध लगा दिया जो उनके निर्देशों का पालन नहीं करते। 'ऑनलाइन ट्रैफिक' की निगरानी और उसमें हेरफेर करने के लिए तकनीक को और भी बेहतर बनाया गया है। हालांकि 'वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क' (वीपीएन) ऐप्स का उपयोग करके प्रतिबंधों को दरकिनार करना अब भी संभव है।

## ऑफ बीट

# किशोरावस्था में सुने संगीत से भावुक क्यों हो जाते हैं



आपकी स्मृति की अतल गहराइयों में, आपके मस्तिष्क ने आपकी किशोरावस्था के संगीत की एक 'प्लेलिस्ट' बना रखी है। जिंदगी भले ही आगे बढ़ गई हो लेकिन इस बात की प्रबल संभावना है कि उस संगीत को सुनकर दिल और दिमाग के तार झनझना उठेंगे। खैर, मस्तिष्क और भावनाओं से जुड़ी किसी भी चीज की तरह, इसके बारे में पक्के तौर पर कह पाना मुश्किल है लेकिन इसका कुछ संबंध विकास से और कुछ हद तक किशोरावस्था के वर्षों में होने वाले प्रमुख तंत्रिका संबंधी बदलावों से हो सकता है। बदलते हार्मोन मस्तिष्क के भावनात्मक केंद्र कहे जाने वाले 'लिम्बिक' सिस्टम' को अत्यधिक सक्रिय कर देते हैं। इससे किशोर भावनात्मक रूप से संवेदनशील हो जाते हैं और उनमें तीव्र मनोदशा परिवर्तन देखे जा सकते हैं। साथ ही, हम अपने माता-पिता पर कम निर्भर होने लगते हैं। यह बढ़ता स्वावलंबन अपने साथियों के साथ घनिष्ठ संबंध बनाने की जरूरत को बढ़ा देता है। हमें बहुत जल्दी दूसरों के जज्बातों को समझना सीखना होगा और सुरक्षित या असुरक्षित चीजों की गहरी यादें विकसित करनी होंगी। एक प्रागैतिहासिक किशोर की दुनिया की कल्पना कीजिए। अब वह बच्चा संपूर्ण रूप से माता-पिता पर आश्रित नहीं है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने नवनिर्मित कर्तव्य भवन-3 का किया उद्घाटन

# अमृतकाल में इन्हीं भवनों में विकसित भारत की नीतियां बनेंगी, विकसित भारत के महत्वपूर्ण निर्णय होंगे और राष्ट्र की दिशा तय होगी: प्रधानमंत्री

गृह मंत्रालय तथा विदेश मंत्रालय सहित कई अन्य मंत्रालय और विभाग यहां शिफ्ट होंगे

कर्तव्य भवनों की परियोजना पूरी होने के बाद किराये के तौर पर खर्च होने वाले 1500 करोड़ रुपये की बचत होगी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कर्तव्य पथ पर नवनिर्मित कर्तव्य भवन-3 का उद्घाटन किया। सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास योजना के तहत बनाये गये इस भवन विभिन्न मंत्रालयों और विभागों को शिफ्ट किया जाएगा, जिससे दक्षता, नवाचार और सहयोग को बढ़ावा मिलेगा। इसमें गृह मंत्रालय, विदेश मंत्रालय, ग्रामीण विकास मंत्रालय, एमएसएमई मंत्रालय, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी), पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय/विभाग और प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार (पीएसए) के कार्यालय होंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार शाम को एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि अगस्त क्रांति का महीना है और स्वतंत्रता दिवस से पहले, देश आधुनिक बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं के पूरा होने के साथ कई ऐतिहासिक मील के पत्थर देख रहा है। उन्होंने कहा कि ये केवल कुछ नए भवन और सामान्य इंफ्रास्ट्रक्चर नहीं हैं। अमृतकाल में इन्हीं भवनों में विकसित भारत की नीतियां बनेंगी, विकसित भारत के महत्वपूर्ण निर्णय होंगे और राष्ट्र की दिशा तय होगी।

मोदी ने दावा किया कि हमने बहुत मंथन के बाद कर्तव्य भवन नाम दिया है। कर्तव्य पथ, कर्तव्य भवन हमारे लोकतंत्र की, हमारे संविधान की मूल भावना का उद्घोष करते हैं। उन्होंने कहा कि आज़ादी के बाद, देश की प्रशासनिक मशीनरी दशकों तक ब्रिटिश काल में बनी इमारतों में ही चलती रही। इन प्रशासनिक इमारतों में काम करने की स्थिति बहुत खराब थी, जहाँ काम करने वालों के लिए जगह की कमी, रोशनी की कमी और वेंटिलेशन की कमी थी। गौरतलब है कि गृह मंत्रालय आवश्यक संसाधनों और सुविधाओं के अभाव के बावजूद एक सदी से भी ज़्यादा समय तक इसी इमारत से काम करता रहा।

मोदी ने कहा कि इन प्रशासनिक भवनों की कार्य-स्थितियाँ बेहद खराब थीं...भारत सरकार के कई मंत्रालय दिल्ली में 50 अलग-अलग जगहों से संचालित हो रहे हैं। इनमें से ज्यादातर मंत्रालय किराए के भवनों में चल रहे हैं, जिन पर सालाना डेढ़ हज़ार करोड़ रुपये का खर्च आता है। यह रकम केंद्र सरकार सिर्फ़ किराया चुकाने में ही खर्च कर रही है...कर्तव्य भवन भी कई बनाए जा रहे हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि इससे किराए के 1500 करोड़ रुपये बचेंगे। उन्होंने कहा कि हमें फाइलों को लेकर अपने नजरिए को बदलने की जरूरत है। एक फाइल, एक शिकायत... ये देखने में रोजमर्रा का काम लग सकता है, लेकिन किसी के लिए वही एक कागज उनकी उम्मीद हो सकती है। एक फाइल से कितने ही लोगों का जीवन जुड़ा हो सकता है।

बताया जा रहा है कि अगले महीने तक कर्तव्य भवन-1 और कर्तव्य भवन-2 भी बनकर तैयार जाएंगे। दोनों का काम लगभग अंतिम चरण में है। प्रस्तावित कर्तव्य भवन 6 और 7 भी अक्तूबर 2026 तक बनकर तैयार हो जाएंगे।

गौरतलब है कि सेंट्रल विस्टा परियोजना के तहत केंद्रीय मंत्रालयों व विभागों के लिए ऐसे कुल 10 भवनों का निर्माण होना है। इनमें से कर्तव्य भवन-3 बनकर तैयार हो गया है, इसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। प्रधानमंत्री ने शाम छह बजे कर्तव्य पथ पर एक सार्वजनिक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि परियोजना पूरी होने के बाद किराये के तौर पर खर्च होने वाले 1500 करोड़ रुपये की बचत होगी।

लगभग 1.5 लाख वर्ग मीटर क्षेत्र में फैले इस अत्याधुनिक कार्यालय परिसर में दो बेसमेंट और सात मंजिलें (भूतल+6 मंजिल) हैं। वर्तमान में, कई प्रमुख मंत्रालय 1950 और 1970 के दशक के बीच निर्मित शास्त्री भवन, कृषि भवन, उद्योग भवन और निर्माण भवन जैसी पुरानी इमारतों से काम करते हैं, जो 1950-70 के दशक में बनाई गई थीं।

भवन में सुरक्षित और आईटी-सक्षम कार्यस्थल, स्मार्ट एंट्री सिस्टम, इलेक्ट्रॉनिक निगरानी और कमांड सेंटर, सोलर पैनल, सौर वॉटर हीटर और ई-वाहन चार्जिंग स्टेशन जैसी सुविधाएं हैं। यह पर्यावरण के अनुकूल निर्माण को भी बढ़ावा देता है, जिसमें अपशिष्ट जल का पुनः उपयोग, ठोस कचरा प्रबंधन प्रणाली शामिल हैं। इमारत को ठंडा रखने और बाहरी ध्वनि प्रदूषण को कम करने के लिए इसमें कांच की विशेष खिड़कियां लगाई गई हैं।

कर्तव्य भवन को 30 प्रतिशत कम ऊर्जा खपत के लिए तैयार किया गया है। ऊर्जा की बचत करने वाली एलईडी लाइटें, जरूरत न होने पर लाइटें बंद करने वाले सेंसर, बिजली बचाने वाली स्मार्ट लिफ्ट्स और बिजली के उपयोग को प्रबंधित करने की एक उन्नत प्रणाली लगाई गई है। पूरे भवन की निगरानी के लिए एक कमांड सीसीटीवी सेंटर भी बनाया गया है,जहां से परिसर व अंदर के गलियारों पर पैनी नजर रखी जाएगी। खास बात यह है कि केंद्रीय मंत्रालयों व विभागों के लिए नवनिर्मित इन नए भवनों को पहले कामन सेंट्रल सेक्रेटेरिएट (सीसीएस) नाम दिया गया था। इन कर्तव्य भवनों को मेट्रो लाइन से जोड़ने के लिए इंद्रप्रस्थ मेट्रो स्टेशन से एक नई लाइन बनाने का प्रस्ताव किया गया है।

मंत्रालयों के नए और अत्याधुनिक भवनों को बनाने की जरूरत इसलिए पड़ी, क्योंकि जो मौजूदा भवन हैं वह 1950 से 1970 के बीच बनाए गए थे। ये सभी पुराने हो गए है, इनका सालाना रखरखाव काफी महंगा हो गया था। गौरतलब है कि मौजूदा समय में केंद्र सरकार के पास करीब 55 मंत्रालय और 93 विभाग मौजूद है। ये अभी नार्थ और साउथ ब्लाक के साथ कृषि भवन, शास्त्री भवन, उद्योग व निर्माण भवन आदि शामिल है।

### कर्तव्य भवन-3 : एक नजर में

- कुल क्षेत्रफल- 1.50 लाख वर्ग मीटर
- भूतल क्षेत्रफल- 40 हजार वर्ग मीटर
- कुल तल- दो भूतल सहित कुल दस तल
- पार्किंग क्षमता- 600 कारों की
- बैठने की व्यवस्था- वर्क हाल और केबिन
- कॉमन सुविधा- योगा, क्रेच, मेडिकल रूम, कैफे, मल्टीपरपज हॉल
- 24 मुख्य कांफ्रेंस हाल, क्षमता- प्रत्येक में 45 व्यक्तियों के बैठने की
- 26 छोटे कांफ्रेंस हाल, क्षमता-प्रत्येक में 25 व्यक्तियों के बैठने की
- 67 मीटिंग रूम या वर्क हाल, प्रत्येक की क्षमता नौ लोगों की
- लिफ्ट- 27, सेंट्रलाइज एयर कंडीशन, स्वचालित सीढ़ियां- दो

### नार्थ और साउथ ब्लाक में बनेगा भारत संग्रहालय

कर्तव्य भवनों के तैयार होते ही नार्थ और साउथ ब्लाक में मौजूद सभी मंत्रालयों को वहां से स्थानांतरित कर दिया जाएगा। दोनों ही ब्लाक को खाली कराकर इनमें भारत संग्रहालय बनाया जाएगा। इस दौरान ढांचे के साथ किसी तरह का छेड़छाड़ किए बगैर इसमें महाभारत काल से लेकर देश के आज तक के इतिहास, कला व संस्कृति आदि को प्रदर्शित किया जाएगा। सेंट्रल विस्टा परियोजना का यह काम दिसंबर 2031 तक पूरा कर लिया जाएगा। इनमें ही प्रधानमंत्री के लिए नए आवास व कार्यालय भी बनाए जा रहे है। इसके लिए भी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।
सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास योजना के तहत, सरकार पहले ही संसद भवन और उपराष्ट्रपति एन्क्लेव का निर्माण कर चुकी है, और विजय चौक से इंडिया गेट तक फैले कर्तव्य पथ का भी पुनर्विकास कर चुकी है। इस परियोजना के तहत केंद्रीय सचिवालय के अलावा, सरकार एक कार्यकारी एन्क्लेव का भी निर्माण करेगी जिसमें एक नया प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ), कैबिनेट सचिवालय, इंडिया हाउस और राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय होगा। दूसरे चरण के तहत, एक नए प्रधानमंत्री आवास का निर्माण भी किया जाएगा।

### जल्द ही टूटेंगे कृषि, उद्योग, निर्माण और शास्त्री भवन

सेंट्रल विस्टा परियोजना के तहत जल्द ही कृषि भवन, उद्योग भवन, शास्त्री भवन और निर्माण भवन टूटेंगे। इनमें मौजूद सभी मंत्रालयों को खाली कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इन दौरान कुछ मंत्रालय अगले दो साल के लिए किराए भवन में भी शिफ्ट हो रहे है। माना जा रहा है कि जैसे ही नए कर्तव्य भवनों का निर्माण होगा, वैसे-वैसे इन सभी मंत्रालयों और विभागों को इनमें शिफ्ट किया जाएगा।

---

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से की मुलाकात



### हरियाणा के विकास जनकल्याण और भावी योजनाओं पर हुई सकारात्मक चर्चा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भेंट की। इस मुलाकात के दौरान हरियाणा के वर्तमान विकास कार्यों, कल्याणकारी योजनाओं और भावी परियोजनाओं को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई।
मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को राज्य की विकास योजनाओं और कार्यों की प्रगति से अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 'डबल इंजन' की सरकार के रूप में हरियाणा निरंतर आगे बढ़ रहा है और राज्य के नागरिकों को शिक्षा, स्वास्थ्य, अधोसंरचना, कृषि, उद्योग और सामाजिक कल्याण जैसे क्षेत्रों में लाभ प्राप्त हो रहा है।
सैनी ने प्रधानमंत्री को राज्य में चल रही कुछ प्रमुख योजनाओं व कार्यक्रमों के संदर्भ में जानकारी साझा की तथा राज्य सरकार की भावी प्राथमिकताओं से भी अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' की भावना को केंद्र में रखते हुए राज्य के हर वर्ग के समावेशी विकास के लिए कार्य कर रही है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से राज्य हित के विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन प्राप्त किया तथा इन क्षेत्रों में केंद्र सरकार के सहयोग को लेकर धन्यवाद भी व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप जनसेवा व सुशासन के लिए सतत प्रयासरत है। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि आने वाले समय में हरियाणा प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विकसित भारत के साथ विकसित हरियाणा की ओर तीव्र गति से प्रगति की दिशा में अग्रसर होगा।

---

विपक्षी दलों के सदस्यों के शोर-शराबे के बीच मर्चेंट शिपिंग बिल लोकसभा में पास

# एसआईआर पर संसद में गतिरोध बरकरार, विपक्ष चर्चा करने पर अड़ा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



संसद में गतिरोध खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। विपक्ष पिछले कई दिनों से बिहार में मतदाता सूची संशोधन पर चर्चा की मांग को लेकर अड़ा है जबकि सरकार चर्चा को लेकर इच्छुक नजर नहीं आ रही है। बुधवार को भी विपक्ष के हंगामे के बीच दोनों सदनों की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई।

विपक्ष द्वारा बार-बार व्यवधान डाले जाने के कारण, दोनों सदनों की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। 21 जुलाई को संसद का मानसून सत्र शुरू होने के बाद से, ऑपरेशन सिंदूर पर दो दिनों की बहस को छोड़कर, कार्यवाही लगातार तीसरे सप्ताह बाधित रही है। इसके अलावा विपक्षी दलों के सांसदों ने बुधवार को लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मौजूद होने की मांग करते हुए हंगामा किया। वहीं, राज्यसभा में बुधवार को पूर्व सदस्य दिवंगत सत्यपाल मलिक को श्रद्धांजलि दी गई। मलिक का लंबी बीमारी के बाद मंगलवार को नयी दिल्ली के एक अस्पताल में निधन हो गया था।

लोकसभा ने बुधवार को वाणिज्यिक जलपोतों के स्वामित्व की पात्रता मानदंडों का विस्तार करने और समुद्री दुर्घटनाओं की जांच व पूछताछ का प्रावधान करने वाले एक विधेयक को संक्षिप्त चर्चा के बाद पारित कर दिया। लोकसभा ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर विपक्षी दलों के सदस्यों के शोर-शराबे के बीच ही 'वाणिज्य पोत परिवहन विधेयक, 2024' को ध्वनिमत से मंजूरी प्रदान कर दी।

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बुधवार को कहा कि बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का मुद्दा उच्चतम न्यायालय में विचाराधीन है और लोकसभा के कार्य संचालन और प्रक्रियाओं के नियमों एवं परिपाटी के तहत इस मुद्दे पर सदन में चर्चा नहीं हो सकती।



कांग्रेस और कई अन्य विपक्षी दलों ने बुधवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर आग्रह किया कि लोकसभा की कार्यसूची में सूचीबद्ध खेल से संबंधित दो विधेयकों को संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के विचार के लिए भेजा जाए। विपक्षी दलों ने कहा कि ये विधेयक राष्ट्रीय महत्व के हैं और इन पर व्यापक सहमति की जरूरत है।



उधर, राज्यसभा ने सदन में विपक्ष के विरोध के बीच समुद्री माल परिवहन विधेयक, 2025 पारित कर दिया। बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की मांग कर रहे विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण बुधवार को राज्यसभा की बैठक एक बार के स्थगन के बाद दोपहर दो बज कर तीस मिनट पर पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। हंगामे की वजह से आज भी उच्च सदन में शून्यकाल और प्रश्नकाल नहीं हो पाया।

---

चर्चा के लिए संसद में कट रहा बवाल

## बिहार एसआईआर: चुनाव आयोग का दावा, 6 दिन बीतने के बाद एक भी नाम कटे वोटर के खिलाफ नहीं आई आपत्ति

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली।

संसद के अंदर इस बात को लेकर बवाल हो रहा है कि बिहार मतदाता पुनरीक्षण पर चर्चा हो। विपक्षी दल आरोप लगा रहे हैं कि वोटरों के नाम काटे जा रहे हैं। इसके उलट संबंधित दलों के एक भी प्रतिनिधि ने अब तक उस लिस्ट पर आपत्ति नहीं दर्ज की है जिन्हें चुनाव अधिकारियों ने किसी न किसी वजह से वोटर लिस्ट से अलग किया है। इनकी संख्या कुल 65 लाख बतायी जा रही है। चुनाव आयोग के आधिकारिक सूत्रों ने इस बात की पुष्टि की है कि कांग्रेस, राजद, वामदल या अन्य किसी दल के किसी प्रतिनिधि ने अब तक छह दिन बीत जाने के बाद एक भी ऐसे वोटरों के प्रति आपत्ति दर्ज नहीं की है जिनका नाम काटा गया है। चुनाव आयोग ने बकायदा एक्स पर पोस्ट कर ऐसे विपक्षी नेताओं के फोटो जारी किये जिन्हें स्थानीय चुनाव अधिकारियों ने वोटर लिस्ट से काटे गये वोटरों की बूथ के क्रम से लिस्ट मुहैया कराये हैं। इस बात की तस्दीक अलग अलग दलों के जिलाध्यक्षों, महासचिवों या सचिवों ने भी किया है।

बिहार में आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनावों की तैयारियों के बीच चुनाव आयोग ने 1 अगस्त को राज्य की प्रारूप मतदाता सूची जारी कर दी है। इस सूची को लेकर आयोग की स्पष्ट और दोहराई गई मंशा है कि कोई भी योग्य मतदाता छूटे नहीं और कोई भी अयोग्य व्यक्ति जुड़ने न पाए। इसके लिए आयोग ने सभी मतदाताओं और राजनीतिक दलों से अपील की है कि वे सूची की सावधानीपूर्वक जाँच करें और दावे, आपत्तियाँ समय सीमा के भीतर दर्ज करें।

हैरानी की बात यह है क आज तक किसी भी राजनीतिक दल ने एक भी दावा या आपत्ति दर्ज नहीं की है। जबकि ये वही दल हैं जो चुनावों के समय सूची में गड़बड़ियों को लेकर अक्सर आरोप-प्रत्यारोप लगाते रहे हैं। चुनाव आयोग के अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि




यह प्रारूप सूची का चरण है, जिसका मकसद नागरिकों और राजनीतिक संगठनों को सुधार के अवसर देना है, ताकि अंतिम सूची में कोई त्रुटि न रह जाए।

विदित हो कि दावे और आपत्तियां दर्ज करने के लिए एक अगस्त से समय शुरू हो चुका है। अंतिम तिथि 31 अगस्त मुकर्रर की गई है। बिहार विधानसभा चुनाव के लिए फाइनल मतदाता सूची 15 अक्टूबर को जारी करने की मियाद निर्धारित की गई है। दावे, आपत्तियाँ, ऑनलाइन पोर्टल (वोटर पोर्टल डॉट ईसीआई डॉट जीओवी डॉट इन) माध्यम से या विकास खंड कार्यालयों, बीएलओ के पास जाकर जमा की जा सकती हैं।

चुनाव आयोग ने तब से विशेष अभियान चलाकर वोटर लिस्ट की गुणवत्ता सुधारने का बीड़ा उठाया है, जिसमें अब नागरिकों की आधार से वोटर आईडी लिंकिंग, माइग्रेशन अपडेट, और डुप्लीकेसी हटाने की कोशिशें भी शामिल हैं। चुनाव आयोग ने आम लोगों से अपील की है कि वे अपने नाम की स्थिति की जांच करें, यदि नाम सूची में नहीं है या उसमें कोई त्रुटि है तो 31 अगस्त तक दावा या आपत्ति दर्ज करें। साथ ही, राजनीतिक दलों से अपेक्षा की गई है कि वे अपने कार्यकर्ताओं को इस प्रक्रिया में सक्रिय करें, ताकि लोकतंत्र की नींव मानी जाने वाली मतदाता सूची सटीक और निष्पक्ष बन सके।

---

मलिक पंचतत्व में विलीन, बड़ी तादाद में लोगों ने दी विदाई

## अंतिम संस्कार में शामिल हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी, संजय सिंह और दुष्यंत चौटाला

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक का पार्थिव शरीर बुधवार को पंचतत्व में विलीन हो गया। दिल्ली के लोधी रोड़ स्थित शमशान भूमि में उनका अंतिम संस्कार किया गया। यहां कई नेताओं, प्रबुद्धजनों और यूपी, हरियाणा, पंजाब और राजस्थान सहित कई राज्यों से आये ग्रामीणों ने अपने प्रिय नेता को अंतिम विदाई दी। इससे पहले आरके पुरम स्थित उनके निवास पर अंतिम यात्रा में शामिल होने के लिए लोगों का तांता लग गया।

गौरतलब है कि मंगलवार को दिल्ली के आरएमएल अस्पताल में सत्यपाल मलिक का निधन हुआ था। वो 11 मई को किडनी की बीमारी के इलाज के लिए आरएमएल अस्पताल में भर्ती हुए थे। राज्यपाल रहते हुए उन्होंने कई मुद्दों पर अपनी बेबाक राय रखते हुए केंद्र सरकार पर निशाना साधा था। पद से हटने के बाद भी वे किसानों से जुड़े मसलों पर अपनी खरी बात कहते रहे।



पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के अंतिम संस्कार में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, आप सांसद संजय सिंह, दुष्यंत चौटाला, सपा सांसद हरेंद्र मलिक, भाकियू अध्यक्ष नरेश टिकैत, पूर्व केन्द्रीय मंत्री बीरेन्द्र सिंह, किसान नेता गुरुनाम सिंह चढ़ूनी सहित अनेक लोगों ने शमशान भूमि पहुंचकर अपनी श्रद्धांजलि दी।

सांसद संजय सिंह ने सत्यपाल मलिक को निडर नेता बताया। उन्होंने कहा कि सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ मुखर आवाज बुलंद करने की ही सजा है कि मृत्यु के बाद भी उन्हें राजकीय सम्मान नहीं मिला।

---

## बृजमोहन की पाती, गडकरी का जवाब: अगले साल बंद होगा कुम्हारी टोल प्लाजा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

संसद के अंदर संसद के बाहर छत्तीसगढ़ के सबसे सक्रिय रहने वाले सांसदों में से एक रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता बृजमोहन अग्रवाल सूबे के विभिन्न विषयों को लेकर भिन्न भिन्न केंद्रीय मंत्रियों से मिलकर योजना, परियोजना को गति दिलाने में कामयाब रहे हैं। उनके

निरंतर प्रयासों का बड़ा परिणाम सामने आया है। केंद्र सरकार ने कुम्हारी टोल प्लाजा को जून 2026 से पूर्ण रूप से बंद करने की स्वीकृति दे दी है। इस संबंध में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने स्वयं पत्र लिखकर अग्रवाल को जानकारी दी है। बृजमोहन अग्रवाल ने इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह फैसला छत्तीसगढ़वासियों के लिए बड़ी राहत लेकर आया है। इससे लोगों का समय, ईंधन और पैसा तीनों की बचत होगी। रायपुर सांसद को लिखे पत्र में सड़क एवम परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने बताया कि भारतमाला परियोजना के तहत 92 किलोमीटर लंबे औरंगा-रायपुर-दुर्ग बाईपास का निर्माण कार्य तीव्र गति से चल रहा है, जिसे जून 2026 तक पूरा किया जाएगा। इसके पूरा होते ही कुम्हारी टोल प्लाजा की उपयोगिता समाप्त हो जाएगी और इसे बंद कर दिया जाएगा। यह नया 6 लेन एक्सेस-नियंत्रित राजमार्ग दुर्ग, रायपुर और आरंग को जोड़ेगा, जिससे न केवल आवागमन सुगम होगा बल्कि शहरों के बीच यातायात का दबाव भी कम होगा। केंद्र सरकार ने 15 अगस्त 2025 से फास्टैग उपयोगकर्ताओं के लिए वार्षिक पास योजना लागू करने का निर्णय लिया है, जिसके अंतर्गत 3,000 में 200 यात्राएं (या 1 वर्ष तक) की जा सकेंगी। इससे निजी वाहन मालिकों को प्रति यात्रा मात्र 15 रुपए का खर्च पड़ेगा। यह योजना कार, जीप और वैन जैसे गैर-व्यावसायिक वाहनों पर लागू होगी।

### देश का नौवां बैरियर-रहित टोल प्लाजा बनेगा कुम्हारी

देशभर में फास्टैग-आधारित प्रणाली के अंतर्गत बिना रुके टोल वसूली प्रणाली को लागू किया जा रहा है। देश के आठ टोल प्लाजा पहले से ही इस प्रणाली से जुड़े हैं, और अब कुम्हारी देश का नौवां टोल प्लाजा बनेगा, जहां मल्टी-लेन फ्री फ्लो प्रणाली लागू की जाएगी। केंद्रीय मंत्री ने इसकी सूचना भी रायपुर सांसद को दी। बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि यह पहल प्रधानमंत्री मोदी के ईज़ ऑफ लिविंग के विजन को साकार करती है। इससे आम जनता को सीधा लाभ मिलेगा और सड़कों पर जाम की स्थिति में भी कमी आएगी।

## भारत में आसान और सुरक्षित तरीके से पैसे भेजने के लिए आईडीएफसी फर्स्ट बैंक का नया डिजिटल प्लेटफॉर्म रेमिटफर्स्ट 2 इंडिया लॉन्च

**नई दिल्ली।** आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने रेमिटफर्स्ट 2 इंडिया नाम से एक नया डिजिटल प्लेटफॉर्म लॉन्च किया है, जो एनआरआई ग्राहकों को भारत में रहने वाले अपने परिवार को पैसे भेजने की सुविधा देता है, वह भी तेज़, सुरक्षित तरीके से और बिना किसी ट्रांसफर शुल्क के। बैंक के एनआरआई ग्राहक अपने मोबाइल बैंकिंग ऐप के जरिए आसानी से लॉग-इन कर सकते हैं और ट्रांज़ेक्शन कर सकते हैं। वहीं, जो लोग फिलहाल आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के ग्राहक नहीं हैं, वे भी एक समर्पित वेब पोर्टल के जरिए पेपर लेस और आसान तरीके से रजिस्ट्रेशन कर इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। रेमिटफर्स्ट 2 इंडिया की शुरुआत सिंगएक्स के साथ साझेदारी में की गई है, जो कि मॉनिटरी अथॉरिटी ऑफ सिंगापुर से लाइसेंस प्राप्त एक अग्रणी मनी ट्रांसफर सेवा प्रदाता है। इस पहल का उद्देश्य है कि लोगों को पूरी तरह से सुरक्षित, पारदर्शी और आसान क्रॉस-बॉर्डर भुगतान करने की सुविधा मिले। फिलहाल यह प्लेटफॉर्म सिंगापुर और हांगकांग से भारत में पैसे भेजने की सुविधा देता है और जल्द ही अन्य देशों से भी इसका विस्तार किया जाएगा। इसमें हर लेन-देन की जानकारी ग्राहक को चरण दर चरण लाइव ट्रैकिंग के जरिए मिलती है।

# आरबीआई ने रेपो दर को 5.5 प्रतिशत पर कायम रखा

भाषा ▶▶| मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक ने अमेरिकी शुल्क को लेकर अनिश्चितता के बीच बुधवार को प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 5.5 प्रतिशत पर बरकरार रखने का निर्णय किया। नीति निर्माता अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की व्यापार नीतियों से उत्पन्न जोखिमों और उच्च शुल्क की आशंका से जुड़ी अनिश्चितताओं का फिलहाल आकलन कर रहे हैं। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता वाले छह-सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने आम सहमति से रेपो दर को 5.5 प्रतिशत पर यथावत रखने का निर्णय किया। इसके साथ ही आरबीआई ने मौद्रिक नीति रुख को भी तटस्थ बनाये रखा है। इसका मतलब है कि केंद्रीय बैंक आर्थिक स्थिति के हिसाब से नीतिगत दर में समायोजन को लेकर लचीला बना रहेगा। इससे पहले, केंद्रीय बैंक इस साल फरवरी से लेकर जून तक रेपो दर में एक प्रतिशत की कटौती कर चुका है। आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष के लिए खुदरा मुद्रास्फीति के अनुमान को घटाकर 3.1 प्रतिशत कर दिया है जबकि जून में इसके 3.7 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया गया था। हालांकि, मल्होत्रा ने इस साल के अंत तक सकल (हेडलाइन) मुद्रास्फीति में वृद्धि की आशंका जतायी। उन्होंने कहा, ''वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही और उसके बाद उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति चार प्रतिशत से ऊपर जाने की आशंका है। इसका कारण प्रतिकूल तुलनात्मक आधार प्रभाव और नीतिगत कदमों के कारण मांग पक्ष का प्रभावी होने की संभावना है।

### मौजूदा अनिश्चितताओं के कारण रेपो दर को यथावत रखा : मल्होत्रा

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं, नीतिगत दरों में एकबारगी बड़ी कटौती और मुख्य मुद्रास्फीति में वृद्धि के कारण केंद्रीय बैंक ने द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में यथास्थिति बनाए रखने का फैसला किया है। ब्याज दरों को यथावत रखने के सर्वसम्मत निर्णय के कारणों को गिनाते हुए मल्होत्रा ने कहा, ''हमने फरवरी से जून तक चार महीने की छोटी अवधि में रेपो दर में एक प्रतिशत की कटौती की है। इसका लाभ अब भी मिल रहा है।'' शुल्क वार्ताओं और अस्पष्ट भू-राजनीतिक पहलुओं की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर वैश्विक अनिश्चितताएं कायम हैं। इसके अलावा बढ़ती मुख्य मुद्रास्फीति ने भी नीतिगत निर्णय को प्रभावित किया।

### मौद्रिक नीति समीक्षा की मुख्य बातें

आरबीआई ऐसे बैंक ग्राहकों के खातों और लॉकर से जुड़े दावों की निपटान प्रक्रिया को मानकीकृत करेगा जिनका निधन हो चुका है। आरबीआई 'रिटेल-डायरेक्ट' मंच की कार्यक्षमता का विस्तार करेगा ताकि खुदरा निवेशक व्यवस्थित निवेश योजनाओं (एसआईपी) के माध्यम से 'ट्रेजरी बिल' यानी सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश कर सकें। एमपीसी की अगली बैठक 29 सितंबर से एक अक्टूबर 2025 को होगी।

## आरबीआई प्रक्रिया को सुगम और मानकीकृत बनाएगा

# मृतकों के खातों, लॉकर के दावों के निपटान के लिए प्रक्रिया को सुगम बनाएगा आरबीआई

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को कहा कि केंद्रीय बैंक मृतकों के बैंक खातों, लॉकर के दावों के निपटान के लिए प्रक्रिया को सुगम और मानकीकृत बनाएगा। इस पहल का उद्देश्य मृत ग्राहकों के नामांकित व्यक्तियों के पक्ष में दावों के निपटान की प्रक्रिया को सरल बनाना है। मल्होत्रा ने कहा कि इसके अलावा, केंद्रीय बैंक, आरबीआई 'रिटेल-डायरेक्ट' मंच की कार्यक्षमता का विस्तार करने की योजना बना रहा है ताकि खुदरा निवेशक व्यवस्थित निवेश योजनाओं (एसआईपी) के माध्यम से ट्रेजरी बिल (सरकारी प्रतिभूति) में निवेश कर सकें।

### 1949 के प्रावधानों के तहत नॉमिनी की सुविधा उपलब्ध

गवर्नर ने चालू वित्त वर्ष की तीसरी द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा की जानकारी देते हुए कहा, ''हम मृतकों के बैंक खातों और लॉकर में रखी वस्तुओं से संबंधित दावों के निपटान की प्रक्रिया को मानकीकृत करने के लिए कदम उठा रहे हैं। इससे निपटान अधिक सुविधाजनक और सुगम होने की उम्मीद है। बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 के प्रावधानों के तहत, जमा खातों, लॉकर में रखी वस्तुओं के संबंध में 'नॉमिनी' की सुविधा उपलब्ध है।


### *पहल का उद्देश्य मृत ग्राहकों के पक्ष में निपटान प्रक्रिया सरल बनाना*

### ग्राहकों की मृत्यु पर शीघ्र निपटान होगा

आरबीआई के विकासात्मक और नियामक नीतियों पर बयान के अनुसार, इसका उद्देश्य ग्राहक की मृत्यु होने पर दावों का शीघ्र निपटान या वस्तुओं की वापसी या सुरक्षित जमा लॉकर की सामग्री को वापस दिलाना तथा परिवार के सदस्यों को होने वाली कठिनाई को कम करना है।

### *रिटेल-डायरेक्ट मंच की कार्यक्षमता का विस्तार करने की योजना*





*दावों के शीघ्र निपटान की सुविधा मिलेगी :* *मौजूदा निर्देशों के अनुसार, बैंकों को 'नॉमिनी' व्यक्ति/कानूनी उत्तराधिकारियों के किए गए दावों के शीघ्र और परेशानी मुक्त निपटान की सुविधा के लिए एक सरलीकृत प्रक्रिया अपनाने की आवश्यकता है। वर्तमान में विभिन्न बैंकों में ये प्रक्रियाएं अलग-अलग होती हैं।*

*नॉमिनी के खाते व लॉकर के लिए सभी बैंकों की अपनी प्रक्रियाएं :* *वर्तमान में, मृतक के 'नॉमिनी' व्यक्ति द्वारा खाते और लॉकर से संबंधित दावों के संबंध में सभी बैंकों की अपनी प्रणाली और प्रक्रियाएं हैं। इसी प्रकार, बिना 'नॉमिनी' वाले खातों के लिए बैंकों की प्रक्रियाओं में कुछ भिन्नता हो सकती है। इस कदम से प्रक्रिया मानकीकृत और सरल होगी। आरबीआई ने ट्रेजरी बिल (टी-बिल) में निवेश के संबंध में कहा कि इससे निवेशक अपने निवेश की व्यवस्थित योजना बना सकेंगे।*

### खुदरा निवेशकों को गिल्ट खाते खोलने की सुविधा मिलेगी

रिटेल डायरेक्ट में टी-बिलों के लिए एक स्वतः 'बिडिंग' सुविधा शुरू की गई है, जिसमें निवेश और पुनर्निवेश दोनों विकल्प शामिल हैं। इसने कहा कि इस सुविधा से निवेशकों को ट्रेजरी बिल की प्राथमिक नीलामी में बोलियां लगाने में मदद मिलेगी। 'रिटेल डायरेक्ट पोर्टल' नवंबर, 2021 में रिटेल डायरेक्ट योजना के तहत रिजर्व बैंक में खुदरा निवेशकों को अपने गिल्ट खाते खोलने की सुविधा प्रदान करने के लिए शुरू किया गया था।

### जल्द जारी किया जाएगा परिपत्र का मसौदा

आरबीआई के अनुसार, ''ग्राहक सेवा मानकों को बेहतर बनाने के उद्देश्य से, प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने और बैंकों को प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेजों को मानकीकृत करने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में एक परिपत्र का मसौदा जल्द ही सार्वजनिक परामर्श के लिए जारी किया जाएगा।''

## स्थिर रेपो दर से बाजार को मिला सहारा, सेंसेक्स 166 अंक फिसला

**मुंबई।** द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा के बीच स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को शुरूआती तेजी बरकरार नहीं रह पाई और बीएसई सेंसेक्स 166 अंकों की गिरावट के साथ बंद हुआ। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और स्वास्थ्य सेवा से जुड़ी कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से लगातार दूसरे दिन बाजार नुकसान में रहा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 166.26 अंक यानी 0.21 प्रतिशत टूटकर 80,543.99 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 261.43 अंक तक गिर गया था।सेंसेक्स के समूह में शामिल 30 शेयरों में 18 नुकसान में रहे जबकि 12 शेयरों में तेजी रही। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 75.35 अंक यानी 0.31 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,574.20 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सूचकांक एक समय 110.35 अंक तक टूट गया था। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''अमेरिका की चेतावनी से उपजे व्यापार तनावों के बावजूद घरेलू बाजार जुझारू बना रहा और निफ्टी 24,500 अंक के प्रमुख समर्थन स्तर के आसपास मजबूती से टिका रहा। हालांकि औषधि क्षेत्र का प्रदर्शन कमजोर रहा और इस क्षेत्र पर शुल्क चेतावनियों का असर दिखा।''

## चॉइस एएमसी को मिला म्यूचुअल फंड व्यवसाय शुरू करने के लिए सेबी से लाइसेंस

**मुंबई।** विभिन्न प्रकार की वित्तीय सेवाएं प्रदान करने वाले समूह चॉइस इंटरनेशनल लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी चॉइस एएमसी प्राइवेट लिमिटेड को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) से एसेट मैनेजमेंट कंपनी के रूप में काम करने की अंतिम मंजूरी मिली है. यह मंजूरी चॉइस म्यूचुअल फंड के लिए मिली है. इस उपलब्धि के साथ ही समूह निवेश प्रबंधन के क्षेत्र में उतर गया है, जिससे वित्तीय सेवाओं के दायरे में इसकी पेशकशों का विस्तार होगा.चॉइस अब इस नियामकीय मंजूरी के साथ अपनी एसेट मैनेजमेंट कंपनी का संचालन शुरू करेगा. इसमें इंडेक्स फंड और एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) जैसे पैसिव इन्वेस्टमेंट प्रोडक्ट के साथ रणनीतिक और चरणबद्ध तरीके से शुरुआत की जाएगी। चॉइस अब इस नियामकीय मंजूरी के साथ अपनी एसेट मैनेजमेंट कंपनी का संचालन शुरू करेगा।. इसमें इंडेक्स फंड और एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) जैसे पैसिव इन्वेस्टमेंट प्रोडक्ट के साथ रणनीतिक और चरणबद्ध तरीके से शुरुआत की जाएगी।

## यूपीआई का रिकॉर्ड, एक दिन में अमेरिका की आबादी से दोगुना ज्यादा हुआ लेन-देन

**नई दिल्ली।** डिजिटल की तरफ बढ़ते भारत में यूपीआई की लोकप्रियता कितनी बढ़ गई है, इसका अंदाजा इस बात से भी लगा सकते हैं कि एक दिन में अमेरिका की आबादी से दोगुना ज्यादा लेन-देन यूपीआई के जरिए हुआ है। साल 2024 के आंकड़ों के मुताबिक, अमेरिका की आबादी लगभग 341.2 मिलियन थी, लेकिन भारत में 2 अगस्त 2025 को एक दिन में रिकॉर्ड 707 मिलियन ट्रांजेक्शंस यूपीआई के माध्यम से किए गए। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) द्वारा साझा किए गए ये आंकड़े दिखाते हैं कि किस तरह से इस प्लेटफॉर्म का उपयोग तेज़ी से बढ़ा है। पिछले कुछ वर्षों में ही यूपीआई ने यह ऐतिहासिक मुकाम हासिल किया है। 2023 में, प्रतिदिन लगभग 350 मिलियन (35 करोड़) यूपीआई ट्रांजेक्शन होते थे। अगस्त 2024 तक यह संख्या बढ़कर 500 मिलियन (50 करोड़) हो गई। अब यह आंकड़ा 700 मिलियन (70 करोड़) तक पहुंच चुका है। अब सरकार का लक्ष्य है कि यूपीआई के जरिए रोजाना होने वाले ट्रांजेक्शंस को 1 बिलियन (100 करोड़) तक पहुंचाया जाए। ऐसा अनुमान है कि यूपीआई ट्रांजेक्शंस इसी तरह से बढ़ता रहा तो अगले साल तक यह लक्ष्य हासिल किया जा सकेगा। पिछले महीने, यूपीआई के जरिए लगभग 19.5 बिलियन (1.95 अरब) ट्रांजेक्शंस किए गए, जिनकी कुल राशि 25 लाख करोड़ रुपये से अधिक रही। भारत में अब लगभग 85% डिजिटल लेन-देन यूपीआई के माध्यम से किए जाते हैं।

## सोने में 200 और चांदी में 500 रुपए का उछाल

**नई दिल्ली।** स्टॉकिस्ट की तरफ से लगातार खरीदारी किए जाने से बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 200 रुपये बढ़कर 99,020 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत पिछले बाजार सत्र में 98,820 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। राष्ट्रीय राजधानी में 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना बुधवार को 100 रुपये बढ़कर 98,600 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। मंगलवार को यह 98,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, 'बुधवार को सोने में मामूली सकारात्मक रुख रहा क्योंकि सुरक्षित निवेश की मांग आने से कीमती धातुओं में तेजी देखने को मिली।'

मेरा किया जो काटे उसे ईनाम
गुरूजी सम्राट



ज्योतिष द्वारा सभी समस्याओं का तुरंत समाधान। घर बैठे फोन पर समस्याओं का समाधान जानें। वशीकरण, पति - पत्नी, सास - बहु में अनबन, मुकदमा, गृह क्लेश, सौतन, दुश्मनी से छुटकारा, शादी, कारोबार, विदेश यात्रा आदि।
7534997731

### सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष** — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। माता का सानिध्य मिलेगा।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। संगीत में रुचि हो सकती है।

**मिथुन** — भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनियोजित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**कर्क** — क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह** — नौकरी में तरक्की के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। यात्रा पर जाना हो सकता है। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**कन्या** — धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार का विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**तुला** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। धन की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। माता से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**धनु** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — आलस्य की अधिकता रहेगी। कारोबार का विस्तार होगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बहन-भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ** — कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बातचीत में संयत रहें।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा, परन्तु शैक्षिक कार्यों में कठिनाई भी आ सकती है। जीवनसाथी से मतभेद बढ़ सकते हैं। सुखद समाचार मिलेगा।

# पेटीएम अब पूरी तरह से भारतीय कंपनी, चीनी स्वामित्व समाप्त

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पेटीएम की मूल कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस का स्वामित्व अब पूरी तरह से भारतीयों के हाथ में है। करीब नौ साल पहले पेटीएम के संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विजय शेखर शर्मा ने साक्षात्कार में कंपनी के स्वामित्व ढांचे के बारे में पूछे गए सवालों के जवाब में कहा था, ''हम मारुति जितने ही भारतीय हैं। यह कथन जिसे कभी प्रतीकात्मक माना जाता था, अब वास्तविकता को दर्शाता है जहां पेटीएम अब भावना और शेयरधारिता दोनों ही दृष्टि से पूरी तरह से भारतीय कंपनी बन गई है। उद्योगपति जैक मा की कंपनी एंट फाइनेंशियल ने डिजिटल भुगतान मंच पेटीएम की मूल कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस में अपनी समूची 5.84 प्रतिशत हिस्सेदारी करीब 3,980 करोड़ रुपये में बेच दी है। सौदे की रूपरेखा से अवगत एक व्यक्ति ने कहा, ''पेटीएम अब टाटा की तरह ही भारतीय है।'' यह परिवर्तन एंटफिन (नीदरलैंड) होल्डिंग बी वी के हाल ही में बाहर निकलने के साथ आधिकारिक हो गया, जिसने एक थोक सौदे के माध्यम से पेटीएम में अपनी शेष 5.84 प्रतिशत हिस्सेदारी लगभग 3,800 करोड़ रुपये में बेच दी। इसके साथ ही कंपनी में चीनी स्वामित्व शून्य हो गया है, जो इसकी शेयरधारिता में एक महत्वपूर्ण बदलाव को दर्शाता है। विजय शेखर शर्मा ने 2016 में भारत की विकास गाथा के प्रति पेटीएम की गहरी प्रतिबद्धता की पुष्टि की थी और कंपनी के भारतीय मूल्यों एवं राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के साथ उसके तालमेल पर जोर दिया था। ऐसे समय में जब स्टार्टअप परिदृश्य में वैश्विक रुचि एवं रणनीतिक निवेश बढ़ रहे थे, शर्मा ने स्थानीय नियमों के प्रति पेटीएम की दृढ़ता, नवाचार के प्रति भारत-प्रथम दृष्टिकोण और भारतीय उपभोक्ताओं व व्यापारियों को सशक्त बनाने पर उसके अटूट ध्यान का उल्लेख किया था।

## महिंद्रा 23,000 कर्मचारियों को 500 करोड़ रुपए के 'ईसॉप' देगी

**नई दिल्ली।** उद्योग में अपनी तरह की पहली पहल के तहत महिंद्रा एंड महिंद्रा लगभग 23,000 कर्मचारियों के लिए एकमुश्त कर्मचारी शेयर स्वामित्व योजना (ईएसओपी) शुरू कर रही है। इनमें कारखाने में काम करने वाले कर्मचारी भी शामिल हैं। यह योजना कंपनी की वृद्धि यात्रा में कर्मचारियों के योगदान के लिए उन्हें पुरस्कार देने को शुरू की जाएगा। महिंद्रा समूह के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक (एमडी) अनीश शाह ने यह जानकारी दी। शाह ने साक्षात्कार में बताया कि इस पहल में महिंद्रा की तीन प्रमुख अनुषंगी कंपनियां - महिंद्रा एंड महिंद्रा (वाहन और कृषि क्षेत्र), महिंद्रा इलेक्ट्रिक ऑटोमोबाइल और महिंद्रा लास्ट माइल मोबिलिटी शामिल हैं। यह अपनी तरह का शायद पहला उदाहरण है, जब किसी बड़े भारतीय समूह ने सभी कर्मचारियों को ईसॉप की सुविधा दी है। ये शेयर प्रतिबंधित शेयर इकाइयों (आरएसयू) के रूप में दिए जाएंगे। उन्होंने कहा, ''मुझे इस बात की बहुत खुशी है और मुझे हमारी कंपनी की संस्कृति पर बहुत गर्व है क्योंकि ये ईसॉप कंपनी के प्रत्येक कर्मचारी के लिए हैं। यह वास्तव में कृतज्ञता का प्रतीक है, क्योंकि उनके प्रयासों से हमें बहुत अच्छा प्रदर्शन करने में मदद मिली है।'

## ब्रिटानिया का क्षेत्रीय कंपनियों से मुकाबला

**नई दिल्ली।** बेकरी उत्पाद बनाने वाली दिग्गज कंपनी ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज ने कहा है कि वह कुछ इलाकों में क्षेत्रीय कंपनियों की चुनौती से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। ये क्षेत्रीय कंपनियां आक्रामक मूल्य निर्धारण और वितरकों के लिए उच्च मार्जिन के साथ बड़े ब्रांडों को कड़ी टक्कर दे रही हैं। ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज ने कहा कि वह 'छोटे क्षेत्रों में कई लड़ाइयां लड़ने' के लिए पूरी तरह तैयार है, और इसके लिए उसने एक विशेष कोष भी बनाया है। कंपनी ने हाल में जिंस मुद्रास्फीति के प्रभाव से बचने के लिए कीमतों में वृद्धि की है और अब वह 'अच्छी स्थिति' में है।

## आनंद राठी समेत 5 कंपनियों के आईपीओ को सेबी ने दी मंजूरी


**नई दिल्ली।** आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) पर पैसा लगाने की सोच रहे हैं तो खबर आपके लिए है। दरअसल, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने 5 कंपनियों के आईपीओ को मंजूरी दे दी है। इनमें से एक कंपनी आनंद राठी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकर्स भी है। आनंद राठी ग्रुप की कंपनी है, जो शेयर ब्रोकिंग प्लेटफॉर्म है। आनंद राठी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकर्स के अलावा प्रेस्टीज हॉस्पिटैलिटी वेंचर्स, एसएसएफ प्लास्टिक्स इंडिया, गुजरात किडनी एंड सुपर स्पेशियलिटी और ईपैक प्रीफैब टेक्नोलॉजीज के आईपीओ लांच होने वाले हैं। इन पांचों कंपनियों ने इस साल जनवरी से अप्रैल के बीच आईपीओ के लिए सेबी के समक्ष दस्तावेज दाखिल किए थे। एसएसएफ प्लास्टिक्स इंडिया की बात करें तो 550 करोड़ रुपये का आईपीओ 300 करोड़ रुपये के नए शेयरों और 250 करोड़ रुपये की बिक्री पेशकश में विभाजित है। ईपैक प्रीफैब टेक्नोलॉजीज 300 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी करेगी जबकि उसके प्रवर्तक एक करोड़ शेयरों की बिक्री करेंगे। यह राशि राजस्थान और आंध्र प्रदेश में मैन्युफैक्चरिंग प्लांट की स्थापना, विस्तार और कर्ज भुगतान में लगेगी। गुजरात किडनी एंड सुपर स्पेशियलिटी का आईपीओ 2.2 करोड़ शेयरों के नए इश्यू पर आधारित होगा। इससे जुटाई गई राशि अस्पताल अधिग्रहण, वडोदरा में नई इकाई और रोबोटिक उपकरणों की खरीद में इस्तेमाल होगी।प्रेस्टीज एस्टेट्स प्रोजेक्ट्स की इकाई प्रेस्टीज हॉस्पिटैलिटी वेंचर्स 2,700 करोड़ रुपये का आईपीओ लेकर आएगी। इसमें 1,700 करोड़ रुपये के नए शेयर और 1,000 करोड़ रुपये की बिक्री पेशकश शामिल होगी। आनंद राठी ग्रुप की ब्रोकरेज इकाई आनंद राठी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकर्स का आईपीओ पूरी तरह से 745 करोड़ रुपये के फ्रेश इश्यू पर आधारित होगा।

**न्यायालय उप-तहसीलदार-कम-सहायक कलेक्टर द्वितीय श्रेणी, जीन्द।**

**कविता पत्नी स्व० सन्दीप पुत्र श्री सुधन सिहँ निवासी गाँव रामगढ़ तह० व जिला जीन्द।**
**बनाम**
जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सुचित किया जाता है कि स्व० अशोक कुमार पुत्र श्री बाला की मृत्यु दिनांक 04.05.2021 व अरूण कुमार पुत्र कुलमषण की मृत्यु दिनांक 22.11.2008 को हो चुकी है इनकी मृत्यु उपरान्त इनके निम्न जायज वारिसान है :-
अशोक कुमार के वारिसान 1. कुसुम विधवा 2. विकास 3. विदुशी पुत्र व पुत्री स्व. अशोक कुमार ही हैं इनके इलावा अन्य कोई वारिसान नहीं है।
सन्तोष पुत्र बाला के वारिसान सीमा पुत्री सन्तोष ही वारिस है।
भारत भूषण पुत्र बाला के वारिसानः- 1. निर्मला विधवा 2. पंकज पुत्र भारत भूषण है।
इनके इलावा मृतको का अन्य कोई वारिसान / उत्तराधिकारी नही है इस इश्तहार के माध्यम से मेरे पति सन्दीप पुत्र सुधन सिहँ द्वारा 16-0 कनाल जमीन वाका रामगढ तह० व जिला जीन्द में वसीका नं० 3310 दिनांक 02.07.2019 द्वारा ली गई थी जिसका इन्तकाल मृतकों के वारिसान के हिस्से से हमारे नाम होना है। इसलिए हर आम व खास को इस इश्तहार / नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतकों के बताए गए वारिसान/उत्तराधिकारी को इन्तकाल बाबत कोई शक एंव एतराज हो तो वह स्वंय/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 30 दिन के अन्दर-2 अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस को अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकता है। मियाद गुजरने बाद कोई आपत्ति नही सुनी जाएगी।
यह कि नोटिस बाबत हस्ताक्षर आज दिनांक 05.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया है।
हस्ता/-तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार, जींद

## शब्द पहेली - 5951




**बाएँ से दाए**
1. उम्मीद, आशा-2
3. जी, चित्त-2
5. भस्म, खाक-2
7. जाल, फंदा-2
9. चिंतन, सोचना-3
11. ठाठ-बाट-2
13. क्रिकेट में बनते हैं-2
15. एक राशि-3
17. काया, बदन-2
19. एक विदेशी शराब-2
22. बोलने का तरीका-3
24. शालीन, सभ्य-2
26. बल, ताकत-2
28. भैंस जैसा एक पशु-2
30. पुत्री की पुत्री-3
32. कोर्ट में प्रस्तुत दावा-2
34. मोटा आटा-2
36. जुड़वा-3
38. आनंदित-2
41. नौकर, गुलाम-2
43. बूंद-3
45. लक्ष्मी, विष्णुप्रिया -2
47. जंगल, कानन-2
49. मेहंदी -2
51. दृष्टि, निगाह-3
53. बुरी आदत -2
55. बुढ़ापा -2
57. नमस्कार, प्रणाम -3
60. खुमार, सरूर -2
62. भीगा हुआ -2
64. पक्षाघात-3
66. चुनौती-2
67. ऋण, उधार -2
68. भूमि, जमीन-2
69. चस्का, बुरी आदत-2

**ऊपर से नीचे**
1. फलों का राजा-2
2. साजन, बलमा-3
4. खुमार-2
6. खच्चर, गधा-2
8. वहम, संदेह-2
10. अनुकृति-3
12. झुका हुआ-2
14. आदमी-2
16. वास करना-3
18. आकाश-2
20. घमंड-2
21. बदन-2
23. जातिवाद-3
25. पिघले पत्थर-2
27. रोग, -2
29. हाथ, टैक्स-2
31. लवण-3
33. ताकत-2
35. वचन-2
37. प्रयत्न-3
39. स्थिति -2
40. नवीन-2
42. सच्चा-2
44. राजा-3
46. हार-2
48. टौंटी-2
50. गुमान-2
52. पासों का खेल-3
54. काया-2
56. रात्रि-2
58. हुबहू-3
59. समय-2
61. सब्जी-2
63. गाड़ी-2
65. गैस-2

### शब्द पहेली- 5950 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | स | र | ग | ना | | आ | म | रा | य | |
| फि | | न | ज | ला | | फि | क | र | | त |
| त | ल | | ल | य | | स | र | | ला | ल |
| र | ह | ना | | क | हा | र | | ज | ल | बा |
| त | र | सा | ना | | ति | | ज | ल | च | र |
| | | | र | ह | म | दि | ल | | | |
| ब | ग | दा | द | | ता | | न | ज | रा | ना |
| र | म | ल | | स | ई | स | | प | ह | रा |
| ग | ला | | स | दा | | ल | स | | त | य |
| द | | ग | ली | चा | | बा | न | र | | ण |
| | का | श्त | का | र | | र | म | जा | न | |


■ मंगल[redacted]ोर



# नेशनल बैंक ओपन : टॉसन ने कीज को हराया, सेमीफाइनल में ओसाका से भिड़ेंगी

एजेंसी ▶▶| मॉन्ट्रियल

क्लारा टॉसन ने नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट में मौजूदा ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन मैडिसन कीज पर 6-1, 6-4 से जीत हासिल कर 2025 के अपने दूसरे डब्ल्यूटीए 1000 सेमीफाइनल में प्रवेश किया। टॉसन को पहला सेट जीतने में सिर्फ 27 मिनट लगे। दूसरा सेट टॉसन के लिए ज्यादा चुनौतीपूर्ण रहा। इगा स्वियाटेक और मैडिसन कीज पर लगातार जीत के साथ क्लारा टॉसन ने अपने सातवें डब्ल्यूटीए सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं। टॉसन का अगला मुकाबला चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका से होगा।



### ओसाका ने एलिना को हराया सेमीफाइनल में पहुंची

चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका ने 10वीं वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना को 6-2, 6-2 से हराकर पहली बार नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। ओसाका ने 2022 में मियामी में फाइनल में पहुंचने के बाद से किसी डब्ल्यूटीए 1000 टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन जारी रखा। जापान की मूल निवासी यह खिलाड़ी अपने करियर का आठवां और 2021 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के बाद पहला खिताब जीतने की कोशिश में हैं। कनाडा की किशोरी विक्टोरिया मबोको दूसरे सेमीफाइनल में कज़ाकिस्तान की नौवीं वरीयता प्राप्त एलेना रयबाकिना से भिड़ेंगी।

### टॉसन वाकई बहुत मजबूत : ओसाका

टॉसन के साथ अपने सेमीफाइनल मुकाबले के बारे में बात करते हुए, ओसाका ने कहा, वह वाकई बहुत मजबूत हैं। मैंने इस साल ऑकलैंड में उनके साथ खेला था और चोटिल होने के कारण मुझे बीच में ही मैच रोकना पड़ा था। इसलिए, मैं बहुत खुश हूं कि मैं स्वस्थ हूं और मुझे उम्मीद है कि देखने आने वाले सभी लोगों के लिए यह एक अच्छा मैच होगा। ओसाका और टॉसन का सेमीफाइनल मुकाबला उनके करियर का दूसरा मुकाबला होगा। टॉसन ने इस साल की शुरुआत में ऑकलैंड में अपना पहला मैच जीता था। उस मैच में, ओसाका को पहला सेट 6-4 से जीतने के बाद रिटायर होना पड़ा था।



### सेमीफाइनल में आमने-सामने होंगे फ्रिट्ज और शेल्टन

टोरंटो। अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज और बेन शेल्टन ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया, जहां उनका एक दूसरे से मुकाबला होगा। यह पिछले 15 वर्षों में एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में पहला अवसर होगा जबकि अमेरिका के दो खिलाड़ी सेमीफाइनल में आमने-सामने होंगे। दूसरी वरीयता प्राप्त फ्रिट्ज ने रूस के छठी वरीयता प्राप्त आंद्रे रुबलेव को 6-3, 7-6 (4) से हराया। उन्होंने 20 ऐस लगाए, जिनमें से एक ने मैच का अंत भी किया। चौथी वरीयता प्राप्त शेल्टन ने ऑस्ट्रेलिया के नौवें नंबर के एलेक्स डी. मिनौर को 6-3, 6-4 से हराया। 22 वर्षीय शेल्टन पहली बार किसी एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। फ्रिट्ज और शेल्टन के बीच बुधवार को होने वाला मुकाबला 2010 में एंडी रॉडिक की सिनसिनाटी में मार्डी फिश पर जीत के बाद पहली बार होगा, जब अमेरिका के दो खिलाड़ी एटीपी मास्टर्स 1000 सेमीफाइनल में एक दूसरे का सामना करेंगे।

## खबर संक्षेप




### वेस्ट दिल्ली लायंस ने साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज को हराया

**नई दिल्ली।** सलामी बल्लेबाज अंकित राजेश कुमार की 46 गेंद में 96 रन की ताबड़तोड़ पारी से वेस्ट दिल्ली लायंस ने दिल्ली प्रीमियर लीग टी20 मैच में साउथ दिल्ली सुपरस्टर्ज को 26 गेंद शेष रहते आठ विकेट से शिकस्त दी। साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज ने कप्तान आयुष बडोनी की 25 गेंद में 48 रन की आक्रामक पारी से पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 185 रन बनाए। वेस्ट दिल्ली लायंस ने महज 15.4 ओवर में दो विकेट गंवा कर लक्ष्य हासिल कर लिया। अंकित ने 46 गेंद की अपनी पारी 11 चौके और छह छक्के जड़े। उन्होंने पहले विकेट के लिए कृष यादव (42 गेंद में 67 रन) के साथ 84 गेंद में 158 रन की साझेदारी कर टीम की जीत तय कर दी। इस साझेदारी को सागर तंवर ने कृष को आउट कर तोड़ा। कृष ने अपनी पारी में नौ चौके और दो छक्के लगाए।

### चेन्नई ग्रैंडमास्टर्सः टूर्नामेंट स्थल पर आग लगने से स्थगित




**चेन्नई।** चेन्नई ग्रैंडमास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट को आयोजन स्थल हयात रीजेंसी होटल में आग लगने के बाद गुरुवार तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। यह प्रतियोगिता पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बुधवार से शुरू होनी थी। इस प्रतियोगिता में देश और विदेश के कई नामी खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। भारतीय ग्रैंडमास्टर और टूर्नामेंट निदेशक श्रीनाथ नारायणन ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा, 'चेन्नई ग्रैंडमास्टर्स (जीएम) के आयोजन स्थल होटल हयात रीजेंसी में कल रात आग लग गई। सभी खिलाड़ी सुरक्षित हैं और उन्हें पास के एक अन्य होटल में स्थानांतरित कर दिया गया था।

### बुमराह की क्षमता असाधारण और अविश्वसनीय : तेंदुलकर




**मुंबई।** पूर्व कप्तान सचिन तेंदुलकर का मानना है कि जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति में भारत का इंग्लैंड के खिलाफ दो टेस्ट जीतना महज 'संयोग' था और यह करिश्माई तेज गेंदबाज अब भी 'असाधारण और अविश्वसनीय' है। बुमराह हाल में इंग्लैंड में खत्म हुई पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में से तीन मैच में ही खेले थे। श्रृंखला में कम अनुभव वाली भारतीय टीम इसके बावजूद इंग्लैंड से 2-2 से ड्रॉ खेलने में कामयाब रही। भारतीय टीम ने जो दो मैच जीते उनमें कार्यभार प्रबंधन योजना के कारण बुमराह का नहीं खेलना पहले से ही तय था। तेंदुलकर ने कहा कि बुमराह की अनुपस्थिति में बर्मिंघम और द ओवल में भारत की जीत महज संयोग थी। उन्होंने बुमराह के तीन टेस्ट मैच में प्रदर्शन के बारे में बात की।


### मेंस प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार के लिए शुभमन, बेन और मुल्डर नामित

# गिल और स्टोक्स फिर आमने-सामने आईसीसी अवार्ड के लिए होगी टक्कर

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय कप्तान शुभमन गिल को बुधवार को दक्षिण अफ्रीका के वियान मुल्डर और इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स के साथ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के जुलाई महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार के लिए नामित किया गया। गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ हाल में समाप्त हुई पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला में आगे बढ़कर नेतृत्व किया और बल्लेबाजी में कई रिकॉर्ड अपने नाम लिखे। भारत की युवा टीम ने यह श्रृंखला 2–2 से ड्रॉ की। गिल ने श्रृंखला में 75.40 की औसत और चार शतकों की मदद से 754 रन बनाए। उन्होंने एक दोहरा शतक भी लगाया। इस 25 वर्षीय बल्लेबाज ने श्रृंखला में किसी भारतीय कप्तान ने सर्वाधिक रन बनाने का सुनील गावस्कर का रिकॉर्ड (732) तोड़ा।





### कप्तानों की सूची में दूसरे स्थान पर शुभमन

गिल का प्रदर्शन अब सर्वकालिक कप्तानों की सूची में सर डोनाल्ड ब्रैडमैन (810 रन) के बाद दूसरे स्थान पर है। आईसीसी ने अपनी वेबसाइट पर लिखा, "शुभमन गिल के लिए यह महीना शानदार रहा। उन्होंने इस रोमांचक श्रृंखला के दौरान इस महीने में तीन टेस्ट मैचों में 94.50 की औसत से 567 रन बनाए।" आईसीसी ने कहा, 'उन्होंने एजबेस्टन में भारत की रिकॉर्ड जीत में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने इस मैच की पहली पारी में 269 और दूसरी पारी में 161 रन बनाए। इस तरह से उन्होंने मैच में कुल 430 रन बनाए, जो किसी एक टेस्ट में ग्राहम गूच के 456 रन के बाद दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है।' आईसीसी ने कहा कि गिल ने नंबर चार पर 'सर्वकालिक महान' विराट कोहली की विरासत को आगे बढ़ाया।

### मुल्डर ने बनाए नाबाद 367 रन

दक्षिण अफ्रीका के कप्तान के रूप में अपने पहले मैच में मुल्डर ने जिम्बाब्वे के खिलाफ नाबाद 367 रन की विशाल पारी खेली। उन्होंने अपनी टीम की पारी उस समय घोषित कर दी, जब वह महान ब्रायन लारा के 2004 में इंग्लैंड के खिलाफ बनाए गए सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर नाबाद 400 के रिकॉर्ड को तोड़ सकते थे। उन्होंने दो मैचों में 265.50 की औसत से 531 रन बनाए। आईसीसी ने कहा, 'मुल्डर ने गेंदबाजी में भी योगदान दिया तथा 15.28 की औसत से सात विकेट लिए, जिसमें पहले टेस्ट में लिए गए चार विकेट भी शामिल हैं।' आईसीसी ने भारत के खिलाफ स्टोक्स के हरफनमौला प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा, 'उन्होंने 50.20 की औसत से 251 रन बनाए और 26.33 की औसत से 12 विकेट लिए। उन्होंने दबाव की परिस्थितियों में बल्ले और गेंद दोनों से अच्छा प्रदर्शन किया।'

### एशिया कप 2025

## टीम में जगह बनाने की दौड़ में शामिल शुभमन, सुदर्शन और जायसवाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

शुभमन गिल के अलावा यशस्वी जायसवाल और साई सुदर्शन एशिया कप 2025 के लिए भारतीय टीम में जगह बनानने की दौड़ में शामिल हैं, जो 9 सितंबर से शुरू होगा। भारत को सितंबर के अंत में वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज में हिस्सा लेना है, लेकिन इसके बावजूद ये तीनों खिलाड़ी इस टूर्नामेंट के लिए टीम में जगह बनाने की रेस में शामिल हैं।

एशिया कप 2025 के लिए टीम इंडिया का ऐलान अगस्त के तीसरे सप्ताह में किया जा सकता है। हालांकि गिल और यशस्वी ने व्यस्त शेड्यूल की वजह से पिछले कुछ टी20 सीरीज में भारत के लिए नहीं खेले थे, लेकिन इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज के बाद वो एशिया कप के लिए उपलब्ध हो सकते हैं।




### सेलेक्टर्स ने खुले रखे विकल्प

बीसीसीआई के सूत्रों के मुताबिक टीम इंडिया के सेलेक्टर्स ने विकल्प खुले रखे हैं। एशिया कप का फाइनल मैच 28 सितंबर को खेला जाएगा जबकि इसके लगभग एक सप्ताह के अंदर ही वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज शुरू हो जाएगी। वेस्टइंडीज के खिलाफ पहला टेस्ट मैच 2 अक्टूबर से अहमदाबाद में शुरू होगा। गौरतलब है कि जायसवाल ने आईपीएल 2025 में 160 के स्ट्राइक रेट से 559 रन बनाए थे, जबकि गिल ने 15 मैचों में 155 से अधिक के स्ट्राइक रेट से 650 रन बनाए थे। बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया कि अभी पांच हफ्ते का ब्रेक है और कोई क्रिकेट नहीं होने के कारण संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा के शानदार प्रदर्शन के बावजूद इन तीनों को भी टी20 टीम में जगह मिलनी चाहिए।

### 21 दिनों तक चलेगा एशिया कप

एशिया कप 21दिनों तक चलेगा और अगर भारत फाइनल खेलता है तो टीम इंडिया को कुल 6 मैच खेलने होंगे और यहां ज्यादा कार्यभार नहीं है, लेकिन जाहिर है कि एशिया कप के लिए 17 सदस्यीय टीम चुनने की अनुमति दी गई है तो चयनकर्ता विकल्पों पर सावधानी से विचार करेंगे। यूएई की पिचों और 6 महिने के बाद होने वाले टी20 वर्ल्ड कप के ध्यान में रखते हुए यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल और साई सुदर्शन को टॉप क्रम के लिए आजमाना सही विकल्प होगा। इस वक्त साई सुदर्शन, जिन्होंने साल 2023 के अंत में भारत के लिए वनडे डेब्यू किया था वो टी20 प्रारूप में जबरदस्त लय में हैं तो वहीं जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज की उपलब्धता भी काफी अहम होगी। इन दोनों गेंदबाजों के कार्यभार को मैनेज करना काफी अहम होने वाला है क्योंकि एशिया कप के लिए इन खिलाड़ियों को टेस्ट सीरीज में भी हिस्सा लेना है।

### जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप

## मणिपुर और हिमाचल ने किया क्वालीफाई




एजेंसी ▶▶| दकाकीनाडा (आंध्र प्रदेश)

मणिपुर हॉकी, हॉकी उत्तराखंड और तमिलनाडु हॉकी इकाई ने हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप में बुधवार को अपने लीग मैच जीत लिए जबकि हॉकी हिमाचल ने बिहार हॉकी संघ से ड्रॉ खेला। डिवीजन बी मुकाबले के समापन के बाद पूल ए से मणिपुर हॉकी और पूल बी से हॉकी हिमाचल को अगले साल के डिवीजन ए में प्रोमोट किया गया। मणिपुर हॉकी ने असम हॉकी को 3-1 से जबकि हॉकी उत्तराखंड ने हॉकी केरल को 7-0 से हराया। हॉकी हिमाचल ने बिहार हॉकी संघ के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला। तमिलनाडु हॉकी इकाई ने हॉकी अरुणाचल को 5-0 से शिकस्त दी।

डिवीजन ए लीग मैच में हॉकी मध्य प्रदेश और हॉकी झारखंड ने अपने-अपने पूल मैच जीते जबकि हॉकी हरियाणा और उत्तर प्रदेश हॉकी के बीच मुकाबला ड्रॉ रहा। हॉकी मध्य प्रदेश ने हॉकी पंजाब को 4-0 और हॉकी झारखंड ने छत्तीसगढ़ हॉकी को 7-1 से मात दी। हॉकी हरियाणा ने उत्तर प्रदेश हॉकी के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला।

### सब जूनियर हॉकी राष्ट्रीय चैंपियनशिप पंजाब और झारखंड की टीम फाइनल में

**चेन्नई।** पंजाब और झारखंड ने अपने मुकाबले जीत कर 15वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश किया, जहां दोनों एक-दूसरे से भिड़ेंगे। दिन के पहले सेमीफाइनल में पंजाब ने उत्तर प्रदेश को 4-3 से हराया, जिसमें सुखदेव सिंह ने दो गोल दागे जबकि मंदीप सिंह और वरिंदर सिंह ने एक-एक गोल किया। उत्तर प्रदेश के लिए हर्ष प्रताप सिंह, अली शाहरुख और कप्तान केतन कुशवाहा ने गोल किए। दूसरे सेमीफाइनल में झारखंड ने मध्य प्रदेश को 3-1 से हराया। झारखंड के लिए सोरेंग सुमराय, आशीष तानी पूर्ति और जयसन कंडुलना ने गोल किए। मध्य प्रदेश के लिए लव ने गोल किया। उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश बृहस्पतिवार को तीसरे स्थान के लिए आमने-सामने होंगी।

### अनुराग ठाकुर एक बार फिर बीएफआई चुनावों के लिए अयोग्य घोषित

**नई दिल्ली (भाषा)।** पूर्व खेल मंत्री अनुराग ठाकुर को एक बार फिर भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) के चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया गया और 21 अगस्त को होने वाले चुनावों के लिए बुधवार को जारी निर्वाचक मंडल से उनका नाम हटा दिया गया। हिमाचल प्रदेश मुक्केबाजी संघ (एचपीबीए) ने ठाकुर और इसके अध्यक्ष राजेश भंडारी को आम सालाना बैठक (एजीएम) के लिए अपने दो प्रतिनिधियों के रूप में नामित किया था। बैठक का मुख्य एजेंडा 2025-2029 के कार्यकाल के लिए नए पदाधिकारियों का चुनाव कराना है। हालांकि बीएफआई की अंतरिम समिति ने जांच के बाद 66 सदस्यीय निर्वाचक मंडल जारी किया जिसमें ठाकुर का नाम शामिल नहीं था। अप्रैल में विश्व मुक्केबाजी ने महासंघ के दैनिक कार्यों की देखरेख के लिए अंतरिम समिति गठित की थी। फैरुज मोहम्मद की अध्यक्षता वाली अंतरिम समिति के अनुसार ठाकुर का नामांकन 'विश्व मुक्केबाजी द्वारा अनुमोदित बीएफआई के संविधान के अनुच्छेद 20 (तीन) और (सात) का उल्लंघन' है। विश्व मुक्केबाजी द्वारा 18 मई को अनुमोदित संशोधित बीएफआई संविधान के अनुसार अनुच्छेद (तीन) में कहा गया है कि आम परिषद की बैठक में भाग लेने वाला नामित व्यक्ति "बीएफआई को विधिवत सूचित किए गए और बीएफआई पर्यवेक्षक की उपस्थिति में होने वाली चुनावी वार्षिक आम बैठक के दौरान राज्य के सदस्य संघ का निर्वाचित सदस्य होगा।" ठाकुर एचपीबीए के निर्वाचित सदस्य नहीं हैं और 28 मार्च को होने वाले चुनावों से पहले भी इसी आधार पर उनका नामांकन खारिज किया जा चुका है।

### चार मुक्केबाज अंडर 22 एशियाई मुक्केबाजी के फाइनल में

**बैंकॉक (भाषा)।** भारत के चार मुक्केबाज यहां अंडर 22 एशियाई मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के फाइनल में पहुंच गए। नीरज ने दक्षिण कोरिया के योंगहो बांग को पुरूषों के 75 किलो वर्ग में 5.0 से हराया। वहीं पुरूषों के 90 प्लस किलो वर्ग में ईशान कटारिया ने चीन के चेन चेन को मात दी जब तीन दौर के बाद रैफरी ने मुकाबला रोक दिया। महिलाओं के 57 किलो वर्ग में यात्री पटेल ने वियतनाम की थि नुंग क्वांड को 5 . 0 से हराया। प्रिया ने 60 किलो वर्ग में उजबेकिस्तान की ओडिनाखोन इसमोइलोवा को हराया। रॉकी चौधरी का ईरान के सैम एस्ताकी के खिलाफ मुकाबला दूसरे दौर के बाद रोकना पड़ा क्योंकि उनकी दोनों भौहों के ऊपर कट लग गया था। हर्ष (60 किलो) और मयूर (90 किलो) भी अपने अपने प्रतिद्वंद्वियों से हार गए । हर्ष को उजबेकिस्तान के शोहरूह अब्दुमालिकोव ने 5.0 से हराया। वहीं मयूर को उजबेकिस्तान के ही शाखजोद पोल्वोनोव ने मात दी। अंकुश को कजाखस्तान के संजार अली बेगालियेव ने 5.0 से हराया। भावना शर्मा महिलाओं के 48 किलो वर्ग में हार गई जबकि पार्थवी ग्रेवाल (60 किलो), प्रांजल यादव (65 किलो) और श्रुति (75 किलो) को भी सेमीफाइनल में हारकर कांस्य से संतोष करना पड़ा ।

### एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप

## तीसरे दौर में पहुंचे हरीश और अरुण

**चेन्नई।** हरीश प्रकाश और तयिन अरुण ने बुधवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप के अंडर-18 बालक वर्ग के तीसरे दौर में प्रवेश किया। टूर्नामेंट के तीसरे दिन अरुण ने भारतीय प्रतियोगियों में 9.23 से सर्वश्रेष्ठ स्कोर बनाया। उन्होंने थाईलैंड के टिन जॉनसन (9.60 अंक) से पीछे रहकर तीसरे दौर में जगह बनाई। ग्यारह वर्षीय प्रकाश ने भी प्रभावशाली प्रदर्शन किया और मलेशिया के लुकास सैंटियागो (10.57 अंक) के बाद 7.97 अंक हासिल करके तीसरे दौर में जगह बनाई। प्रतियोगिता में तीसरे भारतीय सर्फर प्रह्लाद श्रीराम 4.94 के स्कोर के साथ हीट 6 में तीसरे स्थान पर रहे। अब वह रेपेचेज के दूसरे दौर में प्रतिस्पर्धा करेंगे। चीन के शिदोंग वू (17.34 अंक) और कोरियाई खिलाड़ी कनोआ हीजा (13.10 अंक) पहले दौर शीर्ष प्रदर्शन करने वाले सर्फर रहे। सीनियर पुरुष और महिला वर्ग की प्रतियोगिताएं गुरुवार को फिर शुरू होंगी।

### आईसीसी टेस्ट रैंकिंग : 15वें स्थान पर पहुंचे तेज गेंदबाज

# ओवल टेस्ट में करिश्मा, सिराज ने लगाई लंबी छलांग

एजेंसी ▶▶| दुबई

तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ओवल में इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम टेस्ट में शानदार प्रदर्शन के दम पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की टेस्ट रैंकिंग में गेंदबाजों की सूची में 15वें स्थान पर पहुंच गए, जो उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग भी है। सिराज ने मैच में 9 विकेट लेने के बाद 12 स्थान की छलांग लगाई।

उन्होंने दूसरी पारी में पांच विकेट लिए, जिससे भारत ने मेजबान टीम को रोमांचक मुकाबले में छह रन से हराकर श्रृंखला 2-2 से बराबर की। सिराज की अब तक की सर्वश्रेष्ठ आईसीसी रैंकिंग 16 थी, जो उन्होंने पिछले साल जनवरी में हासिल की थी।

### बुमराह 889 अंकों के साथ शीर्ष पर




भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह 889 अंकों के साथ शीर्ष पर बने हुए हैं। उन्होंने अपने कार्यभार प्रबंधन के तहत इंग्लैंड के खिलाफ केवल तीन टेस्ट मैच खेले। प्रसिद्ध कृष्णा भी करियर की सर्वश्रेष्ठ 59वीं रैंकिंग पर पहुंच गए हैं। उन्होंने दोनों पारियों में चार-चार विकेट लिए। इस तरह से वह और सिराज किसी एक टेस्ट की दोनों पारियों में चार या इससे अधिक विकेट लेने वाली दूसरी भारतीय जोड़ी बन गए। इससे पहले यह उपलब्धि स्पिनर बिशन सिंह बेदी और इरापल्ली प्रसन्ना ने 1969 में दिल्ली में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हासिल की थी।

### जायसवाल शीर्ष पांच में लौटे

भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ओवल में श्रृंखला में अपने दूसरे शतक के बाद टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पांच में लौट आए। जायसवाल तीन स्थान ऊपर पहुंचे और उनके 792 अंक हैं। उनके अलावा शीर्ष 10 में शामिल अन्य भारतीय बल्लेबाज ऋषभ पंत हैं, जो एक स्थान नीचे आठवें स्थान पर खिसक गए हैं। वह पैर की चोट के कारण पांचवां टेस्ट नहीं खेल सके थे।

### रूट की शीर्ष पर स्थिति मजबूत

इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट ने लगातार तीसरा शतक लगाकर बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है, जबकि हैरी ब्रुक फिर से दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने ओवल में दूसरी पारी में 98 गेंद पर 111 बनाए थे। गेंदबाजी में इंग्लैंड के तेज गेंदबाज एटकिंसन और जोश टंग ने भी मैच में आठ-आठ विकेट लेकर करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल की है। एटकिंसन पहली बार शीर्ष 10 में शामिल हुए हैं, जबकि टंग 14 स्थान ऊपर 46वें स्थान पर पहुंच गए हैं।




## खबर संक्षेप



### एरिजोना में क्रैश हुआ विमान, 4 की मौत

**एरिजोना।** अमेरिका के एरिजोना राज्य में नावा जो नेशन क्षेत्र में मंगलवार को एक छोटा मेडिकल ट्रांसपोर्ट विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया और उसमें आग लग गई। इस हादसे में विमान में सवार चार लोगों की मौत हो गई। यह जानकारी नावा जो जनजाति के अधिकारियों ने दी। इस दुर्घटना में शामिल विमान बीचक्राफ्ट किंग एयर 300 था, जो सीएसआई एविएशन कंपनी का था। यह विमान न्यू मैक्सिको के अल्बुकर्क शहर से उड़ा था और उसमें दो पायलट व दो स्वास्थ्य कर्मी सवार थे।

### भारत में 84,000 गेमिंग खातों की जानकारी लीक



**नई दिल्ली।** ऑनलाइन गेम खेलने के बढ़ते चलन के बीच वैश्विक साइबर सुरक्षा और डिजिटल गोपनीयता कंपनी कैस्परस्की ने कहा कि गत वर्ष भारत में 84,000 से ज्यादा ऑनलाइन गेमिंग खातों की जानकारी लीक हुई है। पिछले साल दुनियाभर में 1.10 करोड़ यूजरों की निजी जानकारी लीक होने की घटनाएं सामने आई थीं। रिपोर्ट के अनुसार एशिया-प्रशांत क्षेत्र में यूजरों की जानकारी लीक होने की सबसे ज्यादा 1,62,892 घटनाएं थाईलैंड में हुईं। जबकि, सिंगापुर में सबसे कम 4,262 ऐसी घटनाएं सामने आईं।

### नवरोकी ने पोलैंड के राष्ट्रपति पद की शपथ ली



**वॉरसा।** रूढ़िवादी नेता करोल नवरोकी ने बुधवार को पोलैंड के नए राष्ट्रपति की शपथ ली। जून में हुए दूसरे दौर के चुनाव में नवरोकी ने जीत हासिल की थी। ट्रंप समर्थित नवरोकी (42 वर्षीय) इतिहासकार रहे हैं, जिन्हें चुनाव प्रचार से पहले कोई राजनीतिक अनुभव नहीं था। 2015 से 2023 तक पोलैंड पर शासन करने वाली कंजर्वेटिव लॉ एंड जस्टिस पार्टी में शामिल होने से पहले तक वे किसी राजनीतिक दल के सदस्य भी नहीं थे। नवरोकी को गर्भपात और एलजीबीटीक्यू का विरोधी माना जाता है।

# दोनों देश यूक्रेन संघर्ष में भी रूस से खरीद रहे कई उत्पाद

## भारत ने यूएस-ईयू की आंकड़ों से खोली पोल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रूस से कारोबार को लेकर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार भारत पर भारी-भरकम टैरिफ और जुर्माना लगाने की धमकी दे रहे हैं। भारत ने बीते कुछ महीनों से लगातार अपनी स्वतंत्र विदेश नीति का हवाला देते हुए रूस से तेल और हथियारों की खरीद को लेकर किसी भी दबाव में न झुकने की बात कही है।

भारत ने कहा कि अमेरिका और यूरोपीय संघ (ईयू) रूस-यूक्रेन संघर्ष जारी रहने के बावजूद रूस से अलग-अलग उत्पाद खरीद रहे हैं। भारत ने अमेरिका पर परमाणु कार्यक्रम के लिए उत्पाद खरीदने और ईयू पर ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए रूस से लगातार कारोबार जारी रखने की बात कही। वहीं, मंगलवार को ट्रंप ने कहा कि उन्हें इस बात की कोई जानकारी नहीं है कि अमेरिका रूसी रसायनों और उर्वरकों का आयात करता है। उन्होंने कहा कि मुझे इसके बारे में कुछ नहीं पता। हमें इसकी जांच करनी होगी।

### ◆ यूएस और रूस के बीच कारोबार 5 .2 अरब डॉलर

### ◆ ईयू और रूस के बीच कारोबार 77 .9 अरब डॉलर



### भारत और यूएस के बीच 130 अरब डॉलर का व्यापार

बीते कुछ वर्षों में भारत के लिए अमेरिका सबसे बड़ा आयातक रहा है। दोनों देशों के बीच वित्त वर्ष 2024 में करीब 130 अरब डॉलर का कारोबार हुआ है। इसमें से 87 अरब डॉलर का निर्यात भारत की तरफ से अमेरिका को होता है। वहीं, भारत कुल मिलाकर अमेरिका से 42 अरब डॉलर के उत्पादों का आयात करता है।

**यूएस खरीद रहा फर्टिलाइजर और केमिकल** यूरोपीय संघ की तरह ही अमेरिका भी रूस से कारोबार में जुटा है। 2024 में अमेरिका-रूस का कारोबार करीब 5.2 अरब डॉलर का रहा है। अमेरिका ने अपने परमाणु उद्योग के लिए रूस से यूरेनियम हेक्साफ्लोराइड और इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) उद्योग के लिए पैलेडियम खरीदना जारी रखा है।

### ईयू लंबे समय से रूस का ऊर्जा आयातक

*भारत ने कहा कि 2024 में ईयू और रूस का कारोबार करीब 77.9 अरब डॉलर था, जबकि इस दौरान भारत-रूस का कारोबार 68.7 अरब डॉलर था। यानी ईयू से 9.2 फीसदी कम। ईयू लंबे समय से रूस से सबसे बड़े ऊर्जा आयातकों में से एक रहा है। 2021 में ईयू और रूस का कारोबार करीब 297.4 अरब डॉलर का था। अकेले 2024 में यूरोप ने 1.64 करोड़ टन एलएनजी (लिक्विफाइड नेचुरल गैस) का आयात किया, जो कि उसके 2022 के 1.52 करोड़ टन आयात के पिछले रिकॉर्ड से 9 प्रतिशत ज्यादा है। मौजूदा समय में यूरोप जिन चीजों का आयात रूस से करता है, उसका दो-तिहाई हिस्सा तेल-गैस का है। इसके अलावा ईयू खाद्य पदार्थ, कच्चे पदार्थ, मशीनरी और परिवहन से जुड़े उपकरण भी रूस से खरीदता था।*

### ईयू को तेल निर्यात बंद होने से भारत को होगा नुकसान

दूसरी तरफ यूरोप की तरफ से हाल ही में फैसला किया गया है कि वह न तो रूस से खुद तेल खरीदेगा और न ही दूसरे देशों से रूस से लिए गए रिफाइन किए हुए तेल को खरीदेगा। इससे आने वाले समय में भारतीय रिफाइनरियों को बड़ा नुकसान होने की आशंका है। भारत ने जहां 2019 में यूरोप को 5.9 अरब डॉलर का तेल निर्यात किया था, तो इस वित्त वर्ष में उसने ईयू को 20.5 अरब डॉलर का तेल निर्यात किया। अगर भारत ने रूस से तेल खरीदना बंद कर दिया तो पश्चिम एशियाई देशों से तेल की मांग बढ़ जाएगी। यानी पहले से ही ओपेक में शामिल जो देश यूरोप को बढ़ी हुई मात्रा में तेल सप्लाई कर रहे हैं, उन पर भारत की तेल जरूरतों को पूरा करने का दबाव बनेगा।

## अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप की अचानक घोषणा से अमेरिका में बढ़ी हलचल

# उपराष्ट्रपति वेंस को बताया मागा का 'सबसे संभावित' उत्तराधिकारी

*कहा- वेंस निश्चित रूप से बहुत अच्छा काम कर रहे, विदेश मंत्री मार्को रूबियो हो सकते हैं वेंस के साथी*

डोनाल्ड ट्रंप ने संकेत दिया है कि उपराष्ट्रपति जेडी वेंस उनके मागा आंदोलन के 'सबसे संभावित' उत्तराधिकारी हो सकते हैं, जबकि विदेश मंत्री मार्को रुबियो भी 'किसी न किसी रूप में' उनके साथ जुड़ सकते हैं। हालांकि ट्रंप ने कहा कि उत्तराधिकारियों के बारे में बात करना 'बहुत जल्दी' है, लेकिन वेंस निश्चित रूप से बहुत अच्छा काम कर रहे हैं और इस समय वे शायद सबसे पसंदीदा हैं

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने कार्यकाल के 6 महीने के अंदर ही उत्तराधिकारी की घोषणा करके हड़कंप मचा दिया है। ट्रंप ने अपने सबसे भरोसेमंद साथी और अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस को अपना मेक अमेरिका ग्रेट अगेन (मागा) उत्तराधिकारी अभी से घोषित कर दिया दिया है।

राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि उपराष्ट्रपति वेंस उनके 'सबसे संभावित' मागा उत्तराधिकारी हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने संकेत दिया है कि उपराष्ट्रपति जेडी वेंस उनके मागा आंदोलन के 'सबसे संभावित' उत्तराधिकारी हो सकते हैं, जबकि विदेश मंत्री मार्को रुबियो भी 'किसी न किसी रूप में' उनके साथ जुड़ सकते हैं। हालांकि ट्रंप ने कहा कि उत्तराधिकारियों के बारे में बात करना 'बहुत जल्दी' है, लेकिन वेंस निश्चित रूप से बहुत अच्छा काम कर रहे हैं और इस समय वे शायद सबसे पसंदीदा हैं।



उपराष्ट्रपति जेडी वेंस



विदेश मंत्री मार्को रूबियो

### 40 वर्षीय वेंस ट्रंप के बेहद करीबी

40 वर्षीय जेडी वेंस ट्रंप के बेहद करीबी माने जाते हैं । वह पूर्व मरीन और 2023 से 2025 तक ओहायो के सीनेटर रहे हैं। वह ट्रंप प्रशासन के दूसरे कार्यकाल में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। रुबियो और वेंस उपराष्ट्रपति पद के लिए प्रतिस्पर्धा कर चुके हैं, लेकिन अब वे ट्रम्प की नीतियों को बढ़ावा देने के लिए करीब से काम कर रहे हैं। यह पहली बार है जब अमेरिकी राष्ट्रपति ने वेंस को संभावित उत्तराधिकारी के रूप में संकेत दिया है। ट्रंप ने मई में वेंस और रुबियो दोनों को संभावित उत्तराधिकारी के रूप में नामित किया था।

### रूबियो हो सकते हैं उपराष्ट्रपति के दावेदार

ट्रंप ने कहा कि विदेश मंत्री मार्को रूबियो भी किसी न किसी रूप में जेडी वेंस के साथ जुड़ सकते हैं। ट्रंप ने पहले 2028 के उत्तराधिकारी के लिए किसी भी समर्थन से इनकार किया था। फरवरी में ट्रंप ने कहा था कि वेंस 'बहुत सक्षम' हैं, लेकिन उन्हें प्रमुख उम्मीदवार के रूप में नामित करना अभी 'बहुत जल्दी' है।

### अचानक व्हाइट हाउस की छत पर पहुंचे ट्रंप

## करीब 20 मिनट बिताए, कहा टहलना सेहत के लिए अच्छा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मंगलवार को अचानक व्हाइट हाउस के पश्चिमी विंग की छत पर दिखाई दिए। ट्रंप सुबह में स्टेट डाइनिंग रूम से जुड़े एक दरवाजे से निकले। प्रेस ब्रीफिंग रूम और रोज गार्डन के ऊपर वाली छत पर चले गए। उन्होंने वहां करीब 20 मिनट बिताए और नीचे के मैदान का भी जायजा लिया, जिसमें हाल ही में बना रोज गार्डन का नया रास्ता और बाग-बगीचे का काम भी शामिल था। एक पत्रकार ने पूछा, 'सर, आप छत पर क्यों हैं?' इसके जवाब में ट्रंप ने कहा, 'थोड़ा टहल रहा हूं। ये सेहत के लिए अच्छा होता है।' ट्रंप के साथ कुछ लोग भी थे, जिनमें एक वास्तुकार जेम्स मैकक्रेरी शामिल थे, जो हाल ही में घोषित 20 करोड़ डॉलर की लागत वाली नई बॉलरूम परियोजना पर काम कर रहे हैं।



**पैसे खर्च करने का तरीका ढूंढ रहा**

*ट्रंप धीरे-धीरे चल रहे थे, छत और नीचे के इलाकों की तरफ इशारा करते हुए कुछ बातें कर रहे थे। कई बार वह प्रेस वालों की तरफ मुड़े और हाथ हिलाकर या हाथ से आवाज को जोरदार बनाकर सवालों के जवाब दिए। एक बार उन्होंने कहा कि वह 'देश के लिए पैसे खर्च करने का एक और तरीका' ढूंढ रहे हैं। जब एक पत्रकार ने पूछा कि आप क्या बनाने वाले हैं, तो ट्रंप ने मजाक में कहा, 'परमाणु मिसाइलें।'*

### अमेरिका के रक्षा सहयोग को बड़ा झटका

# नाटो सहयोगी देश स्पेन व पुर्तगाल ने एफ-35 लड़ाकू विमान खरीदी डील की रद्द

*यूरोपीय फाइटर जेट प्रोजेक्ट में शामिल होंगे*



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नाटो का भरोसेमंद सहयोगी स्पेन और पुर्तगाल ने एफ-35 विमानों को खरीदने की योजना को ठंडे बस्ते में डाल दिया है। स्पेन के सरकारी सूत्रों ने बताया कि अमेरिकी कंपनी लॉकहीड मार्टिन के एफ-35 विमानों की डील रद्द कर दी गई है। यह खबर अमेरिका के लिए बड़ा झटका है, क्योंकि एफ-35 को दुनिया का सबसे उन्नत लड़ाकू विमान माना जाता है। लेकिन अब इसके खरीदारों की कमी साफ दिख रही है। स्पेन ने 2023 में अपने रक्षा बजट में नए लड़ाकू विमानों के लिए लगभग 7.24 अरब डॉलर का प्रावधान किया था।

माना जा रहा था कि यह राशि एफ-35 जैसे हाई-टेक विमानों की खरीद में इस्तेमाल होगी। लेकिन इस साल रक्षा क्षेत्र के लिए मिले अतिरिक्त 10.5 अरब यूरो को यूरोप में ही खर्च करने की स्पेन की योजना ने सारी तस्वीर बदल दी। सरकार ने साफ कर दिया कि वह अमेरिकी विमानों के बजाय यूरोपीय रक्षा उपकरणों पर ध्यान देगी। इस फैसले ने अमेरिका की उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

**टैरिफ की धमकी को जवाब**

*स्पेन के समाजवादी पीएम पेड्रो सांचेज ने इस साल की शुरुआत में रक्षा खर्च को बढ़ाकर नाटो के तय 2% जीडीपी लक्ष्य को पूरा करने का वादा किया था। लेकिन जून में हुए नाटो सम्मेलन में उन्होंने खर्च को 5% तक बढ़ाने से साफ इनकार कर दिया। इस बात से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भड़क गए। ट्रंप ने स्पेन को चेतावनी दी कि अगर वह रक्षा खर्च नहीं बढ़ाता, तो उसके सामानों पर अतिरिक्त शुल्क लगाए जाएंगे। ट्रंप की यह धमकी स्पेन के फैसले को और पक्का करने का कारण बनी।*

**सर्वोत्तम विकल्प तलाशेंगे: पुर्तगाली रक्षा मंत्री**

*यूरोपीय देश पुर्तगाल ने भी एफ-35 स्टील्थ फाइटर जेट खरीदने से इनकार कर दिया है। पुर्तगाल, अमेरिकी जेट छोड़कर यूरोपीय फाइटर जेट प्रोजेक्ट में शामिल हो सकता है। पुर्तगाली रक्षा मंत्री नूनो मेलो ने अमेरिकी लड़ाकू विमान एफ-35 खरीदने की संभावनाओं को खारिज कर दिया है।*

## पाक में देश के आधे अफसर भ्रष्टाचारी, पुर्तगाल में खरीद रहे प्रॉपर्टी

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने देश की टॉप ब्यूरोक्रेसी पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने एक्स पर कहा कि पाकिस्तान के आधे से ज्यादा अफसर पुर्तगाल में संपत्ति खरीद चुके हैं और वहां की नागरिकता लेने की तैयारी कर रही है। आसिफ ने कहा कि ये बड़े-बड़े नौकरशाह हैं, जो अरबों रुपए की भ्रष्टाचार करके आराम से रिटायरमेंट की जिंदगी जी रहे हैं। अफसरशाही हमारी जमीन को गंदा कर रही है। उन्होंने दावा किया कि पाकिस्तानी पंजाब के पूर्व सीएम उस्मान बुजदार के करीबी एक सीनियर नौकरशाह को उसकी बेटी की शादी में 4 अरब पाकिस्तानी रुपए की सलामी (गिफ्ट) मिले थे। पुर्तगाल के गोल्डन वीजा प्रोग्राम में इन्वेस्ट करने वालों को आसानी से नागरिकता मिल जाती है। इससे नौकरशाहों के देश छोड़ने का रास्ता आसान हो जाता है।

## यूक्रेन का दावाः भाड़े के चीनी-पाक सैनिक लड़ा रहा रूस, कई देश कर रहे मदद

एजेंसी ▶▶ कीव

चीन और पाकिस्तान का एक और चरित्र यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने उजागर किया है। उन्होंने कहा कि चीन और पाकिस्तान के भाड़े के सैनिक रूसी सेना की तरफ से लड़ रहे हैं। रूस को ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान और अफ्रीकी देशों के भाड़े के सैनिकों का भी समर्थन मिल रहा। यूक्रेन ने कहा कि वह एक क्रूर युद्ध से जूझ रहा है जिसने अनगिनत लोगों की जान ले ली है और लाखों लोगों को विस्थापित किया है। उत्तर कोरियाई सेना के रूस के समर्थन में सीधे संघर्ष में उतरने की खबरें पुष्ट हुई हैं। जेलेंस्की ने खारकीव में अग्रिम पंक्ति के सैनिकों के दौरे पर अपने योद्धाओं से मुलाकात के वक्त यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में हमारे योद्धा चीन, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान, पाकिस्तान व अफ्रीकी देशों के भाड़े के सैनिकों की भागीदारी की रिपोर्ट कर रहे हैं।

### सीडीएस अनिल चौहान का बड़ा बयान

## पाक को जवाब देने 24 घंटे 365 दिन तैयार रहना होगा

### भारत की सैन्य तैयारी उच्च स्तर की हो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने बड़ा बयान दिया है। मंगलवार को दिल्ली में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीडीएस चौहान ने कहा है कि भारत को पाकिस्तान की ओर से किए गए किसी भी तरह की हिंसक कार्रवाई का जवाब देने के लिए तैयार रहना होगा। उन्होंने ये भी कहा है कि आतंकवादी पाकिस्तान के किसी भी हिस्से में छिप नहीं सकते हैं। चौहान ने कहा कि पाकिस्तान के 'पूर्ण-आयामी प्रतिरोध सिद्धांत' को चुनौती देने की जरूरत है। उन्होंने जोर देते हुए कहा है कि भारत की सैन्य तैयारी उच्च स्तर की होनी चाहिए। सेना को चौबीसों घंटे और वर्ष के 365 दिन तैयार रहने की जरूरत है। सीडीएस चौहान ने कहा कि युद्ध और शांति के बीच बहुत कम अंतर है और ऐसा प्रतीत होता है कि युद्ध और शांति एक दूसरे में विलीन हो रहे हैं।



### प्यू रिसर्च सेंटर की रिपोर्ट में चौंकाने वाला खुलासा, 24 देशों में किया सर्वे

# 35 प्रतिशत लोगों ने भारत को बताया अमेरिका का साझेदार

*24 में से 12 देशों ने अमेरिका को माना साझेदार*

*सूची में इजराइल सबसे ऊपर, भारत 12वें स्थान पर*

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका को लेकर एक ही देश में रहने वाले लोगों की अलग-अलग राय है। कोई उसे अपना दोस्त मानता है, जबकि कोई उसे दुश्मन मानता है। इसको लेकर 24 देशों का एक सर्वे सामने आया है। अमेरिका ने दुनिया के कई देशों पर टैरिफ लगाने की घोषणा की है। इस वजह से कई देश खासे नाराज हैं और राष्ट्रपति ट्रंप के फैसले को गलत मान रहे हैं। इस बीच अमेरिकी प्यू रिसर्च सेंटर की रिपोर्ट ने एक डाटा तैयार किया है, जिसमें बताया गया है कि दुनिया के कौन से देश अमेरिका को अपना साझेदार और खतरा मानते हैं। प्यू रिसर्च सेंटर के सर्वे के मुताबिक, 24 देशों में 12 देशों ने अमेरिका को अपना साझेदार माना है। इस लिस्ट में सबसे ऊपर इजराइल है और टॉप 5 में कनाडा, यूके, जापान, और साउथ कोरिया शामिल हैं। सर्वे के मुताबिक, भारत भी अमेरिका को अपना साझेदार मानता है। इस मामले में भारत 12वें स्थान पर आता है। उससे ऊपर अर्जेंटीना, पोलैंड, इटली, ब्राजील, मैक्सिको, ऑस्ट्रेलिया और भारत हैं। सबसे ज्यादा चौंकाने वाली बात ये रही है कि सिर्फ 19 फीसदी लोगों ने रूस को भारत का साझेदार बताया और 35 फीसदी लोगों ने अमेरिका के हक में अपनी बात कही है।




### कइयों का मानना चीन उनके देश के लिए बड़ा खतरा

*सर्वे में शामिल 10 यूरोपीय देशों में से 8 में रूस को सबसे आम खतरा बताया है। फ्रांस, जर्मनी, नीदरलैंड, पोलैंड, स्वीडन और यूनाइटेड किंगडम में लगभग आधे या उससे ज़्यादा वयस्क मानते हैं कि रूस उनके देश के लिए सबसे बड़ा ख़तरा है। अमेरिका और एशिया-प्रशांत क्षेत्र में कई लोग मानते हैं कि चीन उनके देश के लिए सबसे बड़ा ख़तरा है। ऑस्ट्रेलिया और जापान में लगभग आधे वयस्क यही मानते हैं, जबकि दक्षिण कोरिया के लोगों का मानना है कि उत्तर कोरिया के बाद उनके चीन दूसरे नंबर का खतरा है।*

### अमेरिका के लिए कनाडा बड़ा खतरा और सहयोगी भी

प्यू रिसर्च सेंटर की रिपोर्ट के मुताबिक, कई लोग अमेरिका को अपने देश के लिए बड़ा खतरा मानते हैं। इसमें पड़ोसी देश कनाडा और मेक्सिको के साथ-साथ अर्जेंटीना, ब्राज़ील और केन्या लिस्ट शामिल हैं। ये दोनों तरह के हालात में अमेरिका को टॉप पर रखते हैं। कनाडा और ब्रिटेन में लगभग आधे या उससे ज़्यादा वयस्क अमेरिका को अपना सबसे महत्वपूर्ण सहयोगी मानते हैं। 18% अमेरिकी ब्रिटेन को अपना सबसे बड़ा सहयोगी मानते हैं (सबसे आम प्रतिक्रिया) जबकि 12% कनाडा को अपना दूसरा सबसे आम सहयोगी मानते हैं। अर्जेंटीना, ब्राज़ील, कनाडा और मैक्सिको ये सभी देश साउथ और नॉर्थ अमेरिका महाद्वीप में स्थित हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109